# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : बुधवार, 17 जून, 2026 | वर्ष -01 | अंक-121 | पृष्ठ-14 | मूल्य : 01 रु. | ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


## संक्षिप्त खबरें

### इंडोनेशिया में जोरदार भूकंप, 6.8 मापी गई तीव्रता

**इंडोनेशिया।** इंडोनेशिया में आज सुबह जोरदार भूकंप आया. रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 6.8 मापी गई. फिलहाल जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है. सुनामी को लेकर अलर्ट जारी नहीं किया गया है. भूकंप से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है.नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (ठउर) की रिपोर्ट के मुताबिक मंगलवार सुबह इंडोनेशिया में 6.8 मैग्नीट्यूड का तेज भूकंप आया. एक्स पर एक पोस्ट में नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने कहा कि भूकंप सुबह 08:57 पर इंडोनेशिया में 45 किलोमीटर की गहराई पर आया।

### नोएडा एयरपोर्ट से जम्मू और नवी मुंबई के लिए भी उड़ानें शुरू

**नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से मंगलवार को दो नए शहरों के लिए भी उड़ानें शुरू हो गईं। अकासा एयर ने नवी मुंबई और इंडिगो ने जम्मू के लिए उड़ानें शुरू कर दी हैं। एयरलाइंस ने केक काटकर पहली उड़ान की शुरूआत की। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से अकासा नोएडा एयरपोर्ट से विमान शुरू करने वाली दूसरी एयरलाइंस है। अकासा एयर ने आज से नवी मुंबई और बेंगलुरु के लिए उड़ानें शुरू की हैं। एयरलाइंस की पहली उड़ान नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट से सुबह 7:25 बजे रवाना हुई और सुबह 9:35 बजे नोएडा एयरपोर्ट पहुंची।

### अमेरिका के कैलिफोर्निया में बी-52 बॉम्बर क्रैश, 8 की मौत

**कैलिफोर्निया।** अमेरिका के कैलिफोर्निया स्थित एडवर्ड्स एयरफोर्स बेस पर सोमवार सुबह बी-52 बॉम्बर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अमेरिकी वायुसेना के मुताबिक, विमान में सवार सभी 8 लोगों के मारे गए हैं।अमेरिकी वायुसेना के मुताबिक, विमान नियमित परीक्षण उड़ान पर था। सुबह करीब 11.20 बजे टेकऑफ के तुरंत बाद विमान नीचे गिरा और उसमें आग लग गई।मृतकों में वायुसेना के जवान और विमान परीक्षण से जुड़े विशेषज्ञ शामिल थे। फिलहाल दुर्घटना की वजह साफ नहीं है।

### ममता ने भवानीपुर सीट पर हार को कलकत्ता हाईकोर्ट में चुनौती दी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भवानीपुर विधानसभा सीट के चुनाव नतीजे को कलकत्ता हाईकोर्ट में चुनौती दी है। उन्होंने कोर्ट से चुनाव परिणाम की वैधता की जांच करने की मांग की है। ममता मंगलवार को खुद याचिका दाखिल करने हाईकोर्ट पहुंचीं। उन्होंने याचिका में कहा कि चुनाव गलत तरीके से हुआ है। 12 राउंड की काउंटिंग के बाद इलेक्शन एजेंट और मुझे पीटा गया और बाहर कर दिया गया। भवानीपुर सीट पर भाजपा के शुभेंदु अधिकारी ने ममता बनर्जी को 15,105 वोटों से हराया था।

### आधार कार्ड का इस्तेमाल सिर्फ पहचान के लिए हो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को केंद्र और राज्यों से उस याचिका पर जवाब मांगा जिसमें आरोप लगाया गया है कि आधार कार्ड का इस्तेमाल नागरिकता, मूल निवास और पते के सबूत के तौर पर गलत तरीके से किया जा रहा है। याचिका में मांग की गई है कि इसके इस्तेमाल को सिर्फ पहचान की पुष्टि (आइडेंटिटी वेरिफिकेशन) तक ही सीमित रखने के निर्देश दिए जाएं। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस वी. मोहना की बेंच ने वकील अश्विनी कुमार उपाध्याय की याचिका पर केंद्र, सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी किया।

# मां मुंडेश्वरी धाम में पर्यटकों के लिए बनेगा हेलीपैड व रोप-वे : मुख्यमंत्री

## कैमूरवासियों को सीएम ने दी 60 विकास योजनाओं की सौगात

**पटना/कैमूर (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी मंगलवार को कैमूर जिले के भगवानपुर प्रखंड अंतर्गत पहाड़िया पंचायत स्थित मां मुंडेश्वरी धाम धर्मशाला के समीप आयोजित सहयोग शिविर कार्यक्रम में शामिल हुए। सहयोग शिविर कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल पर आवेदकों के प्राप्त किये जा रहे आवेदनों का सीएम ने जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्वयं आवेदकों से आवेदन प्राप्त कर उनकी समस्याएं भी सुनीं तथा 30 दिनों के अंदर उनके आवेदन निष्पादित होने का

### सहयोग शिविर कार्यक्रम में शामिल होकर सुनी आमजनों की समस्याएं

भरोसा दिया। इस दौरान सीएम ने रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर विभिन्न विभागों की 196.06 करोड़ रुपये लागत की 60 विकास योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 162.69 करोड़ रुपये की लागत से 20 योजनाओं का शिलान्यास तथा 33.36 करोड़ रुपये की लागत से 40 योजनाओं का उद्घाटन शामिल है। वहीं विभिन्न योजनाओं के लाभुकों को स्वीकृत राशि का सांकेतिक चेक एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम सम्राट ने कहा कि हमलोगों ने जनता की समस्याओं के समाधान हेतु सहयोग शिविर कार्यक्रम शुरू किया है। सहयोग पोर्टल के माध्यम से भी लोग अपनी शिकायतें दर्ज करा रहे हैं। अब तक पूरे बिहार से 3 लाख 3 हजार 678 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 2 लाख 61 हजार 628 आवेदनों का निष्पादन निर्धारित समय सीमा 30 दिनों के अंदर किया जा चुका है, जो प्राप्त आवेदनों का औसतन 90 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि अब तक सहयोग शिविर कार्यक्रम से संबंधित 8,942 पदाधिकारियों को पहला नोटिस, 153 पदाधिकारियों को दूसरा नोटिस, जबकि एक पदाधिकारी को तीसरा नोटिस मुख्यमंत्री कार्यालय से निर्गत किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सासाराम मां ताराचंडी और कैमूर मां मुंडेश्वरी भवानी से जुड़ा हुआ पवित्र स्थल है। इस इलाके में हेलीपैड विकसित किया जाएगा ताकि श्रद्धालु एवं पर्यटक आसानी से यहां आवागमन कर सकें। उन्होंने कहा कि मां मुंडेश्वरी भवानी मंदिर का जीर्णोद्धार काफी समय से नहीं हुआ है। मंदिर का जीर्णोद्धार कराया जाएगा, साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु यहां रोप-वे की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी। बरसात के बाद अगली बार जब मेरा यहां कार्यक्रम होगा तो रोप-वे लगाने के कार्य का शिलान्यास किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि एनडीए के सभी कार्यकर्ता लोगों की समस्याओं के समाधान हेतु उन्हें सहयोग शिविर कार्यक्रम से जोड़कर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं, इससे जनता का सरकार के प्रति भरोसा और बढ़ेगा। कार्यक्रम को उच्च शिक्षा सह विधि मंत्री एवं कैमूर जिला के प्रभारी मंत्री संजय सिंह टाइगर, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मो. जमा खान ने भी संबोधित किया।




### सीवान में बोले सीएम सम्राट चौधरी-30 दिन में काम नहीं तो निलंबन, अपराधी को बिहार छोड़ना होगा

**सीवान (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को पचरुखी प्रखंड के पपौर पंचायत में आयोजित 'सबका सम्मान, जीवन आसान' सहयोग शिविर में हिस्सा लेते हुए जिले को 415.18 करोड़ रुपये की 44 विकास योजनाओं की सौगात दी। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि जनता के आवेदन का 30 दिनों के भीतर निपटारा नहीं करने वाले कर्मी और पदाधिकारी 31वें दिन निलंबित कर दिए जाएंगे। विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सहयोग शिविर व्यवस्था देश में अपनी तरह की अनूठी पहल है। उन्होंने कहा कि 30 दिनों में जनता का काम हर हाल में पूरा करना सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने बिहार में सुशासन और कानून व्यवस्था पर जोर देते हुए कहा कि अपराधी किसी जाति या धर्म का हो, उसे बख्शा नहीं जाएगा। "अपराधी को या तो बिहार छोड़ना पड़ेगा या फिर जेल जाना पड़ेगा। अपराध के लिए अब कोई जगह नहीं बची है।

### मुख्य बिंदु

- सहयोग शिविर कार्यक्रम में अब तक 2 लाख 61 हजार 628 आवेदनों का निष्पादन
- 8,942 को पहला, 153 को दूसरा और एक पदाधिकारी को तीसरा नोटिस निर्गत

### मां मुंडेश्वरी भवानी मंदिर में सीएम ने की पूजा-अर्चना

मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार कैमूर पहुंचे मुख्यमंत्री ने सबसे पहले मां मुंडेश्वरी भवानी मंदिर में पूजा अर्चना कर राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। इस दौरान मां मुंडेश्वरी भवानी मंदिर न्यास समिति से जुड़े लोगों ने मुख्यमंत्री को अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर उनका अभिनंदन किया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, नेताओं एवं जिला प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर तथा फूलों की बड़ी माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया।

# 16 महीने बाद साथ दिखे मोदी व ट्रंप, अब होगी ट्रेड डील फाइनल

**नई दिल्ली/एवियन (एजेंसी)।** पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के बीच फ्रांस के एवियन शहर में जी-7 समिट के दौरान मुलाकात हुई। दोनों के बीच करीब 5 मिनट तक बात हुई। मीटिंग में दोनों एक-साथ बैठे नजर आए। यह मुलाकात 16 महीनों के बाद हुई है। प्रधानमंत्री और अमेरिकी राष्ट्रपति जी-7 आउटरीच सेशन में भी साथ-साथ बैठे नजर आए। दोनों की पिछली मुलाकात फरवरी 2025 में व्हाइट हाउस में हुई थी। जी

जी-7 समिट के लिए मंगलवार दोपहर एवियन पहुंचने पर मोदी का फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने स्वागत किया। जी-7 के देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने ग्रुप फोटो भी खिंचवाई। इसी बीच मोदी और इटालियन पीएम जॉर्जिया मेलोनी की बातचीत भी हुई। मेलोनी ने मोदी से कहा-दोबारा मिलकर अच्छा लगा, हम इंस्टाग्राम पर सबसे फेमस हैं। मोदी पिछले महीने 5 देशों के दौरे पर गए थे। जहां उन्होंने रोम में पीएम मेलोनी को मेलोडी टॉफी दी थी। जिसका वीडियो वायरल हो गया था।

**मोदी ट्रम्प की मीटिंग कल, ट्रेड डील पर चर्चा हो सकती है :** पीएम मोदी और अमेरिकी प्रधानमंत्री ट्रम्प कल 17 जून की शाम 6:30 बजे द्विपक्षीय मीटिंग करेंगे। इस दौरान ट्रेड डील पर चर्चा हो सकती है। व्हाइट हाउस के एक बयान के मुताबिक भारत-अमेरिका के बीच टैरिफ, निवेश और रणनीतिक साझेदारी से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हो सकती है।

**जी-7 क्या है, इसमें कौन-कौन से देश हैं :** जी-7 यानी ग्रुप ऑफ सेवन, दुनिया के उन 7 देशों का समूह है, जिन्हें दुनिया की 'मॉडर्न इकोनॉमी' वाला देश कहा जाता है। इनमें अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन, जापान, इटली, कनाडा और जर्मनी शामिल हैं। इसकी शुरूआत 1975 में जी-6 के रूप में हुई थी। 1976 में कनाडा के जुड़ने के बाद यह जी-7 बन गया। 1998 में रूस को शामिल कर इसका नाम जी-8 कर दिया गया, लेकिन 2014 में यूक्रेन के क्रीमिया क्षेत्र पर रूस के कब्जे के बाद उसे समूह से बाहर कर दिया



### पीएम मोदी बोले-साझेदारी सम्मान पर आधारित होनी चाहिए, निर्भरता पर नहीं

**एवियन (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि आज के समय में आपसी भरोसा ही सबसे बड़ी रणनीतिक ताकत है। उन्होंने फ्रांस के एवियन में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन के आउटरीच सत्र में अपने विचार साझा करते हुए यह बात कही। विदेश मंत्रालय के अनुसार, प्रधानमंत्री ने कहा कि आज की दुनिया में ऊर्जा, खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य, साइबर सुरक्षा और आर्थिक सुरक्षा एक-दूसरे से जुड़ी हुई हैं। ऐसे में मानवता की प्रगति और समृद्धि के लिए देशों के बीच मजबूत साझेदारी बनाना बहुत जरूरी है।प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर लिखा, "दुनिया पहले से कहीं ज्यादा आपस में जुड़ी और एक-दूसरे पर निर्भर हो गई है। ऐसे समय में यह विषय और भी महत्वपूर्ण हो जाता है, लेकिन कोई भी साझेदारी तभी सफल हो सकती है जब उसकी नींव भरोसे पर टिकी हो।"उन्होंने कहा कि आज की अनिश्चित दुनिया में व्यापार और तकनीक का इस्तेमाल कई बार संकीर्ण स्वार्थों के लिए किया जा रहा है।

# बेतिया में आरटीपीएस काउंटर क्लर्क15 हजार घूस लेते धराया

**बेतिया (एनएसबी)।** पटना से आई निगरानी की टीम में मंगलवार की सुबह 11:00 बजे के आसपास बेतिया सदर अंचल कार्यालय में रिश्वत लेते डेटा एंट्री ऑपरेटर को गिरफ्तार कर लिया।

15 हजार रुपये के साथ रंगेहाथ डेटा एंट्री ऑपरेटर राजकुमार को निगरानी की टीम गिरफ्तार कर पटना लेकर चली गई।वह बेतिया अंचल के बरवत परसाइन गांव निवास बालेशश्वर कुमार से जमाबंदी ट्रांसफर करने के लिए रिश्वत ले रहे थे। डेटा एंट्री ऑपरेटर सीओ (अंचल अधिकारी) के कार्यालय में ही रिश्वत ले रहे थे।भूमि स्वामी बालेश्वर कुमार में बताया कि बरवत परसाइन में उनकी ढाई धुर जमीन है। जमीन की जमाबंदी लॉक हो गई है। यह लॉक जब तक खुलेगा नहीं तब तक जमाबंदी ट्रांसफर नहीं होगी।सीओ के डोंगल से जमाबंदी से लॉक हटाया जा सकता है। लॉक हटाने के लिए डेटा ऑपरेटर ने 15 हजार रुपये रिश्वत की मांग की थी। बताया था कि इसमें सीओ की हिस्सेदारी है। जब तक राशि दी नहीं जाएगी तब तक लोक हटेगा नहीं।जांच में रिश्वत मांगने की पुष्टि होने के बाद पटना से डीएसपी श्यामबाबू कुमार के नेतृत्व में नौ सदस्यीय निगरानी की टीम मंगलवार की सुबह में पहुंची।



### राबड़ी देवी ने आवास खाली करने के लिए एक माह की मांगी समय

**पटना (एनएसबी)।** पूर्व मुख्यमंत्री और बिहार विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी ने सरकारी आवास खाली करने के लिए सरकार से एक महीने का अतिरिक्त समय मांगा है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को लेटर लिखा है।राबड़ी देवी ने अपने पत्र में राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव की स्वास्थ्य का भी हवाला दिया है। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों ने लालू यादव को संक्रमण के खतरे को देखते हुए परिवार के अन्य सदस्यों से अलग रहने की सलाह दी है। इसी कारण 10 सर्कुलर रोड स्थित आवास में उनके लिए विशेष रूप से एक अलग कमरा तैयार कराया गया है।राबड़ी देवी ने सरकार से अनुरोध किया है कि 39 हार्डिंग रोड स्थित आवास में भी लालू यादव की सेहत को देखते हुए अलग कमरे और जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

## स्वास्थ्य मंत्रालय का बड़ा

# अब बिना डॉक्टर की पर्ची के नहीं मिलेगा कफ सिरप

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देशभर में कफ सिरप की खरीद-बिक्री को लेकर नया नियम आया है. अब बिना प्रिस्क्रिप्शन के कफ सिरप की बिक्री पर रोक लग गई है. अब तक खांसी होने पर ऐसे ही कफ सिरफ दुकान से मिल जाता था. इसके लिए किसी प्रिस्क्रिप्शन की जरूरत नहीं होती थी. मगर अब किसी भी अस्पताल या दवा दुकान पर बिना डॉक्टर की पर्ची के कफ सिरप नहीं मिल पाएगा. कफ सिरप को लेकर स्वास्थ्य मंत्रालय ने बड़ा फैसला लिया है. स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस बाबत एक नोटिफिकेशन जारी किया है. इसके तहत अब बिना प्रिस्क्रिप्शन कफ सिरप नहीं मिलेगा।

दरअसल, अब कफ सिरप समेत विभिन्न औषधीय सिरप खरीदने के लिए डॉक्टर की पर्ची अनिवार्य होगी. केंद्र सरकार ने ड्रग्स रूल्स यानी औषधि नियम 1945 में संशोधन किया है। इसके तहत सिरप की ओवर-द-काउंटर (OTC) बिक्री पर रोक लगाने का फैसला किया है. यह नियम शहर में पहले से है। अब गांवों में भी इसे लागू कर दिया गया है. इसका मतलब है कि गांव से लेकर शहर तक में अब सख्ती हो गई. नए नियम लागू होने के बाद फामेर्सी से सिरप खरीदने के लिए पंजीकृत चिकित्सक द्वारा जारी प्रिस्क्रिप्शन दिखाना जरूरी होगा. सरकार का कहना है कि यह कदम दवाओं के दुरुपयोग को रोकने और मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है.जी हां, केंद्र सरकार ने दवाओं से जुड़े नियमों में अहम बदलाव किया है. स्वास्थ्य मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर औषधि नियम, 1945 में संशोधन किया है. नए नियमों के तहत अनुसूची के (Schedule K) में शामिल दवाओं की सूची से सिरप शब्द हटा दिया गया है. इसका मतलब है कि अब कुछ सिरप दवाएं उन विशेष छूटों के दायरे में नहीं आएंगी, जो पहले अनुसूची के के तहत मिलती थीं. वहीं, जो कफ सिरप हैं, उसकी बिक्री के लिए डॉक्टर की पर्ची को अनिवार्य कर दिया गया है।




# गयाजी व गोपालगंज में फिर एनकाउंटर

## गया में 45 लाख लूट मामले में दो अपराधियों को पैर में पुलिस ने मारी गोली

**गयाजी/गोपालगंज (एनएसबी)।** बिहार के 2 शहरों में आज पुलिस की अपराधियों के साथ मुठभेड़ हुई। गयाजी में ज्वेलरी शॉप से 48 लाख की लूट में शामिल 2 अपराधियों के पैर में गोली लगी है। इस दौरान लूट का सोना भी बरामद हुआ है।लूटकांड के मुख्य आरोपी सुजीत चौधरी के पैर में 3 गोलियां लगी हैं। दूसरे अपराधी मल्लाह के पैर में एक गोली लगी है। दोनों को मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां भारी सुरक्षा के बीच इलाज चल रहा है।

वहीं गोपालगंज जिले के श्रीपुर थाना क्षेत्र में सोमवार की देर रात वाहन जांच के दौरान शराब तस्करों और पुलिस के बीच हुई मुठभेड़ में एक दारोगा घायल हो गए, जबकि जवाबी कार्रवाई में एक कथित शराब तस्कर के जबड़े में गोली लग गई। घायल तस्कर की हालत गंभीर बताई जा रही है और उसे बेहतर इलाज के लिए पटना पीएमसीएच रेफर किया गया है। घटना श्रीपुर थाना क्षेत्र के बंशी बतरहा गांव के समीप की है। जानकारी के अनुसार, श्रीपुर पुलिस उत्तर प्रदेश से आने वाले वाहनों की सघन जांच कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो में शराब की खेप लेकर तस्कर गोपालगंज की ओर आ रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने बंशी बतरहा गांव के पास वाहन को रोकने का प्रयास किया। बताया जाता है कि वाहन की तलाशी के लिए जैसे ही ड्यूटी पर तैनात दारोगा संतोष कुमार स्कॉर्पियो के पीछे पहुंचे, वाहन में सवार तस्करों ने अचानक स्कॉर्पियो को बैक गियर में तेज गति से दौड़ा दिया। इससे दारोगा संतोष कुमार वाहन की चपेट में आकर सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद तस्कर मौके से भागने लगे। एसएसपी सुशील कुमार ने बताया, 'सोमवार रात करीब 12:00 बजे पुलिस को सूचना मिली थी। गुरूआ डकैती कांड से जुड़े अपराधी किसी बड़ी साजिश को अंजाम देने के लिए मूवमेंट कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने जाल बिछाया। आमस थाना क्षेत्र के बनाही बालू घाट के पास घेराबंदी की गई।



### गोपालगंज में शराब तस्कर के जबड़े में मारी बुलेट दारोगा भी घायल

# नीट पुनर्परीक्षा के मद्देनजर भारत में टेलीग्राम प्लेटफॉर्म पर 22 तक रोक

## 21 को परीक्षा, 22 जून तक एप काम नहीं करेगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) की 21 जून को होने वाली पुनर्परीक्षा को सुरक्षित और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए केंद्र सरकार ने भारत में टेलीग्राम प्लेटफॉर्म पर 22 जून तक अस्थाई रोक लगा दी है। यह कदम संगठित नकल और साइबर धोखाधड़ी गिरोहों की अभ्यर्थियों को ठगने तथा पेपर लीक की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए उठाया गया है।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने कहा है कि भारत में टेलीग्राम प्लेटफॉर्म पर सीमित अवधि के लिए प्रतिबंध लगाने और उसके संदेश संपादन (मैसेज एडिटिंग) फीचर पर रोक लगाने का निर्णय लिया गया है। एनटीए ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 69अ के तहत जारी निर्देशों के अनुसार भारत में टेलीग्राम की पहुंच 22 जून तक सीमित रहेगी। इसके अलावा प्लेटफॉर्म को 30 जून तक भारत में पहले से पोस्ट किए गए संदेशों के संपादन की सुविधा निष्क्रिय करने के निर्देश दिए गए हैं। एजेंसी ने बताया कि भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी), गृह मंत्रालय, विभिन्न राज्यों की पुलिस और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) पिछले कई सप्ताह से टेलीग्राम पर सक्रिय फर्जी चैनलों, समूहों और बॉट्स के खिलाफ कार्रवाई कर रहे थे। एनटीए के अनुसार कई ऐसे चैनल हटाए गए, जो नीट प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने के नाम पर अभ्यर्थियों और उनके परिवारों से हजारों से लेकर लाखों रुपये तक की मांग कर रहे थे। बयान में कहा गया कि पेपर लीक नीट, री-नीट 2026, प्राइवेट माफिया और री नीट माफियाजैसे नामों से संचालित चैनल कथित तौर पर पुनर्परीक्षा का प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने का दावा कर रहे थे, जबकि परीक्षा का प्रश्नपत्र सुरक्षित परीक्षा श्रृंखला से बाहर उपलब्ध नहीं है और ऐसे सभी दावे पूरी तरह धोखाधड़ी हैं। एनटीए ने यह भी कहा कि टेलीग्राम के संदेश संपादन फीचर का दुरुपयोग कर कुछ मामलों में परीक्षा संपन्न होने के बाद वास्तविक प्रश्नपत्र को पुराने संदेशों में जोड़कर उसे पहले से उपलब्ध होने का झूठा प्रमाण प्रस्तुत किया गया।



# बिहार पर्यटन विभाग हेरिटेज डेस्टिनेशन एडिटर्स च्वाइस श्रेणी में सम्मानित

**पटना/ एनएसबी।** गोवा में आयोजित इंडिया टुडे टूरिज्म समिट एंड अवार्ड 2026 में बोधगया को हेरिटेज डेस्टिनेशन एडिटर्स च्वाइस श्रेणी में सम्मानित किया गया।



प्रतिष्ठित सम्मान केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, मुख्यमंत्री, गोवा डा. प्रमोद सावंत द्वारा बिहार के पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता को प्रदान किया गया।

यह प्रतिष्ठित सम्मान केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, मुख्यमंत्री, गोवा डा. प्रमोद सावंत द्वारा बिहार के पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता को प्रदान किया गया।

इस अवसर पर विभिन्न राज्यों के माननीय पर्यटन मंत्रीगण, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, पर्यटन विशेषज्ञ एवं देशभर से आए अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

पर्यटन मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि यह उपलब्धि बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक, आध्यात्मिक एवं ऐतिहासिक विरासत को राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है।

# एमएलसी बना तो हर स्नातक बेरोजगार को दिलाऊंगा पांच लाख : रजनीश

**अररिया / पटना (दैनिक नवसंदेश)।** मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित टाउन हल में कोशी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र बिहार विधान परिषद चुनाव 2026 में पंजीकृत जिले के लगभग दस हजार स्नातक मतदाताओं के जागरूकता के उद्देश्य से मतदाता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस संवाद कार्यक्रम का उद्धघाटन पूर्णिया विश्वविद्यालय पूर्णिया के अधिषद सदस्य कोशी पुत्र प्रख्यात शिक्षाशास्त्री रजनीश रंजन, विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के निदेशक, रेडियो ईस्ट एन वेस्ट की महानिदेशिका मनीषा रंजन, प्राथमिक शिक्षक संघ अररिया के जिला अध्यक्ष अब्दुल कुदुस सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित शुभारंभ किया।

रेडियो ईस्ट एन वेस्ट की महानिदेशिका सह बीएनएमयु की सीनेट सदस्या मनीषा रंजन ने कहा कि अररिया के स्नातक मतदाताओं के स्वागत से बहुत अभिभूत हूं। आप सभी ने जिस प्रकार भावी एमएलसी रजनीश रंजन जी में आस्था दिखाते हुए इस भीषण गर्मी में उपस्थित होकर आशीर्वाद दिया है, इसे ताउम्र नहीं भुलाऊंगी। मैं सीमांचल की बेटी हूं आप सभी से आंचल फैलाकर आशीर्वाद मांगने आई हूं।

संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रजनीश



शिक्षाशास्त्री रजनीश रंजन।

रंजन ने कहा कि कोशी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र अररिया जिला के समस्त मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करता हूं कि आप सभी ने हमारे निमंत्रण को स्वीकार कर इस जेठ महीने के इस भीषण गर्मी में हजारों की संख्या में उपस्थित होकर जिस प्रकार से हमारा अभिनंदन करते हुए अपना आशीर्वाद और प्यार दिया है, मैं इसे ऋण मानते हुए लेकर जाऊंगा ,वक्त आने पर अररिया को सुद समेत वापस करूंगा। उन्होंने संवाद के दौरान अपना सात निश्चय सदन के सामने रखा, जिसमें पहला निश्चय को गिनाते हुए बेरोजगार युवाओं कों स्वरोजगार हेतु ब्याज रहित 5 लाख रुपए अनुदान ऋण का प्रावधान को प्रमुखता से गिनाया, दूसरे निश्चय के तहत एक पाठ्यक्रम एक वेतनमान को लागू कराते हुए वित्त रहित कलंक को समाप्त करने की बात कही, तीसरे निश्चय के तहत सभी स्नातकों के हेतु जीवन सुरक्षा वीमा लागू करने को अपनी प्राथमिकता बताया, चौथे निश्चय के तहत सभी कोटि के शिक्षकों अधिवक्ताओं, पत्रकारों, संविदा कर्मियों एवं बेरोजगार स्नातकों को स्वास्थ्य सुरक्षा हेतु कैश लेस इलाज की व्यवस्था देने की मांग को अपना मुद्दा बताया, पांचवा निश्चय के तहत रजनीश रंजन ने सभी कोटि के वकालतखानों के आधारभूत संरचना का सदृढ़ीकरण एवं अधिवक्ताओं हेतु हेल्थ वेलेंस सेंटर की स्थापना को अपना चुनावी मुद्दा उठाया, छठे निश्चय के तहत प्रमंडलीय पुस्तकालय के संरचना को सुदृढ़ कराने के साथ साथ जिला अनुमंडल तथा प्रखंड स्तर पर पुस्तकालय एवं ई लाईब्रेरी के स्थापना को सामिल किया गया। अपने सातवें निश्चय में बेरोजगार स्नातकों हेतु मासिक भते को लागू करना अपना चुनावी निश्चय को गिनाया। आयोजित संवाद कार्यक्रम में उपस्थित ातक मतदाताओं के घ्सवाल का जबाव देते हुए रजनीश रंजन ने कहा कि एम एलसी बनने के बाद अररिया में फनेशवर नाथ रेणु जी के नाम पर शोध केन्द्र की स्थापना उनकी प्राथमिकता में शामिल होगा। उन्होंने कहा कि वित्तरहित महाविद्यालय अनुदान को वेतनमान में बदलने का कार्य भी करूंगा।

## खबरें : एक नजर में

### आज पटना सहित राज्य भर के सभी जिला मुख्यालयों पर राष्ट्रीय जनता दल का धरना

**पटना / एनएसबी।** बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि 17 जून को पटना सहित राज्य भर के सभी जिला मुख्यालयों पर राष्ट्रीय जनता दल की ओर से महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार, बेरोजगारी, बढ़ती महंगाई,संगठित भ्रष्टाचार, लुट , गिरती विधि व्यवस्था , गरीबों पर हो रहे जुल्म और आम जनों के ज्वलंत मुद्दों पर विशाल धरना दिया जाएगा। एजाज ने बताया कि बुधवार को पटना के गर्दनीबाग सहित राज्य भर के सभी जिला मुख्यालयों पर व्यापक एवं प्रभावकारी रूप से विशाल धरना दिया जाएगा। इस धरना कार्यक्रम में पार्टी के सभी सांसद, विधायक, विधान पार्षद के साथ वरिष्ठ नेता , राष्ट्रीय, प्रदेश, जिला के पदाधिकारियों सहित जिला भर के सभी सक्रिय कार्यकर्ता और नेता भाग लेंगे। धरना में आम जनों की भी बड़ी भागीदारी होगी।

### राजद के शासनकाल में दंगा, दहशत नरसंहार और एनडीए के शासनकाल में कानून का राज : हिमराज

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** जदयू के प्रदेश प्रवक्ता हिमराज राम, और जदयू के प्रदेश प्रवक्ता परिमल कुमार ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि बिहार में अपराध को लेकर बेबुनियाद आरोप लगाने वाले तेजस्वी यादव को पहले अपने दल के शासनकाल का आकलन करना चाहिए। उन्होंने कहा


हिमराज राम।

कि वर्ष 1990 से 2005 तक का आरजेडी शासनकाल पूरे देश में जंगलराज के नाम से जाना जाता था, जहां हत्या, लूट, अपहरण और फिरौती की घटनाएं आम थीं। हिमराज राम ने दावा किया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में कानून का राज स्थापित हुआ है और अपराध नियंत्रण के लिए लगातार प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अपराध और भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टालरेंस की नीति पर काम कर रही है तथा अपराधियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। जदयू प्रवक्ता ने विपक्ष द्वारा प्रस्तुत अपराध के आंकड़ों को भ्रामक बताते हुए कहा कि जनता बिहार के अतीत और वर्तमान दोनों को अच्छी तरह जानती है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष राजनीतिक लाभ के लिए कानून-व्यवस्था के मुद्दे को बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर रहा है। उधर, कानून-व्यवस्था को लेकर विपक्ष लगातार सरकार को घेरने में जुटा है। ऐसे में बिहार की सियासत में यह मुद्दा आने वाले दिनों में और गर्माने के संकेत मिल रहे हैं।

### सड़क दुर्घटना में डाटा एंट्री ऑपरेटर के निधन पर शोक सभा आयोजित

**अररिया/ पटना (दैनिक नवसंदेश)।** भूमि सुधार उप समाहर्त्ता कार्यालय, अररिया में पदस्थापित डाटा एंट्री ऑपरेटर कौशल कुमार मंडल का 15 जून 2026 को एक सड़क दुर्घटना में असामयिक निधन हो गया। उनके निधन पर जिला प्रशासन की ओर से गहरी संवेदना व्यक्त की गई है। दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी, अररिया के निर्देश पर समाहरणालय स्थित उनके कार्यालय कक्ष के बरामदे में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा ईश्वर से उनके परिजनों को इस दुख की घड़ी में धैर्य एवं संबल प्रदान करने की कामना की।

# अश्लील, द्विअर्थी एवं जातिसूचक गीतों के विरुद्ध सख्त पहल, कला एवं संस्कृति विभाग ने गृह विभाग को पत्र भेज , नियंत्रण को कहा

दैनिक नवसंदेश

**पटना।** बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोक परंपराओं एवं सामाजिक सौहार्द को प्रभावित करने वाले अश्लील, द्विअर्थी एवं जातिसूचक गीतों के प्रसारण पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने की दिशा में कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार सरकार ने महत्वपूर्ण पहल की है। विभाग द्वारा गृह विभाग को पत्र प्रेषित कर ऐसे गीतों के सार्वजनिक प्रसारण पर सख्त निगरानी एवं आवश्यक कार्रवाई का अनुरोध किया गया है।

उल्लेखनीय है कि कला एवं संस्कृति विभाग का दायित्व संभालने के तुरंत बाद ही मंत्री डा. प्रमोद कुमार ने इस विषय को गंभीर चिंता का विषय बताते हुए सार्वजनिक रूप से कहा था कि बिहार की सांस्कृतिक पहचान, लोकभाषाओं और लोक परंपराओं की गरिमा के साथ किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा था कि अश्लीलता, सामाजिक विद्वेष एवं जातीय वैमनस्य को बढ़ावा देने वाले गीतों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना समय की आवश्यकता है तथा संबंधित प्रशासनिक तंत्र को इस दिशा में ठोस कदम उठाने को कहा है ।

मंत्री के निर्देश के आलोक में कला एवं संस्कृति विभाग ने इस विषय पर विस्तृत समीक्षा करते हुए गृह विभाग को आवश्यक कार्रवाई हेतु पत्र भेजा है। विभाग का मानना है कि कला और संस्कृति समाज को जोड़ने तथा सकारात्मक सामाजिक चेतना विकसित करने का माध्यम हैं।


डा. प्रमोद कुमार ।

**पदभार ग्रहण करते ही मंत्री डा. प्रमोद कुमार ने अश्लील एवं सामाजिक वैमनस्य फैलाने वाले गीतों पर कड़ी आपत्ति जताई थी**

**लोक संस्कृति की गरिमा एवं सामाजिक सौहार्द की रक्षा हेतु गृह विभाग को भेजा गया पत्र**

**सभी जिलाधिकारियों एवं पुलिस अधीक्षकों को प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए निर्देश प्रेषित**

ऐसे में अश्लील, द्विअर्थी एवं जातिसूचक सामग्री का अनियंत्रित प्रसारण न केवल सांस्कृतिक मूल्यों को आहत करता है, बल्कि सामाजिक समरसता के लिए भी चुनौती उत्पन्न करता है।

विभाग द्वारा गृह विभाग को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि राज्य के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों, बाजारों, वाहनों, विवाह समारोहों तथा अन्य सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों में अश्लील, द्विअर्थी एवं जातिसूचक भावनाओं को भड़काने वाले गीतों का प्रसारण चिंता का विषय है । यह प्रवृत्ति न केवल सामाजिक वातावरण को दूषित कर रही है, बल्कि समाज में सौहार्द, शालीनता एवं सांस्कृतिक मूल्यों को भी प्रभावित कर रही है। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि ऐसे गीतों का महिलाओं, बच्चों एवं युवाओं पर विशेष रूप से नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। सार्वजनिक स्थलों पर इस प्रकार की सामग्री का प्रसारण सामाजिक मर्यादाओं के विरुद्ध है तथा इससे समाज में गलत संदेश प्रसारित होता है। विभाग ने कहा है कि बिहार की समृद्ध लोक संस्कृति, लोककलाओं एवं लोकभाषाओं की प्रतिष्ठा को बनाए रखने के लिए इस प्रकार की प्रवृत्तियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जाना आवश्यक है।

कला एवं संस्कृति विभाग ने गृह विभाग से अनुरोध किया है कि राज्य में अश्लील, द्विअर्थी एवं जातिसूचक भावनाओं को भड़काने वाले गीतों के प्रसारण पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक प्रशासनिक एवं विधिक कार्रवाई की जाए। इस संबंध में सभी जिलाधिकारियों एवं पुलिस अधीक्षकों को भी आवश्यक निर्देश प्रेषित किए गए हैं, ताकि जिला स्तर पर प्रभावी निगरानी एवं अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके।

# संस्कृति मंत्रालय की फेलोशिप के लिए सात रंगकर्मियों का चयन, मंत्री डा प्रमोद कुमार ने दी बधाई


मंत्री डा. प्रमोद कुमार।

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार सरकार के मंत्री डा. प्रमोद कुमार ने संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा घोषित वरिष्ठ एवं कनिष्ठ फेलोशिप के लिए सात रंगकर्मियों के चयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। चयनित कलाकारों में वरिष्ठ फेलोशिप के लिए वरिष्ठ रंगकर्मी शारदा एवं कृष्णलाल का चयन किया गया है। वहीं कनिष्ठ फेलोशिप के लिए मृत्युंजय शर्मा, राजीव रंजन, सिकंदर, सचिन कुमार एवं अनुप्रिया का चयन हुआ है। मंत्री डा. प्रमोद कुमार ने कहा कि यह उपलब्धि रंगमंच और सांस्कृतिक क्षेत्र में कार्यरत कलाकारों की साधना, समर्पण और सृजनात्मक प्रतिभा का सम्मान है। संस्कृति मंत्रालय द्वारा प्रदान की जाने वाली फेलोशिप कलाकारों और शोधकर्ताओं को अपने विषय पर गहन अध्ययन, शोध एवं सृजनात्मक कार्य करने का अवसर प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि कला और संस्कृति समाज की आत्मा होती है तथा कलाकार हमारी सांस्कृतिक विरासत के संवाहक हैं। ऐसे सम्मान और फेलोशिप कलाकारों को नई ऊर्जा प्रदान करते हैं तथा युवा पीढ़ी को कला के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। मंत्री ने सभी चयनित कलाकारों के उज्ज्वल भविष्य एवं सफल सृजनात्मक यात्रा की कामना करते हुए उन्हें पुनः हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# हिन्दी के लिए संघर्षरत अधिवक्ता विधि परिषद का कोप-भाजन बन रहा

**हिन्दी-प्रेमियों में रोष, पीड़ित अधिवक्ता ने धोखाधड़ी का लगाया आरोप, की सीबीआई से जाँच की मांग**

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** पटना उच्च न्यायालय में हिन्दी में हो काम-काज, इसलिए वर्षो से संघर्षरत अधिवक्ता इंद्रदेव प्रसाद पर विधि परिषद का कोप बरस रहा है। आरोप है कि बिहार का महाधिवक्ता कार्यलय और विधि परिषद, श्री प्रसाद को महाधिवक्ता कार्यालय में विधि-पदाधिकारी के पद से हटाने और अधिवक्ता पंजीयन को समाप्त करने के लिए, दस्तावेजों में हेरफेर तथा पारित आदेश में छेड़-छाड़ कर रही है। पीड़ित अधिवक्ता ने फर्जी-आदेश निकालने का भी आरोप लगाया है तथा इसकी जाँच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो से कराने की मांग की है।

इसे संज्ञेय अपराध बताते हुए पीड़ित ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो के निदेशक को उनके पोर्टल पर और ईमेल से लिखित शिकायत दर्ज करायी है तथा निर्देशानुसार ब्यूरो के पटना कार्यालय के प्रमुख प्रांजल रुंगला के समक्ष उपस्थित होकर, उनके प्रश्नों का उत्तर भी दिया है। पीड़ित अधिवक्ता ने ब्यूरो से जाँच के लिए आदेश निर्गत करने हेतु, भारत के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और कार्मिक विभाग, भारत सरकार से भी आग्रह किया है, जिसकी पंजीयन संख्या- पी एम ओ जी / ई / 2026/0101620 है।


अधिवक्ता इंद्रदेव प्रसाद।

हिन्दी-प्रेमी अधिवक्तागण एवं अनेक हिन्दी संस्थाएँ, पीड़ित अधिवक्ता के पक्ष में खड़ी हुई हैं तथा संघर्षरत एक अधिवक्ता को भयभीत करने तथा मानसिक-आर्थिक आघात पहुँचाने के इस कुचक्र की निन्दा की हैं। इन संस्थाओं ने सरकार से आग्रह किया है कि वह अपेक्षित और समुचित हस्तक्षेप करे तथा पीड़ित अधिवक्ता को न्याय प्रदान करे। उनका मत है कि भारत के मुख्य न्यायाधीश को भी इस विषय का संज्ञान लेना चाहिए, क्योंकि यह विषय न्याय देने और दिलाने वाली संस्थाओं पर भी प्रश्न चिन्ह लगाता है। यह इसलिए भी आवश्यक है कि आम भारतीय जनता को जिस न्यायपालिका पर भरोसा है, उस पर अविश्वास उत्पन्न न हो।

हस्तक्षेप का आग्रह करने वालों में, अखिल भारतीय अधिवक्ता कल्याण समिति के अध्यक्ष और वरीय अधिवक्ता धर्मनाथ प्रसाद यादव, वैश्विक हिन्दी सम्मेलन, मुंबई के निदेशक डा मोतीलाल गुप्ता, अखिल भारतीय भाषा संरक्षण संगठन, दिल्ली के अध्यक्ष डा हरपाल सिंह राणा, बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डा अनिल सुलभ, हिन्दी सेवा निधि, इटावा के महासचिव और वरिष्ठ अधिवक्ता प्रदीप कुमार, हिन्दी शिक्षा संघ, अस्ट्रेलिया के अधिकारी सुभाष शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता डा उमा शंकर सिंह, भारतीय भाषा अभियान के राष्ट्रीय संरक्षक अशोक मेहता, शिक्षा नीति न्यास के सचिव अतुल भाई कोठारी, विद्वान अधिवक्ता डा अजीत कुमार, उच्चतम न्यायालय के अधिवक्ता उमेश शर्मा के नाम सम्मिलित हैं।

# कर्मचारी प्रतिनिधिमंडल ने महापौर से की मुलाकात

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** पटना नगर निगम संयुक्त कर्मचारी समन्वय समिति के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश सिंह के नेतृत्व में निगम कर्मियों के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को महापौर श्रीमती सीता साहू से उनके कार्यालय कक्ष में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने महापौर का पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया तथा नगर निगम के दैनिक मजदूरों की वेतन वृद्धि संबंधी महत्वपूर्ण निर्णय के लिए उनका हार्दिक आभार व्यक्त किया।

बैठक के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने निगम के दैनिक मजदूरों एवं कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों को महापौर के समक्ष विस्तारपूर्वक रखा। विशेष रूप से दैनिक मजदूरों के नियमितीकरण तथा कर्मचारियों को देय एसीपी एमएसीपी लाभों पर लगी रोक के विषय में गंभीर चर्चा की गई। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि इन दोनों मुद्दों का सीधा संबंध कर्मचारियों के भविष्य, सेवा सुरक्षा एवं आर्थिक हितों से है, इसलिए इनका शीघ्र समाधान अत्यंत आवश्यक है।




प्रतिनिधिमंडल ने महापौर से आग्रह किया कि दैनिक मजदूरों के नियमितीकरण तथा एसीपी एमएसीपी पर लगी रोक को हटाने संबंधी प्रस्ताव को सशक्त स्थायी समिति एवं निगम पर्षद से अनुमोदित कराकर विभाग को भेजने की आवश्यक पहल की जाए, ताकि कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित मांगों का सकारात्मक समाधान सुनिश्चित हो सके।

महापौर श्रीमती सीता साहू ने प्रतिनिधिमंडल की सभी बातों को गंभीरता एवं धैर्यपूर्वक सुना। उन्होंने कर्मचारियों की समस्याओं और मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन देते हुए कहा कि निगम प्रशासन कर्मचारियों के हितों के प्रति संवेदनशील है तथा संबंधित विषयों पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने के लिए उचित कदम उठाए जाएंगे।

बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई और प्रतिनिधिमंडल ने कर्मचारियों के हितों के प्रति महापौर की सकारात्मक सोच एवं सहयोगात्मक दृष्टिकोण के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

### नगर आयुक्त ने पार्षदों के साथ किया वार्ड संख्या 21, 28 एवं 37 का किया निरीक्षण

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** पटना नगर निगम के नगर आयुक्त ने मंगलवार को नूतन राजधानी अंचल अंतर्गत वार्ड संख्या 21, 28 एवं 37 का स्थलीय निरीक्षण कर जलनिकासी, साफ-सफाई एवं नाला प्रबंधन से संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान आर-ब्लक स्थित वीर कुंवर सिंह पार्क के समीप पुराने नाले की कम क्षमता के कारण उत्पन्न होने वाली जलजमाव की समस्या पर चर्चा की गई। वर्तमान में नगर निगम द्वारा पंप सेट के माध्यम से जलनिकासी कराई जाती है। समस्या के तात्कालिक समाधान हेतु सड़क किनारे कच्चे नाले का निर्माण कर उसे सर्पेंटाइन नाले से जोड़ने का निर्देश दिया गया। इसी क्रम में चंद्रकला गली में चौंबर खुलवाकर साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया, जिसकी स्थिति संतोषजनक पाई गई। नेहरू नगर गोलंबर के समीप निरीक्षण के दौरान स्थानीय पार्षद द्वारा अवगत कराया गया कि ठेले पर खाद्य सामग्री बेचने वाले कुछ दुकानदारों एवं आसपास के होटलों द्वारा चौंबर खोलकर अपशिष्ट डाला जाता है। इसके कारण नियमित सफाई के बावजूद चौंबर जाम हो जाते हैं तथा जलनिकासी व्यवस्था प्रभावित होती है। ऐसे दुकानदारों एवं प्रतिष्ठानों की पहचान कर उनके विरुद्ध जुर्माना लगाने का निर्देश दिया गया। साथ ही अंचल स्तर पर विशेष टीम गठित कर निरंतर निगरानी एवं कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।

## खबरें खास-खास

### नवगीतिका समर कैंप की हुई शुरुआत


समर कैंप का उद्‌घाटन बिहार की प्रसिद्ध शिक्षाविद डा. जूली बनर्जी, समाज सेवी शालिनी सिंह , रानी गुप्ता, नीतू सिंह, आरती मिश्रा, चंद्रभूषण सिंह तथा संस्था की सचिव नीतू कुमारी नवगीत ने किया।

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** सांस्कृतिक संस्था नवगीतिका लोक रसधार द्वारा बच्चों के लिए समर कैंप की रंगारंग शुरुआत की गई। समर कैंप का उद्‌घाटन बिहार की प्रसिद्ध शिक्षाविद डा. जूली बनर्जी, समाज सेवी शालिनी सिंह , रानी गुप्ता, नीतू सिंह, आरती मिश्रा, चंद्रभूषण सिंह तथा संस्था की सचिव नीतू कुमारी नवगीत ने किया। इस अवसर पर नीतू कुमारी नवगीत ने बताया कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान बच्चों को विविध कलाओं का प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से समर कैंप का आयोजन किया किया गया है जिसमें मुख्य फोकस लोक नृत्य और लोकगीतों पर रहेगा। उन्होंने कहा कि बिहार की लोक संस्कृति काफी समृद्ध है और नई पीढ़ी को बिहार की परंपरागत संस्कृति से जोड़ कर रखना है। समर कैंप में बच्चों का प्रशिक्षण पूरी तरह से निःशुल्क रहेगा। प्रशिक्षण के लिए कई नामचीन कलाकारों और लोक गायको ने भी निःशुल्क देने सेवा देने पर सहमति दी है।

### प्रेम की न कोई मंजिल, न कोई गंतव्य है : पाठक

**मुंबई (दैनिक नवसंदेश)।।** प्रेम सच में एक झरना है। यह शुद्ध एक भावना है। इसकी कोई मंजिल नहीं।इसका कोई गंतव्य नहीं। प्यार में कुछ खोना या पाना नहीं होता।यह तो एक बहती धारा है। यह विचार कथाकार, पत्रकार हरीश पाठक ने चित्रनगरी संवाद मंच द्वारा पहले सत्र सृजन संवाद के अंतर्गत कथाकार, शिक्षाविद व पट कथाकार डा रवींद्र कात्यायन की कहानी प्यार एक झरना है के कथा पाठ के बाद हुए विमर्श में व्यक्त किए। वे ही मुख्य


चित्रनगरी संवाद मंच के सृजन संवाद में कथाकार, शिक्षाविद व पट कथाकार।

विमर्श कार थे। कथा पाठ स्वयं लेखक ने किया। अपनी बात रखते हुए पाठक ने कहा, कैफे, संचालिका, कथावाचक , सारा, अरमान और अंत में विवेक के जरिए डिजिटल दुनिया की भूमिका का जो सच कहानी में उतरा है वह अतुलनीय है। वह ऑफलाइन दुनिया में उसे ऑनलाइन ढूंढ रही थी। यही आज का सच है। दूसरे सत्र में रचना पाठ के अंतर्गत अभिनेता दिनेश शाकुल, विविध भारती की पूर्व कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती कमलेश पाठक, प्रदीप गुप्ता, सविता दत्त, प्रज्ञा, यशपाल यश, कमर हाजीपुरी, शिवदत्त अक्स, राजीव, रोहित, राजेश ऋतुपर्ण और देवमणि पाण्डेय ने रचना पाठ व गायिका नाजनीन व गायक आकाश ठाकुर ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी। धरोहर के अंतर्गत सुभाष काबरा ने हिंदी कहानी की परंपरा पर अपने विचार रखे। संचालन देवमणि पाण्डेय ने किया।

### सात दिवसीय योग यात्रा -25 की शुरुआत हुई

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** पटना के हनुमान नगर स्थित संगीत शिक्षायतन में ऊं के दिव्य उच्चारण के साथ इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ योगा एंड डांस रिसर्च सेंटर की ओर से योग यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। 15 जून 2026 से 21जून 2026 तक चलने वाली योग यात्रा के आज दूसरे दिन प्रशिक्षुओं ने प्राणायाम की विशेष विधि अनुलोम विलोम, कपाल भांति ,भस्त्रिका, उज्जयिनी का अभ्यास किया। योग आसन में सुखासन, अर्द्ध पद्मासन, पद्मासन, मत्स्यासन, जानूशीर्षासन आदि का अभ्यास किया। तथा साथ ही आसान के लाभ और अवधारणाओं को योग गुरु अभिषेक कुमार ने विस्तार से समझाया।जबकि योग यात्रा कार्यशाला के पहले दिन शांति मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र का जाप किया गया।घ नाद को अलग अलग सप्तक से उच्चारण का अभ्यास किया गया था तथा प्रशिक्षुओं ने योग की अवधारणा को समझा था। लगभग 22 प्रशिक्षु योग कार्यशाला में शामिल है। 21 जून 2026 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस तथा विश्व संगीत दिवस के अवसर पर योग, योग नृत्य और संगीत की प्रस्तुति होगी।


योग यात्रा का आयोजन।

### राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने विशाल दफ्तुआर के पत्र पर एसएसपी, पटना को नोटिस जारी किया

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राजधानी के ज्ञान बिन्दु कोचिंग सेंटर के निदेशक रोशन आनंद को न्याय दिलाने के लिये भारत के मशहूर अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार कार्यकर्ता विशाल रंजन दफ्तुआर ने पहल की है।इस संदर्भ में 10 जून को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग,नई दिल्ली को भेजे गये उनके पत्र पर पर त्वरित कारवाई करते हुये एसएसपी,पटना को नोटिस जारी किया गया है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, नई दिल्ली के सदस्य प्रियंक कानूनगो की अध्यक्षता में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की खंडपीठ ने इस संवेदनशील मामले में मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम,1993 की धारा 12 के तहत संज्ञान लिया है। आयोग ने माना है कि शिकायत में लगाये गये आरोप प्रथम ष्टया पीड़ित के मानवाधिकारों के उल्लंघन प्रतीत होते हैं। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग,नई दिल्ली ने एसएसपी, पटना को इस मामले की जांच करके दो सप्ताह के भीतर आयोग के पास जांच रिपोर्ट भेजने का आदेश दिया है। वैश्विक स्तर की संस्था ह्युमन राइट्स अम्ब्रेला फाउंडेशन- एचआरयूएफ के फाउंडर चेयरमैन और मशहूर अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार कार्यकर्ता विशाल रंजन दफ्तुआर ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को भेजे गये पत्र में लिखा है कि पटना के ज्ञान बिन्दु कोचिंग संस्थान के निदेशक रोशन आनंद को फैजल खान की शह पर पटना पुलिस के द्वारा एक आपराधिक मामले में गलत तरीके से फंसाया गया और स्थानीय कदम कुंआ थाना पुलिस के द्वारा उन्हें मनमाने ढंग से गिरफ्तार कर लिया गया। विशाल दफ्तुआर ने लिखा है कि 02/06/ 2026 को पीएस कदम कुंआ, पटना, बिहार में एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी जिसमें आरोप लगाया गया था कि आरोपी कोचिंग निदेशक से जुड़े कुछ लोग दूसरे कोचिंग सेंटर( खान ग्लोबल स्टडीज) पर हमले, तोड़फोड़ और धमकी में शामिल थें।लेकिन उचित जांच और प्रत्यक्ष सबूत के अभाव के बावजूद पुलिस ने हत्या के प्रयास सहित कई दंडात्मक प्रावधान लागू किए गये और एफआईआर दर्ज होने के कुछ घंटों के भीतर कोचिंग निदेशक रोशन आनंद को गिरफ्तार कर लिया गया। एचआरयूएफ चेयरमैन ने लिखा है कि गिरफ्तार रोशन आनंद किडनी की बीमारी से पीड़ित हैं और पुलिस की कारवाई एकपक्षीय,मनमाना, और उग्रता पूर्ण और पीड़ित रोशन आनंद के मानवाधिकारों और मौलिक अधिकारों का उल्लंघन थी।

**रोशन आनंद को न्याय दिलाने के लिये एचआरयूएफ चेयरमैन ने एनएचआरसी को 10 जून को पत्र लिखा था**

**शिकायत में लगाये गये आरोप प्रथम दृष्टया सत्य प्रतीत होते हैं : राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग**

**एसएसपी,पटना को दो सप्ताह के भीतर जांच रिपोर्ट भेजने का आदेश**

## संक्षिप्त खबरें

### जनमानस की समस्याओं के समाधान के लिए सरकार प्रतिबद्ध : ईश्वर मंडल



**मनीगाछी (एनएसबी)।** शहर से सटे धोई घाट, सोनकी एवं मनीगाछी प्रखंड के रघेपुरा पूर्वी तथा रघेपुरा दक्षिणी पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर का उद्घाटन दरभंगा ग्रामीण विधायक सह जदयू जिलाध्यक्ष राजेश कुमार उर्फ ईश्वर मंडल ने किया।इस अवसर पर विधायक श्री मंडल ने शिविर में उपस्थित आम लोगों, किसानों, मजदूरों एवं गरीब-गुरबा परिवारों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। सहयोग शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं, सुविधाओं एवं सेवाओं से जोड़ना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है।कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि परितोष यादव, मुरारी मोहन मिश्र, दीपक झा, सरपंच संतोष ठाकुर,मानिक मंडल मुखिया, प्रमोद ठाकुर,चंदन झा, मोहम्मद अब्दुल कलाम, वीरेंद्र साहनी, समीम अशरफ, मोहम्मद अब्बास, हरिमोहन मिश्रा, सामाजिक कार्यकर्ता, पंचायत प्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### बेनीपुर-मनीगाछी सड़क की गुणवत्ता की जांच शुरू, जगह-जगह हुई खुदाई

**बेनीपुर (एनएसबी)।** ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा नव निमार्णाधीन बेनीपुर-मनीगाछी सड़क की गुणवत्ता को लेकर मंगलवार को बड़ा एक्शन हुआ। राज्य गुणवत्ता प्रबंधन के अधिकारी वीरेंद्र पूर्वे ने सड़क निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया। समाचार लिखे जाने तक जांच जारी थी।जांच के दौरान टीम ने सड़क की कई जगहों पर खुदाई कर गिट्टी, मेटल और तारकोल की परत की मोटाई तथा गुणवत्ता की बारीकी से जांच की। सड़क के कोर सैंपल भी लिए गए, जिन्हें लैब में टेस्ट के लिए भेजा जाएगा। मौके पर मौजूद ग्रामीण कार्य विभाग के एसडीओ सुनील कुमार ने बताया, फिलहाल जांच चल रही है। गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा। बुधवार को भी इसी सड़क की आगे जांच की जाएगी।" जांच के दौरान निर्माण कार्य से जुड़े संवेदक भी मौजूद रहे। गौरतलब है कि बेनीपुर से मनीगाछी को जोड़ने वाली यह सड़क क्षेत्र के लिए लाइफलाइन मानी जाती है। स्थानीय लोगों द्वारा लगातार सड़क की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठाए जा रहे थे। शिकायत के बाद विभाग हरकत में आया है।स्थानीय निवासी महेश यादव ने कहा, "सड़क नई बनी है पर कई जगह दरारें दिखने लगी थीं। जांच हो रही है तो उम्मीद है कि आगे काम सही होगा। विभागीय सूत्रों के अनुसार, जांच रिपोर्ट आने के बाद अगर मानक के अनुरूप काम नहीं मिला तो संवेदक पर कार्रवाई तय है। रिपोर्ट के आधार पर ही भुगतान की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।

### पत्रकारों व मानवाधिकार कार्यकर्ताओं पर झूठे मुकदमे के खिलाफ मानवाधिकार संगठन

**दरभंगा (एनएसबी)।** पत्रकारों, मानवाधिकार कार्यकताओं एवं समाजसेवियों पर आए दिन झूठे मुकदमे दर्ज कर जेल भेजने व प्रताड़ित करने की घटनाओं के विरोध में भारतीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन एवं मानवाधिकार इमरजेंसी हेल्पलाइन के संयुक्त तत्वावधान में शिव गार्डन रिसॉर्ट, मब्बी-शोभन रोड स्थित सभागार में एक आपात प्रेस वार्ता आयोजित की गई।पत्रकार से दुर्व्यवहार का मामला संगठन ने बताया कि हाल ही में केवटी प्रखंड के प्रखंड स्तरीय पत्रकार विजय कुमार गुप्ता पर मुकदमा दर्ज किया गया। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने उन्हें भोजन करते समय जबरन उठाकर अपराधियों जैसा व्यवहार किया, जो मानवाधिकार का घोर उल्लंघन है। संगठन ने कहा कि ऐसी घटनाएं लोकतंत्र के लिए शर्मनाक है। मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने घोषणा की कि इस पूरे मामले को लेकर बिहार के मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक एवं राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, नई दिल्ली को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा जाएगा। दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की जाएगी भारतीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार, प्रदेश संयुक्त सचिव सुनील भारती, मानवाधिकार इमरजेंसी के प्रमंडल अध्यक्ष मनोहर कुमार प्रमंडल प्रभारी डॉ. विजय सक्सेना, जिला अध्यक्ष उमाकांत यादव, सदस्य रामभरोस ठाकुर, पत्रकार राजेश प्रसाद उर्फ राजू सिंह उदय कुमार,संजय कुमार रोशन कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### विधान पार्षद सुनील चौधरी के आवास पर पथ निर्माण मंत्री का हुआ भव्य अभिनंदन



**मनीगाछी (एनएसबी)।** बिहार विधान परिषद सदस्य सुनील चौधरी के नेहरा स्थित आवास पर बिहार सरकार के पथ निर्माण विभाग के मंत्री एवं दरभंगा के प्रभारी मंत्री कुमार शैलेन्द्र का आगमन हुआ। विधान पार्षद श्री चौधरी ने मंत्री का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष विनय पासवान, जिला महामंत्री संजय सिंह,पूर्व प्रमुख मनोज मिश्रा,सुधांशु शेखर चौधरी सहित पार्टी के दर्जनों पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस दौरान क्षेत्र के विकास एवं जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा की। बैठक के दौरान क्षेत्र में चल रही विकास योजनाओं, सड़क एवं आधारभूत संरचना के विस्तार, जनसुविधाओं के सुदृढ़ीकरण तथा आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। साथ ही संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों एवं जनसंपर्क अभियान को लेकर भी चर्चा की गई। मंत्री कुमार शैलेन्द्र ने कार्यकताओं एवं स्थानीय लोगों से संवाद करते हुए सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा विकास कार्यों को और गति देने के लिए अपने संकल्प को दोहराया। उ सरकार आम जनता की समस्याओं के समाधान एवं क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

### कचड़े के ढेर पर लगा बेनीपुर का साप्ताहिक हाट, नगर परिषद बना मूकदर्शक

**सफाई कर्मियों की लगातार नौ दिनों से चल रही हड़ताल से नरक में तब्दील हुआ बेनीपुर नगर परिषद**

**बेनीपुर (एनएसबी)।** नगर परिषद बेनीपुर के सफाई कर्मियों की 9 दिनों से जारी अनिश्चितकालीन हड़ताल के कारण पूरा शहर कचरे के ढेर में तब्दील हो गया है। हालात इतने बदतर हैं कि मंगलवार को मुख्य बाजार में लगे साप्ताहिक हाट में व्यापारियों को कचरे के ढेर पर ही दुकानें सजानी पड़ीं।हाट के दिन आशापुर ,बहेड़ा मुख्य बाजार में सब्जी, फल और अन्य सामान बेचने वाले अधिकांश दुकानदार कूड़े के अंबार पर ही बैठे नजर आए। ग्राहकों को खरीदारी के लिए बदबू और गंदगी के बीच भारी मशक्कत करनी पड़ी। कई जगह कचरे के कारण रास्ता तक बंद हो गया।स्थानीय दुकानदार मून चून साह, आम प्रकाश आदि ने कहा, "9 दिन से बाजार में झाड़ू तक नहीं लगी। कचरा उठाने वाला कोई नहीं है। मजबूरी में गंदगी पर ही दुकान लगानी पड़ रही है। बीमारी फैलने का डर है, लेकिन पेट पालने के लिए बैठना मजबूरी है।लोगों में नगर प्रशासन के खिलाफ भारी आक्रोश है। स्थानीय निवासी सुमन कुमार का कहना है, "मुख्य बाजार का यह हाल है तो वार्डों की स्थिति का अंदाजा लगाइए। नगर प्रशासन सफाई कर्मियों के अड़ियल रवैये के आगे पूरी तरह पंगु साबित हो रहा है। न नगर परिषद सुन रहा है, न अनुमंडल प्रशासन संज्ञान ले रहा है।इस संबंध में स्वच्छता पदाधिकारी इंद्रजीत पाल से पूछने पर उन्होंने कहा, "सफाई कर्मी अपनी मांगों पर अड़े हुए हैं। बुधवार को कार्यपालक पदाधिकारी की मौजूदगी में फिर से वार्ता की जाएगी। समाधान निकालने की कोशिश जारी है।

# बिचौलिए की दंश से बचाने के लिए मुख्यमंत्री ने पंचायत स्तर पर सहयोग शिविर लगाने का लिया निर्णय : कुमार शैलेंद्र

**पथ निर्माण मंत्री सह जिला के प्रभारी मंत्री ने कहा 30 दिनों में समाधान नहीं तो संबंधित पदाधिकारी पर कार्रवाई तय**

**अलीनगर (एनएसबी)।** सामान्य कार्यों के लिए भी लंबी दूरी तय कर प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगाने को मजबूर जनमानस की समस्या का निदान कराने के उद्देश्य से हमारे मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पंचायत स्तर सहयोग शिविर लगाने का निर्णय लिया। जिसमें आनेवाली समस्याओं का निदान तीस दिनों के अंदर करने का प्रावधान है, अन्यथा की स्थिति में संबंधित अधिकारी पर सीधे कारवाई होगी। उक्त बातें मंगलवार को नरमा नवानवगर पंचायत के नरमा स्थित पंचायत सरकार भवन में आयोजित सहयोग शिविर में आमलोगों को संबोधित करते हुए पथ निर्माण सह जिला प्रभारी मंत्री कुमार शैलेन्द्र ने कही।उन्होंने कहा कि बिचौलिए की दंश से बचाने के लिए सीएम ने इस शिविर के माध्यम से अप्रत्यक्ष रूप से सीधे जनता की समस्या से रु-ब-रु हो रहे हैं।



नरमा नवानगर पंचायत के सहयोग शिविर में मंत्री कुमार शैलेंद्र, मुखिया अनुराधा सिंह, भाजपा नेता पप्पू सिंह एवं अन्य

आज भी गांवों में सामान्य एवं गरीब परिवार के बच्चे केवल माता-पिता की समझदारी के अभाव में नहीं पढ़ रहे हैं जिसके कारण वैसा परिवार सम्मानजनक प्रतिष्ठा के साथ जीवन यापन नहीं कर पा रहे हैं। इसलिए सभी लोग कम खाना खाएं, चाय-पान और होटल की नाश्ता में खर्च करने के बदले अपने बेटा और बेटी की पढ़ाई में खर्च करें ताकि आपका वही संतान इज्जत के साथ अपना जीवन यापन कर आपके परिवार और समाज का नाम रौशन करें। सरकार ने पहले पंचायत स्तर पर हाई स्कूल खोलने के बाद अब प्रखंड स्तर पर डिग्री कॉलेज की स्थापना कर शिक्षा व्यवस्था को और भी सुदृढ़ करने की दिशा में अनोखा काम किया है। वहीं अधिकारियों से भी कहा कि आप काफी मेहनत के बाद यहां तक पहुंचे हैं, ऐसे में आपको जनमानस की सेवा मे बेहतर कार्य करते रहने की आवश्यकता है। वहीं स्थानीय व भाजपा नेता संजय सिंह उर्फ पप्पू सिंह के कहने पर कि गरीबों के घरों में बिजली बिल भुगतान होने में विलंब की स्थिति में इस भीषण गर्मी में भी बिजली काट देना उचित नहीं है। जिसपर मंत्री ने जेई से साफ तौर पर कहा कि इस भीषण गर्मी में किसी भी परिस्थिति में बिजली नहीं काटें और काटे हैं तो आज ही चालू कराएं। बिल जमा कराने में दिक्कत हो रही है तो किस्त में वसूली करें। इससे पूर्व स्थानीय मुखिया अनुराधा सिंह ने संबोधित करते हुए जनमानस की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए कहा कि हरसिंगपुर से नवानगर, नरमा होते हुए कसरौर ज्वालामुखी मंदिर तक बननेवाली सड़क का कार्य पिछले एक दशक से बाधित है। जिस मार्ग में में कमला नदी के फटकी घाट का जर्जर पुल जिसे मजबूरन बंद करना पड़ा उसका निर्माण कराने की आवश्यकता है। महिनाम से भाया पकड़ी, धमुआरा होते हुए ठेंगहा सड़क, बिरौल से नरमा, अलीनगर होते हुए गरौल सहित अन्य कई जर्जर सड़कों का उद्धार कराने की मांग किया। मौके पर एसडीएम अभिषेक झा, डीसीएलआर अविनाश कुमार, बीडीओ ललित मिश्रा, सीओ कुमार शिवम, आरओ नंदनी सहनी, बीईओ मसलेउद्दीन, सीएचसी प्रभारी डॉ. विमलेश प्रकाश और बिजली सहायक अभियंता आमोद कुमार सहित अन्य अधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

## अपनी समस्याओं के समाधान के लिए सहयोग शिविर में आवेदन करें : डॉ.धर्मशीला गुप्ता

**दरभंगा नगर निगम के वार्ड संख्या 47 में भी आयोजित हुआ सहयोग शिविर**

**दरभंगा (एनएसबी)।** दरभंगा नगर निगम अंतर्गत वार्ड संख्याझ47 में स्थित आदर्श मध्य विद्यालय, लहेरियासराय, दरभंगा परिसर में नागरिकों की समस्याओं के समाधान एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सहयोग शिविर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद धर्मशीला गुप्ता, आयुक्त, दरभंगा प्रमंडल हिमांशु कुमार राय, पुलिस उपमहानिरीक्षक, मिथिला प्रक्षेत्र मनोज कुमार तिवारी ने सहयोग शिविर का औचक निरीक्षण किये।



सहयोग शिविर में डॉ. धर्मशीला गुप्ता, हिमांशु कुमार राय, मनोज कुमार तिवारी एवं अन्य ।

आयुक्त ने कहा की राज्य सरकार की महत्वकांक्षी पहल सबका सम्मान जीवन आसान कार्यक्रम के तहत आयोजित सहयोग शिविर का मुख्य उद्देश्य सरकारी योजना हो एवं सेवाओं को आमजनों तक सरल, सुगम एवं पारदर्शी माध्यम से पहुंचना है।इसके माध्यम से पात्र लाभुकों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए आवेदन , निबंधन ई, केवाईसी तथा एन आवश्यक प्रक्रिया एक ही स्थान पर उपलब्ध होती है। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद धर्मशीला गुप्ता ने उपस्थित नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपनी समस्याओं के समाधान के लिए सहयोग शिविर में आवेदन करें, सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें तथा पात्रता के अनुसार योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने नागरिक सहभागिता को प्रशासनिक व्यवस्था की सफलता का महत्वपूर्ण आधार बताया।

आयुक्त, दरभंगा प्रमंडल हिमांशु कुमार राय ने अपने संबोधन में कहा कि सहयोग शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों का संबंधित पदाधिकारियों द्वारा समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा। सहयोग शिविर में आज सैकड़ो नागरिक उपस्थित होकर अपने-अपने समस्याओं के संबंध में आवेदन दिए और योजनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त किये।

## सहयोग शिविर के माध्यम से ग्राम सुराज का सपना हो रहा साकारः डा. गोपाल जी ठाकुर

**कहा विहार के विकास में सहयोग शिविर स्थापित कर रहा नया कीर्तिमान**

**दरभंगा (एनएसबी)।** सहयोग शिविर समाज के कमजोर तथा वंचित समाज के लिए वरदान साबित हो रहा है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में सहयोग शिविर बिहार सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है जिसका उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का गांव स्तर पर त्वरित और प्रभावी पहल को सुनिश्चित किया जाना है। इस शिविर के माध्यम से आए आवेदनों को तीस दिन के अंदर उसका समाधान हर हाल में सुनिश्चित किया जाना है तथा समाधान नहीं होने पर संबंधित अधिकारी चिन्हित कर दंडित किए जाएंगे।दरभंगा के सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने संसदीय क्षेत्र के गौराबोराम विधानसभा के भवानीपुर के पंचायत सरकार भवन तथा नेउरी में पंचायत सरकार भवन में आयोजित सहयोग शिविर में आए लाभार्थियों के बीच अपने संबोधन में उपरोक्त बातें कही। सांसद डा ठाकुर ने दीप प्रज्वलित कर सहयोग शिविर का उद्घाटन करते हुए इसकी महत्ता पर चर्चा करते हुए इसे सरकार आपके द्वार की अवधारणा बताते हुए कहा कि जनहित से जुड़े लगभग 22 विभागों की समस्याओं का समाधान इस शिविर के माध्यम से किया जा रहा है तथा शिविर में आए आवेदनों को सरकार के विभाग पर अपलोड किया जाएगा तथा लाभार्थी जानकारी ले सकेंगे कि उनके आवेदनों पर क्या पहल की गई।सहयोग शिविर में जिला के आपदा प्रबंधन विभाग के एडीएम समीम अहमद, स्थानीय बीडीओ प्रदीप झा सीओ आदित्य शंकर पिओ महेश भगत स्थानीय मुखिया पूजा कुमारी मुखिया विनोद यादव सरपंच शिवशंकर झा भाजपा नेता मणिकांत मिश्रा रंजीत झा राजेश राय घनश्याम राय बलराम झा प्रदीप यादव अशफाक करीम जीवन पासवान आदि सभी अधिकारी तथा जनप्रतिनिधि मौजूद थे।



सहयोग शिविर में सांसद डॉक्टर गोपाल जी ठाकुर एवं अन्य ।

**रिकार्ड समय में परीक्षाफल घोषित**

## अंक पत्र की वेब कॉपी से छात्र ले सकते हैं ऑनलाइन नामांकन



**दरभंगा (एनएसबी)।** संस्कृत विश्वविद्यालय ने रिकार्ड समय के भीतर आचार्य व शास्त्री के विभिन्न सत्रों समेत उपशास्त्री का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। सत्र नियमितीकरण में यह बहुत बड़ा कदम माना जा रहा है। करीब माह भर के भीतर रिजल्ट प्रकाशित किये जाने से कुलपति प्रो लक्ष्मीनिवास पांडेय काफी खुश हैं। अपने कार्यालयीय कक्ष में रिजल्ट जारी करते हुए उन्होंने सभी कर्मियों को इसके लिए साधुवाद दिया है। उक्त जानकारी देते हुए पीआरओ डॉ निशिकांत ने बताया कि आचार्य तथा शास्त्री व उपशात्री में औसतन 89 फीसदी बच्चे सफल हुए हैं। बता दें कि आचार्य प्रथम सेमेस्टर सत्र 2025-27, आचार्य द्वितीय सेमेस्टर सत्र 2023-25, आचार्य चतुर्थ सेमेस्टर सत्र 2022-24, शास्त्री चतुर्थ सेमेस्टर सत्र 2023-27, शास्त्री द्वितीय सेमेस्टर सत्र 2024-28, शास्त्री प्रथम सेमेस्टर सत्र 2025-29, उपशास्त्री सत्र 2024-26 (शास्त्री द्वितीय सेमेस्टर सत्र 2023-27, आचार्य चतुर्थ सेमेस्टर सत्र 2021-23, आचार्य तृतीय सेमेस्टर सत्र 2022-24 एवं आचार्य द्वितीय सेमेस्टर सत्र 2022-24 पूर्वर्ती छात्र) की परीक्षा दो पालियों में 16 मई तक चली थी तथा मूल्यांकन कार्य 30 तक सम्पादित कर दिया गया। आंकडे के हिसाब से आचार्य के तीनों सेमेस्टर में 732 तथा शास्त्री के तीनों सेमेस्टर में कुल 3292 छात्र परीक्षा में सफल रहे। इसी क्रम में बताना चाहेंगे कि परिणाम घोषित होते ही छात्र वेब कॉपी का उपयोग कर आगे की कक्षाओं में ऑनलाइन नामांकन करा सकता है। उपशास्त्री के सफल छात्र आनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपना अंक पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। वेब अंक पत्र की प्रति लगाकर छात्र शास्त्री कक्षा में प्रवेश हेतु आवेदन कर सकते हैं। 28 तक शास्त्री एवं आचार्य कक्षा में प्रवेश आवेदन की अन्तिम तिथि निर्धारित है।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ लिखने पर पत्रकार पर हुई कार्रवाई की निंदा

**केवटी प्रखंड प्रमुख के कार्यकाल के समय हुए कार्यों की हो जांच**

**केवटी(एनएसबी)।** भाकपा माले जिला कमिटी सदस्य व अखिल भारतीय किसान महासभा के जिला सचिव धर्मेश यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर केवटी के पत्रकार विजय गुप्ता व आर टी आई कार्यकर्त्ता इकबाल अंसारी की गिरफ्तारी की निंदा करते हुए मुकदमा की निष्पक्ष जांच कराने की मांग किया है । आगे उन्होंने कहा की पत्रकार विजय गुप्ता हमेशा निर्भीक होकर केवटी प्रशासन व केवटी प्रखण्ड मे हों रहे भ्ष्टार्चार के खिलाफ लिखते रहे है। इनकी गिरफ्तारी राजनितिक साजिश रचकर कराई गई है।उन्होंने बताया की केवटी प्रखण्ड पंचायत समिति भयंकर लूट व भ्रष्टाचार के दलदल मे फस चूका है। उन्होंने केवटी प्रमुख के पूरे कार्यकाल में कराए गए तमाम योजनाओं की जांच कराने की मांग जिला प्रशासन व सरकार से किया है ।केवटी प्रखंड प्रमुख के द्वारा पत्रकार विजय गुप्ता पर लगाएं गए तमाम आरोपो की जांच उच्च अधिकारी से करने की मांग करता हूं। एफ आई आर के बिना प्राथमिक जाँच पड़ताल के ही पत्रकार की गिरफ्तारी बिलकुल गलत है।

## लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पंचायतों और नगर निकाय में सहयोग शिविर : कौशल कुमार

**सदर प्रखंड अंतर्गत सोनकी और धोई पंचायत में आयोजित हुआ सहयोग शिविर**



सहयोग शिविर में विधायक ईश्वर मंडल, डीएम कौशल कुमार एवं अन्य ।

**दरभंगा (एनएसबी)।** दरभंगा जिला के सदर प्रखंड अंतर्गत सोनकी एवं धोई पंचायत में आम जनों की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लेकर विभिन्न विभागों से संबंधित अपनी समस्याओं एवं आवश्यकताओं को सहयोग शिविर में रखें।कार्यक्रम में विधायक, दरभंगा ग्रामीण श्री राजेश कुमार मंडल, जिलाधिकारी दरभंगा कौशल कुमार, मुखिया,जनप्रतिनिधिगण एवं संबंधित विभागों के अधिकारी सम्मिलित हुए। इस अवसर पर विधायक दरभंगा ग्रामीण ने उपस्थित नागरिकों को सरकार की विभिन्न लोक-कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। राज्य सरकार की ह्यसहयोग शिविर पहल का उद्देश्य विभिन्न योजनाओंके सेवाओं को सीधे जनता तक पहुँचाना तथा उनकी समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है।सहयोग शिविर के दौरान राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली सहित विभिन्न विभागों से जुड़े मामलों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन किया गया। साथ ही आवश्यक मामलों में आवेदन प्राप्त कर संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया।जिलाधिकारी ने कहा कि विभिन्न पंचायतों में आयोजित सहयोग शिविरों को ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक जन समर्थन तथा सकारात्मक प्रक्रिया मिल रही है ।लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पंचायतों और नगर निकाय में सहयोग शिविर का आयोजन जारी रहेगा। जिले के विभिन्न पंचायतों एवं नगर निकाय क्षेत्रों सहित कुल 48 स्थानों पर सहयोग शिविर आयोजित किए गए। पूर्व में आयोजित शिविरों में प्राप्त आवेदनों का निष्पादन संबंधित विभागों द्वारा लगातार किया जा रहा है तथा लंबित मामलों की नियमित समीक्षा कर उनका निवारण सुनिश्चित किया जा रहा है।

## जीवन हॉस्पिटल में तीन दिन के नवजात की सर्जरी कर बचाई जान

**बेनीपुर के जीवन अस्पताल में एआरएम की हुई सफल सर्जरी**

**बेनीपुर (एनएसबी)।** जीवन हॉस्पिटल, बेनीपुर ने एक बार फिर अपनी विशेषज्ञता साबित की है। जन्मजात एनोरेक्टल मालफॉर्मेशन एआरएम नामक गंभीर और जटिल बीमारी से पीड़ित मात्र तीन दिन के नवजात शिशु का सफल ऑपरेशन कर उसे नया जीवन दिया गया।अलीनगर प्रखंड क्षेत्र के एक गांव निवासी एक दंपति के घर जन्मे बच्चे को जन्म के बाद से ही मल त्याग न होने की शिकायत थी। जांच में पता चला कि बच्चा ए आर एम से ग्रसित है, जिसमें मलद्वार पूरी तरह विकसित नहीं होता। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए परिजन तुरंत जीवन हॉस्पिटल पहुंचे।वरिष्ठ पीडियाट्रिक सर्जन डॉ. सोहैल अहमद एमबीबीएस एमएस एमसीएच के नेतृत्व में डॉक्टरों की टीम ने तत्काल शिशु की जांच की और इमरजेंसी सर्जरी का निर्णय लिया। लगभग दो घंटे चली इस जटिल सर्जरी को डॉ. अहमद ने सफलतापूर्वक पूरा किया। अस्पताल प्रबंधन डा आर के झा के अनुसार, ऑपरेशन के बाद शिशु को नीसू में विशेष निगरानी में रखा गया। शिशु में तेजी से रिकवरी की और पांच दिन के अंदर ही सामान्य रूप से फीड लेना शुरू कर दिया। अब वह पूर्णतः स्वस्थ है और मंगलवार को उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।डॉ. सोहैल अहमद ने बताया, "ए आर एम के मामले में हर मिनट कीमती होता है। 48 से 72 घंटे के भीतर सर्जरी न हो तो बच्चे की जान को खतरा हो सकता है। समय पर सही डायग्नोसिस और एडवांस पीडियाट्रिक सर्जिकल तकनीक से हम बच्चे को सामान्य जीवन दे पाते हैं। माता-पिता को जागरूक रहना चाहिए।"



## संक्षिप्त खबरें

### बिहार के 20 यशस्वी मुखियाओं में मनियारपुर पंचायत की मुखिया सम्मानित

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** अल्ट्राटेक सीमेंट एवं एक दैनिक अखबार द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में बिहार के 20 यशस्वी मुखियाओं का चयन कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस क्रम में विद्यापतिनगर प्रखंड स्थित मनियारपुर पंचायत की मुखिया बेबी देवी को भी सम्मानित किया गया। पटना स्थित एक होटल में आयोजित समारोह में बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार तथा सांसद मनोज तिवारी ने संयुक्त रूप से उन्हें स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र आदि प्रदान कर सम्मानित किया। यह सम्मान पंचायत स्तर पर किए गए उत्कृष्ट विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं ग्रामीण विकास में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया है। इस सम्मान से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। पंचायत प्रतिनिधियों एवं स्थानीय लोगों ने इसे मनियारपुर पंचायत तथा पूरे विद्यापतिनगर प्रखंड के लिए गौरव का विषय बताया। वहीं सम्मानित मुखिया श्रीमती बेबी ने इस सम्मान का श्रेय पंचायत की जनता, जनप्रतिनिधियों एवं सहयोगियों को देते हुए कहा कि आगे भी पंचायत के सर्वांगीण विकास और जनसेवा के लिए वे निरंतर कार्य करती रहेंगी।



### समर आर्ट कैंप के तीसरे दिन कला के विभिन्न विधाओ का प्रशिक्षण

**दलसिंहसराय (एनएसबी)।** समर आर्ट कैंप के तीसरे दिन प्रसिद्ध हास्य योगाचार्य अनिल कुमार लाल ने हंसी के माध्यम से स्वास्थ्य एवं सकारात्मक ऊर्जा के महत्व की जानकारी बच्चों को दी कथक नृत्य प्रशिक्षण के अंतर्गत युवा कलाश्रम,समस्तीपुर के प्रशिक्षक बैजू कुमार एवं अर्पण कुमार ने दृष्टि भेद, दादरा ताल का परिचय आदि का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया मूर्तिकला सत्र में काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी के समकालीन मूर्तिकार कनिष्क कश्यपेबम मूर्तिकार प्रवीन कुमार ने ज्यामितीय आकृतियों के माध्यम से चिड़ियाँ,भगवान गणेश एवं माता शारदेखी प्रतिमाएं बनाना सिखाया चित्रकला वर्ग में वरिष्ठ चित्रकार मो सुलेमान ने रंगों के प्रकार एवं उनके प्रयोग के विधियों की जानकारी दी इस अवसर पर संस्था के कार्यकताओं के अलावे काफी बच्चे उपस्थित थे।

### त्रिवेणी संगम में स्नान के दौरान डूबने से 14 वर्षीय किशोर की मौत

**बिथान (एनएसबी)।** अधिकमास माह की समाप्ति के बाद त्रिवेणी संगम तट पर स्नान करने पहुंचे श्रद्धालुओं का उत्साह पूर्ण माहौल अचानक चीख पुकार में बदल गया। जब थाना क्षेत्र के जगमोहरा निवासी 14 वर्षीय किशोर की कमला नदी में डूबने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जगमोहरा गांव निवासी बृजू सिंह का लगभग 14 वर्षीय पुत्र अनिकेत कुमार अपने परिजनों एवं अन्य साथियों के साथ त्रिवेणी संगम में स्नान करने पहुंचा था। स्नान के दौरान अनिकेत और उसके कुछ साथी नदी के तेज बहाव की चपेट में आकर गहरे पानी की ओर चले गए। मौके पर मौजूद ग्रामीणों और श्रद्धालुओं ने तत्परता दिखाते हुए एक किशोर को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन अनिकेत नदी की तेज धारा में और अधिक गहराई तक बह गया। घटना की सूचना मिलते ही बिथान थाना की पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम केलिए भेज दिया। इस बाबत बिथान थानाध्यक्ष राज किशोर राय ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि, पुलिस टीम को घटनास्थल पर भेज दिया गया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से त्रिवेणी संगम जैसे भीड़भाड़ वाले स्नान स्थलों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम और गोताखोरों की तैनाती की मांग की है। ताकि भविष्य में इस तरह की दर्दनाक घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।

### बिथान में प्रखंड सहयोग सह जन कल्याण शिविर का शुभारंभ

**बिथान (एनएसबी)।** प्रखंड परिसर में मंगलवार से तीन दिवसीय प्रखंड सहयोग सह जन कल्याण शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। यह शिविर 16 जून से 18 जून तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र की सभी पंचायतों से बड़ी संख्या में लाभुक पहुंचे। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों पर लोगों को योजनाओं की जानकारी दी गई तथा उनकी समस्याओं और आवेदनों का निष्पादन किया गया। कार्यक्रम में जिला से आए प्रभारी एवं जिला खनन पदाधिकारी पंकज कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी बिथान, प्रखंड परियोजना प्रबंधक बिथान, बिजली विभाग के जूनियर इंजीनियर (जेई), चमत्कार/उत्कर्ष संकुल संघ की अध्यक्ष एवं सचिव, जीविका कर्मी अंजय कुमार, दीपक कुमार तथा शिक्षक चसमुद्दीन उपस्थित रहे।



### अतिक्रमण की समस्या पर बैठक

**दलसिंहसराय (एनएसबी)।** राष्ट्रीय राजमार्ग -28 पर अतिक्रमण, वाहन पार्किंग की समस्या आदि को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें एनएचएआई के प्रतिनिधि जिला परिवहन पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी, बीडीओ, संबंधित थाना एसएचओ उपस्थित रहे विशेषरूप से डेपुरा एवं डैनी चौक सहित एनएच 28 के विभिन्न क्षेत्रों में ट्रक एवं अन्य भारी वाहनों की अनधिकृत पार्किंग से उत्पन्न यातायात बाधा एवं सरक दुर्घटना की संभावना पर गम्भीर चर्चा की गई बैठक में निर्णय लिया गया राष्ट्रीय राजमार्ग के दुर्घटना संभावित एवं भीड़ भार वाले क्षेत्रों अनधिकृत पार्किंग के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई हेतु एक समर्पित टास्क फोर्स का गठन एवं संबंधित विभागों के समन्वय से नियमित अभियान चलाकर यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुरक्षित बनाएगी बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी किशन कुमार ने की वहीं अनुमंडल कार्यपालक दंडाधिकारी रवि रंजन कुमार मौजूद थे।

### सातनपुर में जमीनी विवाद पर धारदार हथियार से हत्या, पिता-पुत्र समेत तीन गिरफ्तार

**दलसिंहसराय नगर (एनएसबी)।** उजियारपुर थाना क्षेत्र के सातनपुर गाँव में भूमि विवाद को लेकर हुई झड़प में एक व्यक्ति की धारदार हथियार से हत्या कर किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए पिता-पुत्र सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इस बाबत संवाददाताओं को जानकारी देते हुए डीएसपी विवेक कुमार शर्मा ने बताया कि, सोमवार को उजियारपुर थाना को सूचना मिली कि वार्ड नंबर 3 स्थित सातनपुर में मदन साह को गंभीर रूप से घायल कर दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी पु.अ.नि. राहुल कुमार रजक पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। वहां मदन साह को खाट पर पड़ा पाया, जिसे डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए बताया कि सुनील साह के पुत्र राजा कुमार से मृतक का जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। पड़ोसियों के बयानों के आधार पर उक्त आरोप की पुष्टि भी हुई। परिवार के सदस्यों के अनुसार सुनील साह (स्थानीय निवासी), उनके पुत्र राजा कुमार और राजा के भाई अमन कुमार ने मिलकर धारदार हथियार से मृतक पर हमला किया था। मृतक की पत्नी मीता देवी के आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर पु.अ.नि. अजीत कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने छापेमारी कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और आगे की कार्रवाई में जुट गई। डीएसपी ने बताया कि, पूछताछ से प्राप्त जानकारी व साक्ष्यों के आधार पर सख्त कानूनी प्रावधानों के तहत आरोप तय कर आगे की कार्यवाही की जाएगी। पिता-पुत्र की गिरफ्तारी के बाद ग्रामीणों में शांति बनी हुई है।



# प्रखंड सहयोग सह जन कल्याण शिविर में पहुंचे जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक

**लाभुकों से संवाद कर ली योजनाओं की जानकारी**

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** बिहार सरकार के निदेर्शानुसार आमजनों की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित प्रखंड सहयोग सह जन कल्याण शिविर के अंतर्गत मंगलवार को खानपुर प्रखंड सह अंचल परिसर में आयोजित शिविर का जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा एवं पुलिस अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने शिविर में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टॉलों का अवलोकन किया तथा वहां उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की जानकारी प्राप्त की। इस क्रम में उन्होंने उपस्थित आमजनों एवं लाभुकों से संवाद कर उनकी समस्याओं, शिकायतों एवं सुझावों को सुना तथा संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने शिविर में आने वाले नागरिकों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के अंतर्गत पात्र लाभुकों को जन्म प्रमाण पत्र, आयुष्मान भारत कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से संबंधित प्रमाण पत्र सहित अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज एवं स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। शिविर को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी श्री कुशवाहा ने कहा कि, बिहार सरकार की मंशा है कि, आमजन की समस्याओं का समाधान उनके घर के निकट ही उपलब्ध कराया जाए तथा उन्हें विभिन्न सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। इसी उद्देश्य से दिनांक 16, 17 एवं 18 जून 2026 को जिले के विभिन्न प्रखंडों में प्रखंड सहयोग सह जन कल्याण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में राजस्व, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा, श्रम संसाधन, कृषि, विद्युत, आपूर्ति, कल्याण, जीविका, नगर विकास एवं अन्य विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहकर आमजनों की समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि, शिविर में प्राप्त होने वाले आवेदनों का यथासंभव मौके पर ही निष्पादन किया जा रहा है तथा जिन मामलों में विस्तृत जांच अथवा प्रक्रिया की आवश्यकता होगी, उनका भी निर्धारित समय सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने उपस्थित नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपनी समस्याओं, शिकायतों एवं योजनाओं से संबंधित आवश्यकताओं को लेकर शिविर में अवश्य पहुंचें तथा संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को आवेदन दें, ताकि उनकी समस्याओं का प्रभावी एवं समयबद्ध समाधान किया जा सके। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिविर में प्राप्त प्रत्येक आवेदन का गंभीरतापूर्वक संज्ञान लिया जाए तथा उसका त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आमजन को अनावश्यक रूप से परेशान नहीं किया जाए तथा सेवा प्रदान करने में किसी भी प्रकार की लापरवाही, शिथिलता अथवा उदासीनता पाए जाने पर संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।


शिविर का उद्घाटन करते डीएम व अन्य।

## प्रखंड सहयोग-सह-जन कल्याण शिविर का निरीक्षण के दौरान कल्याणपुर विधायक ने किया लाभुकों के बीच प्रमाण पत्र एवं जॉब कार्ड का वितरण

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक कल्याणपुर विधानसभा क्षेत्र श्री महेश्वर हजारी द्वारा कल्याणपुर विधानसभा अंतर्गत पूसा एवं कल्याणपुर प्रखंड में आयोजित प्रखंड सहयोग-सह-जन कल्याण शिविर का भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने शिविर में प्राप्त आवेदनों के निष्पादन की समीक्षा की तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवेदनों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में माननीय विधायक द्वारा विभिन्न लाभुकों के बीच निर्गत प्रमाण पत्र एवं मनरेगा जॉब कार्ड का वितरण किया गया।

इस अवसर पर विधायक महेश्वर हजारी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जन कल्याण शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने आमजन से अपील की कि, वे अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर अपनी समस्याओं एवं आवश्यकताओं से संबंधित आवेदन जमा करें, ताकि उनका शीघ्र समाधान किया जा सके। श्री हजारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि, प्राप्त आवेदनों पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए समयबद्ध तरीके से उनका निष्पादन सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि यह शिविर 18 जून तक प्रखंड मुख्यालय में भी संचालित रहेगा। ऐसे आवेदक जो पंचायत स्तर पर आयोजित शिविर में आवेदन जमा नहीं कर सके हैं, वे प्रखंड मुख्यालय में आयोजित शिविर में पहुंचकर अपना आवेदन समर्पित कर सकते हैं। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी समस्तीपुर दिलीप कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी द्वितीय संजय कुमार, प्रखंड शिविर प्रभारी रजनीश कुमार राय, अंचलाधिकारी कल्याणपुर, मथुरापुर पंचायत के माननीय मुखिया, प्रखंड 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।


संबोधित करते विधायक व अन्य।

## अच्छे क्रेडिट रिकॉर्ड के लिए समय पर ऋण चुकाना आवश्यक : एलडीएम

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मान्यता प्राप्त एनबीएफसी-एमएफआई के राष्ट्रीय स्व-नियामक संगठन माइक्रोफाइनेंस इंडस्ट्री नेटवर्क ने एलएंडटी फाइनेंस लिमिटेड के सहयोग से जिले के एक निजी परिसर में माइक्रोफाइनेंस जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण समुदाय, विशेष रूप से महिलाओं को वित्तीय साक्षरता प्रदान करना, उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना तथा जिम्मेदार ऋण व्यवहार को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में विभिन्न गांवों से 205 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डीडीएम नाबार्ड अभिनव कृष्ण ने बैंकों एवं नाबार्ड द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उन्होंने डिजिटल धोखाधड़ी से बचाव के उपायों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एलडीएम प्रसिद्ध झा ने महिलाओं को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने माइक्रोफाइनेंस इंडस्ट्री नेटवर्क तथा माइक्रोफाइनेंस संस्थानों द्वारा वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। साथ ही महिलाओं से अपनी आवश्यकता एवं भुगतान क्षमता के अनुरूप ही ऋण लेने तथा उसे समय पर चुकाने का आग्रह किया ताकि, उनका क्रेडिट रिकॉर्ड बेहतर बना रहे। उन्होंने कहा कि समय पर ऋण चुकाना एक अच्छे क्रेडिट इतिहास के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है तथा भविष्य में वित्तीय सेवाओं तक आसान पहुंच सुनिश्चित करता है। इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक कृष्णा कुमार दीवाकर ने डिजिटल एवं अन्य तरह के धोखाधड़ी से बचने के उपाय बताते हुए लोगों को सतर्क एवं जागरूक रहने का संदेश दिया। वहीं, माइक्रोफाइनेंस इंडस्ट्री नेटवर्कके रीजनल हेड संजय कुमार ने बताया कि जिले में वर्तमान में 35 माइक्रोफाइनेंस संस्थान कार्यरत हैं, जो सभी भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा विनियमित हैं। उन्होंने ग्राहकों को सलाह दी कि यदि उन्हें ऋण से संबंधित किसी प्रकार की समस्या या शिकायत हो, तो वे अपने लोन कार्ड पर अंकित ग्राहक शिकायत निवारण नंबर अथवा माइक्रोफाइनेंस इंडस्ट्री नेटवर्क के टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। मौके पर अन्य गणमान्य व्यक्ति के अलावे सैकड़ों महिलाएं मौजूद थी।



संबोधित करते एलडीएम व अन्य।

## पटोरी-बरौनी रेलखंड की संरक्षा व्यवस्था का महाप्रबंधक ने किया विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने शाहपुर पटोरी-बरौनी रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण कर रेलवे संरक्षा एवं परिचालन व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रेलखंड के विभिन्न स्टेशनों, पुल-पुलियों, ओवरहेड इलेक्ट्रिफिकेशन (ओएचई) प्रणाली, पथ-रचना तथा ट्रैक की मजबूती और सुरक्षा मानकों का गहन अवलोकन किया। महाप्रबंधक ने रेलखंड में संचालित अनुरक्षण कार्यों की स्थिति की समीक्षा करते हुए ट्रैक की गुणवत्ता, रेल संरचनाओं की मजबूती तथा सुरक्षित रेल परिचालन से जुड़े विभिन्न पहलुओं का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को रेल संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने तथा नियमित निरीक्षण एवं रखरखाव सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही यात्रियों की सुरक्षा एवं सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने पर बल दिया। निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक ने विभिन्न स्टेशनों पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं, स्वच्छता व्यवस्था और आधारभूत संरचनाओं की स्थिति का भी आकलन किया। उन्होंने अधिकारियों से रेलखंड में चल रहे विकास एवं अनुरक्षण कार्यों की प्रगति की जानकारी प्राप्त की तथा कार्यों को निर्धारित मानकों के अनुरूप समयबद्ध तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया। रेलवे अधिकारियों के अनुसार इस तरह के निरीक्षण का उद्देश्य रेल परिचालन को अधिक सुरक्षित, सुगम और प्रभावी बनाना है। महाप्रबंधक ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संरक्षा संबंधी मानकों का कड़ाई से पालन करने तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही से बचने की सलाह दी।


निर्देश देते पदाधिकारी।

## पूर्व सांसद आनंद मोहन का यूथ ब्रिगेड द्वारा जोरदार स्वागत

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** पूर्व सांसद आनंद मोहन के मंगलवार को विद्यापतिनगर पहुंचने पर युवाओं एवं समर्थकों ने उनका भव्य स्वागत किया। इस क्रम में राजा चौक पर यूथ ब्रिगेड के अध्यक्ष पदमाकर सिंह लाला एवं कार्यकारी अध्यक्ष राजा सिंह के नेतृत्व में आयोजित स्वागत समारोह में बड़ी संख्या में युवाओं ने फूल-मालाओं से लादकर उनका गर्मजोशी से अभिनंदन किया। पूर्व सांसद के आगमन की सूचना मिलते ही राजा चौक पर समर्थकों की भीड़ उमड़ पड़ी। युवाओं ने फूल-मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया तथा उनके समर्थन में नारे लगाए। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र में उत्साहपूर्ण माहौल बना रहा। इस अवसर पर पूर्व सांसद आनंद मोहन ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा समाज और आम लोगों के हितों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया है। जनता का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है और आगे भी वे जनहित के कार्यों के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। राजा चौक के अलावा हरपुर बोचहा चौक पर भी विपुल कुमार सिंह के नेतृत्व में पूर्व सांसद का भव्य स्वागत किया गया। मौके पर राणा विष्णु सिंह, शशि प्रकाश भट्ट उर्फ ब्रिगेडियर, राणा शुभेश्वर सिंह, राहुल सिंह, शिवदानी सिंह, सन्नी सिंह, नवीन कुमार साह, आदित्य सिंह सहित दर्जनों समर्थक एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## सिमरी एवं बांगराहा पंचायत में जनसहयोग शिविर आयोजित

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** प्रखंड के सिमरी एवं बांगराहा पंचायत में मंगलवार को जनसहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बीडीओ महताब अंसारी, आरओ अरुण कुमार शर्मा, बीईओ डॉ प्रभात रंजन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों ने भाग लेकर ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी तथा उनकी समस्याओं का समाधान किया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और विभिन्न योजनाओं से संबंधित जानकारी प्राप्त की। इस दौरान सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, आयुष्मान भारत योजना, किसान कल्याण योजनाएं, श्रम संसाधन विभाग की योजनाएं तथा अन्य जनहितकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन स्वीकार किए गए। कई लाभुकों के लंबित मामलों का भी मौके पर ही निष्पादन भी किया गया। इस दौरान बीडीओ महताब अंसारी ने बताया कि सरकार की मंशा है कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। इसी उद्देश्य से पंचायत स्तर पर जनसहयोग शिविर आयोजित कर लोगों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। शिविर में मौजूद कर्मियों ने ग्रामीणों को योजनाओं की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया एवं आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी भी दी। शिविर के दौरान अधिकारियों ने लोगों की शिकायतें सुनीं और संबंधित विभागों को शीघ्र कार्रवाई का निर्देश दिया। कार्यक्रम में सिमरी मुखिया देवंती देवी, बंगराहा मुखिया रोशनी कुमारी, विजय कुमार सहित पंचायत प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



## प्रखंड स्तरीय सहयोग सह जनकल्याण शिविर का शुभारंभ

**एक ही छत के नीचे दी गई 17 योजनाओं की सेवाएं**

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** प्रखंड मुख्यालय परिसर में आम लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से 16, 17 एवं 18 जून तक आयोजित होने वाले प्रखंड स्तरीय सहयोग सह जनकल्याण शिविर का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम जदयू प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह, जिला पार्षद प्रतिभा कुशवाहा, बीडीओ महताब अंसारी, बीपीएम नवीन गौतम संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। साथ ही सभी आगन्तुकों को बीडीओ व बीपीएम द्वारा छायादार पौधा भेंट किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी और लाभ आम नागरिकों तक सरल एवं सुगम तरीके से पहुंचाना है। तीन दिवसीय इस शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से लोगों को एक ही स्थान पर 17 प्रमुख योजनाओं से संबंधित सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। साथ ही पात्र लाभुकों के आवेदन भी स्वीकार किए जा रहे हैं तथा उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए बीडीओ महताब अंसारी ने कहा कि सरकार की मंशा है कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। इसके लिए प्रशासन गांव-गांव तक पहुंचकर लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ आवश्यक सेवाएं उपलब्ध करा रहा है। उन्होंने आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर योजनाओं की जानकारी लेने और पात्रता अनुसार लाभ प्राप्त करने की अपील की। शिविर में सामाजिक पेंशन के 16, प्रधानमंत्री आवास के 3, बिजली की समस्या से सम्बंधित आवेदन 4, श्रम संसाधन 14 एवं मनरेगा जॉब कार्ड के 7 आवेदन प्राप्त हुए जिसे शिविर में ही ऑन स्पोर्ट निष्पादन कर दिया गया। शिविर में पीओ भूषण मिश्रा, बीएओ अभिषेक कुमार, मुकेश कुमार पाठक, चंद्रप्रकाश लाल, शिप्रा कुमारी, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।


अतिथि का स्वागत करते बीडीओ।

## बीएससी कृषि (प्रतिष्ठा) प्राकृतिक खेती के अंतिम वर्ष के 15 छात्र विभिन्न संस्थानों में इंटर्नशिप हेतु चयनित

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के स्नातकोत्तर कृषि महाविद्यालय अन्तर्गत प्राकृतिक खेती विद्यालय, पूसा के बीएससी कृषि (प्रतिष्ठा) प्राकृतिक खेती के अंतिम वर्ष के छात्रों का, मेसर्स सावित्री रिन्यूएबल एनर्जी प्राईवेट लिमिटेड, पटना (बिहार), मेसर्स भीमा कामत, अररिया (बिहार) एवं अक्षयकल्प आर्गेनिक, शारदानगर, टिपटूर, कर्नाटक द्वारा इंटर्नशिप कार्यक्रम हेतु चयनित किया है। इस क्रम में मेसर्स सावित्री रिन्यूएबल एनर्जी प्राईवेट लिमिटेड, पटना (बिहार) ने 9, मेसर्स भीमा कामत, अररिया (बिहार) ने 4, एवं मेसर्स अक्षयकल्प आर्गेनिक, शारदानगर, टिपटूर, कर्नाटक द्वारा 2 छात्रों को इंटर्नशिप कार्यक्रम हेतु चयनित किया है। यह इंटर्नशिप कार्यक्रम छात्रों को रिन्यूएबल एनर्जी, टिकाऊ खेती, कार्बनिक कचरा प्रबन्धन, बायोगैस टेक्नोलॉजी तथा प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार ससमय निष्पादन का आश्वासन



**खजौली (एनएसबी)।** प्रखंड के सुक्की पंचायत सरकार भवन में मंगलवार को तीसरे सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर अपनी-अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। इस दौरान दाखिल-खारिज, परिमार्जन सहित राजस्व विभाग एवं समाज कल्याण विभाग से जुड़े अधिकाधिक मामले सामने आए। शिविर में कुल 36 मामले सूचीबद्ध किये गए। वहीं पांच मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया। शिविर में उपस्थित अधिकारियों ने आवेदकों को प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार ससमय निष्पादन का आश्वासन दिया। शिविर में अपर समाहर्ता सह जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी संतोष कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी लवली कुमारी, अंचल अधिकारी विजय कुमार, बीपीआरओ मधुकांत प्रसाद, एमओ प्रणव प्रकाश, बीसीओ पंकज कुमार, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी हितेश भार्गव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। मौके पर मुखिया अशोक सिंह, सरपंच अरुण कुमार, अमरेश कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

### ब्राउन शुगर सेवन एवं बेचने के आरोप में तीन युवक गिरफ्तार

**लदनियां। (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के योगिया गांव से पुलिस ने नशे के खिलाफ विशेष छापेमारी अभियान चलाते हुए ब्राउन शुगर सेवन एवं बेचने के आरोप में तीन युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी की योगिया गांव में कुछ लोग झोपड़ी में बैठकर ब्राउन शुगर का सेवन एवं बेचने का धंधा चल रहा है। सूचना सत्यापन के लिए पुलिस टीम एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी ने छापेमारी अभियान चलाया। छापेमारी के दौरान दीपक कुमार यादव, गुलशन कुमार और राहुल कुमार को गिरफ्तार किया। उक्त झोपड़ी के तलाशी के क्रम में मोबाइल फोन, डिजिटल तराजू,लाइटर एवं ब्राउन शुगर जैसी संदिग्ध पदार्थ बरामद किए जाने की सूचना प्राप्त हुआ है। पुलिस पदाधिकारी ने गिरफ्तार युवक से पूछताछ में बताया है कि योगिया गांव निवासी विद्यानंद यादव एवं सत्यनारायण यादव के द्वारा उन्हें ब्राउन शुगर उपलब्ध कराया जा रहा था। गिरफ्तार युवक के बयान के आधार पर उक्त दोनों को नामजद करते हुए, गिरफ्तार युवक के विरुद्ध थाना कांड संख्या 190 दिनांक 16 मई 2026 को धारा 20/21 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### राकेश मिश्रा का निधन भाजपा संगठन के लिए अपूरणीय क्षति : प्रो. विनोद कुमार सिंह

**मधुबनी(एनएसबी)।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं झंझारपुर जिला भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश मिश्रा के निधन पर पूर्व विधान परिषद सदस्य प्रोफेसर विनोद कुमार सिंह ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि राकेश मिश्रा का असामयिक निधन भाजपा संगठन तथा सामाजिक जीवन के लिए अपूरणीय क्षति है।प्रो. सिंह ने कहा कि राकेश मिश्रा एक समर्पित, कर्मठ एवं लोकप्रिय संगठनकर्ता थे। उन्होंने लगातार दो कार्यकाल तक झंझारपुर भाजपा जिलाध्यक्ष के रूप में कार्य करते हुए संगठन को गांव-गांव तक मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके नेतृत्व में अनेक नए कार्यकर्ता पार्टी से जुड़े और संगठन को नई ऊर्जा मिली।उन्होंने कहा कि राकेश मिश्रा की संगठनात्मक क्षमता, कार्यकर्ताओं के प्रति आत्मीय व्यवहार तथा पार्टी के प्रति निष्ठा सदैव स्मरणीय रहेगी। उनका निधन भाजपा परिवार के लिए एक बड़ी क्षति है, जिसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं है। प्रो. विनोद कुमार सिंह ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिजनों को इस दुख की घड़ी में धैर्य एवं संबल प्रदान करने की कामना की है।

### सहयोग सह जनकल्याण शिविर आयोजित

**लदनियां (एनएसबी)।** लदनियां प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में मंगलवार को सहयोग सह जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। इस तीन दिवसीय शिविर का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश कुमार ठाकुर ने किया। इस शिविर में कल 17 विभागों के अलग-अलग काउंटर लगे हुए थे। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी काउंटर का बारी-बारी से निरीक्षण किया। उन्होंने सबसे अधिक समय जीविका के काउंटर पर दिया। सेंट्रल बैंक आफ इंडिया से संबंधित कुल 15 स्वयं सहायता समूहों का बचत खाता तथा 18 स्वयं सहायता समूहों का ऋण खाता के लिए इस शिविर में आवेदन दिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने एक-एक आवेदन को बारीकी से देखने के बाद उपस्थित प्रखंड परियोजना प्रबंधक से जानकारी प्राप्त की। इस शिविर में मुख्य रूप से आयुष्मान भारत, मुख्यमंत्री स्वयं सहायता भत्ता योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि, जीविका प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), पीएम सूर्यघर योजना तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन का काउंटर लगा हुआ था। समाज कल्याण विभाग के काउंटर पर 36 आवेदन पेंशन जांच के लिए आए, स्वास्थ्य विभाग के काउंटर पर 25 लोगों ने अपना चेकअप करवाएं, बाल विकास परियोजना के काउंटर पर तीन आवेदन, जीविका दीदी के काउंटर पर 15 बचत खाता तथा 18 ऋण खाता का आवेदन प्राप्त हुआ। प्रधानमंत्री आवास योजना में 2 तथा जी रामजी के काउंटर पर भी दो आवेदन प्राप्त हुए।प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश कुमार ठाकुर ने इस शिविर की काफी सराहना की तथा उपस्थित लोगों तथा कर्मियों का उत्साहवर्धन किया। हालांकि प्रचार प्रसार के अभाव के कारण लोगों की उपस्थिति बेहद कम रहा। जरुरतमंद लोगों की समस्या जानकारी के अभाव में दब कर रह गया। चौक चौराहों पर उपस्थित लोगों ने बताया कि हम लोगों को इस कार्यक्रम के संबंध में जानकारी नहीं थी। होता भी तो गरीब, जरुरतमंद लोगों की समस्या सुनने और समाधान के लिए किसी अधिकारी के पास समय नहीं है। क्योंकि कार्यालय में कोई भी ऐसा कर्मचारी एवं अधिकारी नहीं जो दलाल के बदले आमजनों को सुनें। यहां के लोग शिकायत दर्ज करा कर कार्रवाई नहीं होने एवं शिकायत के बाद भी काम नहीं होने के स्थिति में भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे लोगों से ही समझौता कर अपना काम निकाल रहा है। परंतु जिस व्यक्ति के पास देन लेन करने के लिए कुछ नहीं है, वह सरकार के जनसरोकारी योजना से वंचित है।

### 19 जून से एक बार फिर विवाह, गृह प्रवेश और मुंडन जैसे मांगलिक कार्यों की शुरूआत

**मधुबनी (एनएसबी)।** पुरुषोत्तम मास जिसे 'अधिक मास' या 'मल मास' भी कहा जाता है और विज्ञान का संबंध मूल रूप से खगोल विज्ञान गणित, और प्राकृतिक चक्रों से जुड़ा हुआ है। स्टेशन चौक स्थित हनुमान प्रेम मंदिर के पुजारी पंडित पंकज झा शास्त्री ने बताया कि प्राचीन भारतीय खगोलविदों ने सूर्य और चंद्रमा की गति के सटीक अध्ययन के आधार पर इस अतिरिक्त महीने की व्यवस्था की थी।सनातन धर्म में इस पवित्र मास को वर्जित माना जाता है इसमें विवाह, गृह प्रवेश और मुंडन जैसे मांगलिक कार्य इसलिए बंद होते हैं, क्योंकि यह समय सांसारिक गतिविधियों के बजाय आध्यात्मिक साधना और ईश्वर भक्ति के लिए समर्पित होता है। इस दौरान भौतिक और सांसारिक कार्य वर्जित माने जाते हैं। इसलिए इसके खत्म होते ही शहनाई गूंजने लगती है।मांगलिक कार्यों के लिए शुभ तिथियों और मुहूर्तों का विवरण निम्नलिखित है.

**मुंडन –**
जून 17,24,25
जुलाई 01,02,03,15

**उपनयन–**
जून 17,19,24,25

**विवाह –**
जून 19,24,25,26,28,29
जुलाई 01,02,03,06,09,12

**देवादिप्रतिष्ठा –**
जून 17,24,25

**गृहारम्भ –**
जून 25,29
जुलाई 01,02,03,,04

**गृहप्रवेश –**
जून 24,25,26,27

# प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मी अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी से करें, कर्तव्यहीनता की साक्ष्य, शिकायत मिलने पर होगी कड़ी करवाई: जिलाधिकारी



कार्यक्रम में उपस्थित जिलाधिकारी

**मधुबनी (एनएसबी)।** मधुबनी जिले के खुटौना प्रखंड के कारमेघ उत्तरी पंचायत स्थित ललित नारायण +2 उच्च विद्यालय के सभागार में आयोजित सहयोग शिविर का जिलाधिकारी आनंद शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक, योगेंद्र कुमार तथा शिविर में आये एक बच्चे के द्वारा संयुक्त रूप दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।शिविर में काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, महिला समूहों की सदस्यों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी। एवं कर्मी उपस्थित रहे।सहयोग शिविर में पोर्टल के माध्यम से विभिन्न समस्याओं से संबंधित पंचायत से संबंधित 32 आवेदनों में से 27 आवेदन का निष्पादन कर दिया गया है। साथ ही जिला के सभी 386 पंचायतों के विभिन्न विभागों से संबंधित प्राप्त लगभग 6 हजार 70 आवेदनों का निष्पादन कर दिया गया है। वही शिविर के माध्यम से लगभग 50 से अधिक आवेदन जमा किया गया।पंचायत स्तर पर आयोजित इस शिविर में प्रशासन गांव तक पहुंचकर लोगों की समस्याओं के समाधान एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने का कार्य किया।सहयोग शिविर के द्वारा आमजनों को सरकारी योजनाओं की जानकारी उनके पंचायत स्तर पर उपलब्ध कराना, समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना तथा प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं से संबंधित जानकारी दी गई तथा लोगों के आवेदन एवं शिकायती आवेदनों को प्राप्त किया गया।प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कारवाई करते हुए मौके पर ही निष्पादन भी किया गया, जिससे लोगों में विश्वास का माहौल बनता देखा गया। जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई एवं समयबद्ध निष्पादन का निर्देश दिया।ग्रामीणों के द्वारा पंचायत में जलजमाव की समस्या, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एम.बी.बी.एस. चिकित्सक का पदस्थापन करने, लौकहा में डिग्री कॉलेज की स्थापना कराने सहित अन्य सुझावों से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया। जिसपर जिलाधिकारी द्वारा त्वरित कारवाई का आश्वासन दिया गया गया।जिलाधिकारी, आनंद शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सभी भूमिहीन परिवारों को भूमि उपलब्ध करायी जायेगी। लेकिन वैसे लोग जो भूमिहीन नही है, वे भी भूमि के लिए आवेदन करते है तो उनकी जांच कर कारवाई भी की जायेगी।जिलाधिकारी ने कहा कि पंचायत स्तरीय/प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मी अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी से करें। यदि किसी भी व्यक्ति के द्वारा कार्य मे अनावश्यक विलंब की साक्ष्य सहित शिकायत प्राप्त होगी, तो वैसे कर्मियों,पदाधिकारियों पर कड़ी करवाई की जायेगी। उन्होंने सभी उपस्थित लोगोने से अपने बच्चों की पढ़ाई-लिखाई पर विशेष ध्यान देने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी विद्यालयों में शिक्षकों के द्वारा यदि पठन-पाठन में कोई लापरवाही बरती जाती है, तो उसकी शिकायत करें।उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ सभी लोगों तक पहुँचे इसके लिए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि शिविर में प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन सुनिश्चित करें तथा पात्र लाभुकों को योजनाओं का लाभ पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराया जाय।तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक, योगेंद्र कुमार के द्वारा भी पुलिस से संबंधित कार्यो एवं डायल 112 के माध्यम से त्वरित सहायता पहुचाए जाने आदि के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी।शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने विभिन्न योजनाओं से संबंधित आवेदन दिए तथा अपनी समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा। शिविर के माध्यम से योजनाओं की जानकारी एवं प्रशासनिक सेवाएं गांव में ही उपलब्ध हो रही हैं, जिससे पंचायतों के लोगों के समय एवं संसाधनों की बचत हो रही है। आज जिले के कुल 26 पंचायतों एवं जिले के सभी नगर निकायों के 15 वार्डो सहित सभी 21 प्रखंड कार्यालय पर भी सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। सभी शिविरों में जिलास्तरीय वरीय अधिकारियों की उपस्थिति में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंडों के सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहकर आमजन की समस्याओं के समाधान एवं योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने में सक्रिय रहे।सहयोग शिविर में पुलिस अधीक्षक, योगेंद्र कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, अनीश कुमार, डीपीओ, आईसीडीएस, ललिता कुमारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, राजेश कुमार, सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा, नितेश पाठक, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकार सहित अन्य विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## सहयोग शिविर का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों कि जन समस्या को दूर करना है. एसडीएम



**बिस्फी (एनएसबी)।** सरकार की जन शिकायत निवारण व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से तीन दिवसीय सहयोग सह जन कल्याण शिविर के साथ प्रखंड क्षेत्र के बिस्फी एवं चहूटा पंचायत के पंचायत सरकार भवन के परिसर में सहयोग शिविर का आयोजन मंगलवार को किया गया. इस मौके पर एसडीएम सारंग पाणि पांडेय बीडीओ वसंत कुमार सिंह, सीओ संतोष कुमार सिंह, बीपीआरओ शेखर कुमार ने आम जनों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना और उनके तत्काल समाधान करने को लेकर पदाधिकारी को कई दिशा निर्देश दिए. वहीं मौके पर पचास से अधिक आवेदन मे कई आवेदनों को तत्काल निष्पादन भी कर दिया गया. एसडीएम ने कहा कि सहयोग शिविर का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को सरकारी कार्यालय से संबंधित कार्य एवं कार्यालय मे होने वाली कठिनाइयों को दूर करना तथा प्रशासन और जनता के बीच बेहतर संवाद स्थापित करना है.सहयोग शिविर के दौरान पंचायत के दर्जनों लोगों ने अपनी अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखी. जिनके समाधान के लिए संबंधित विभाग के पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये. एसडीएम ने कहा कि हर शिकायत और आवेदन का निष्पादन के लिए नए पोर्टल के माध्यम से ससमय सीमा में सुनिश्चित किया जाएगा. आवेदन की ऑनलाइन मानिटरिंग भी की जा रही है. ताकि किसी भी व्यक्ति को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से चक्कर न लगाना पड़े. इस मौके पर बीईओ महेश पासवान, बीपीएम अमर ज्योंति मिश्रा,सीडीपीओ सुशीला कुमारी, स्कूटी इंजीनियर प्रभात ,जेई पंकज कुमार, वीएओ कौशल कुमार सिंह, थानाध्यक्ष अविनाश कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे.

## अतिक्रमण खाली करने गए प्रशासनिक अधिकारी के समक्ष जिंदा जलने का प्रयास, या जिंदा जलाने की कोशिश, गांव में पुलिस बल तैनात


अध जला हुआ राजेंद्र ठाकुर

**मधुबनी (एनएसबी)।** बेनीपट्टी थाने के अधवारी गांव न्यायालय के आदेश से अतिक्रमण खाली करने गए प्रशासनिक अधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी के सामने उसे वक्त अफरा तफरी का माहौल बन गया जिस घर को खाली करने गए थे उसे घर से पूरे शरीर में आग की लपेटे हुए राजेंद्र ठाकुर बाहर निकाल और चिल्लाने लगा इसे देखकर सभी भौचक रह गए! ग्रामीणों की मदद से राजेंद्र ठाकुर को आग बुताया गया! पुलिस ने जख्मी को बेनीपट्टी अनुमंडल अस्पताल लाया जहां उसे गंभीर देखते हुए मधुबनी रेफर कर दिया गया!

आग कैसे लगी, किसने लगाया, घटना कैसे हुई, इसकी विस्तृत जानकारी प्रशासनिक अधिकारी जांच कर रहे हैं!

लेकिन गांव में तनाव का माहौल है और बताया जा रहा है कि जिस घर को खाली करने पुलिस आई थी, जिसने खाली करना चाहता था! उसकी साजिश तो नहीं है! इस संबंध में पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया है कि बेनीपट्टी थाना अंतर्गत अधिवारी गांव के वार्ड -05 में एक दखल देहानी में 35 पुलिस कर्मी एवं पुलिस पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, बेनीपट्टी एवं न्यायालय कर्मी के द्वारा शांति पूर्ण तरीके से दखल देहानी कराया जा रहा था!, तभी राजिंद्र ठाकुर अपने घर के अंदर से दूसरा पक्ष के द्वारा आग लगता हुआ बाहर निकले वाली बात बताई गई। फिर ग्रामीण एवं पुलिस के सहयोग से राजिंद्र ठाकुर का आग बुझाया गया। उसके बाद पुलिस वाली गाड़ी से आग से जले खयाल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाया गया एवं इलाजरत है। उसके बाद गाँव के लोग इकठ्ठा होकर कोर्ट के कर्मी के साथ हाथापाई की फिर पुलिस की सुरक्षा में उसे बाहर निकाला गया। घटनास्थल पर अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहीत काफी संख्या में पुलिस बल तैनात है! अभी गांव में विधि व्यवस्था की स्थिति सामान्य है एवं विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

## श्री श्री 108 नागा बाबा महावीर मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर निकली भव्य शोभायात्रा


शोभा यात्रा

**जयनगर (एनएसबी)।** जयनगर नगर स्थित ऐतिहासिक एवं आस्था के प्रमुख केंद्र श्री 108 नागा बाबा महावीर मंदिर, महावीर चौक में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत मंगलवार को भव्य शोभायात्रा एवं आकर्षक झांकी निकाली गई। धार्मिक उत्साह, भक्ति और श्रद्धा से ओत-प्रोत इस आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। शोभायात्रा के दौरान पूरा नगर जयकारों से गूंज उठा और वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया।प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर निकाली गई शोभायात्रा मंदिर परिसर से वैदिक मंत्रोच्चार, पूजा-अर्चना एवं धार्मिक अनुष्ठानों के साथ प्रारंभ हुई। यात्रा में भगवान श्रीराम, माता सीता, श्रीहनुमान, भगवान शिव, माता पार्वती सहित विभिन्न देवी-देवताओं की मनमोहक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। रंग-बिरंगे परिधानों और धार्मिक स्वरूपों से सुसज्जित कलाकारों ने झांकियों को जीवंत रूप प्रदान किया, जिसे देखने के लिए नगर के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।शोभायात्रा महावीर चौक से निकलकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए भ्रमण करती रही। मार्ग के दोनों ओर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। लोगों ने अपने घरों, प्रतिष्ठानों एवं सार्वजनिक स्थलों से पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। पूरे रास्ते जय श्रीराम, हर-हर महादेव और बजरंगबली के जयकारों से वातावरण गुंजायमान रहा। धार्मिक गीतों एवं भजनों की मधुर धुनों ने श्रद्धालुओं के उत्साह को और बढ़ा दिया।इस अवसर पर महिलाओं, युवाओं एवं बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में भगवान के जयकारे लगाते हुए शोभायात्रा के साथ चल रहे थे। कई सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए शीतल पेयजल, शरबत एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की गई थी। नगरवासियों के सहयोग और उत्साह ने आयोजन को और अधिक भव्य बना दिया।शोभायात्रा के समापन पर मंदिर परिसर में विशेष पूजा-अर्चना एवं आरती का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर में दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। आयोजन को सफल बनाने के लिए मंदिर प्रबंधन समिति एवं स्थानीय स्वयंसेवकों ने व्यापक व्यवस्थाएं की थीं। सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को लेकर भी आवश्यक प्रबंध किए गए थे ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।इस दौरान समाज के विभिन्न वर्गों के गणमान्य नागरिकों की भी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में अरुण जैन, नगर पंचायत जयनगर के मुख्य पार्षद कैलाश पासवान, डॉ. रत्नेश्वर प्रसाद सिंह, डॉ. ए.पी. सिंह,दिनेश जांगिड़, अरूण कुमार साह उर्फ अरूण जर्दा, शीतल राउत, अनिल बैरोलिया, बैद्यनाथ ठाकुर, कल्पना सिंह, शिवशंकर ठाकुर, गिरधर सराफ, राजेश मुरारका, रंजिश पासवान, गुड्डा मंडल, राम प्रसाद राउत, अरविंद तिवारी, सुधीर खर्गा, शिवम चौधरी, डॉ. सतीश गोइत, शिबू गुप्ता उर्फ शिबू महाजन, शंभू गुप्ता, जय नारायण यादव, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं धर्मप्रेमी उपस्थित रहे। मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यों ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत बुधवार 17 जून को प्रातः 8 बजे से दिव्य प्राण प्रतिष्ठा का मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। वैदिक विधि-विधान एवं विद्वान आचार्यो के मंत्रोच्चार के बीच मंदिर में स्थापित होने वाले विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होगी। यह आयोजन क्षेत्र के श्रद्धालुओं के लिए ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।समिति ने बताया कि संध्या 5 बजे से प्रसिद्ध कथावाचक एवं मानस मयंक पंडित अजय याज्ञनिक द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ की विशेष प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं संध्या 7 बजे से प्रभु इच्छा तक महाप्रसाद वितरण का आयोजन होगा, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।मंदिर समिति ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं, धर्मप्रेमियों एवं नगरवासियों से अपील की है कि वे अपने परिवार, मित्रों एवं इष्टजनों के साथ इस पावन धार्मिक आयोजन में शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त करें तथा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को सफल बनाने में अपना योगदान दें। इस भव्य आयोजन को लेकर पूरे जयनगर में उत्साह और श्रद्धा का माहौल बना हुआ है।

## देवधा मध्य पंचायत में सहयोग शिविर आयोजित, विभिन्न मामलों का हुआ निष्पादन


शिविर में उपस्थित अधिकारी

**जयनगर (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के देवधा मध्य पंचायत में मंगलवार को आमजनों की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। पंचायत स्तर पर आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। शिविर का आयोजन पंचायत के मुखिया जियाउद्दीन की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।सहयोग शिविर में विभिन्न विभागों से जुड़े अधिकारियों ने उपस्थित होकर लोगों की शिकायतें सुनीं तथा कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया। शिविर का मुख्य उद्देश्य आम जनता को सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत देना तथा पंचायत स्तर पर ही समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना था। ग्रामीणों ने भूमि, बिजली, शिक्षा, कृषि, श्रम, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं एवं अन्य जनसुविधाओं से संबंधित समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा।इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) दीपक कुमार ने कहा कि सरकार की मंशा है कि आम लोगों को उनकी समस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी समाधान मिले। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करें तथा जनता को योजनाओं का लाभ दिलाने में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) राजीव रंजन कुमार ने विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए लोगों से योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर ऐसे शिविरों के आयोजन से आम जनता और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होता है तथा लोगों की समस्याओं का शीघ्र समाधान संभव हो पाता है। शिविर में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी अश्विनी राज ने श्रमिकों के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी दी। वहीं प्रखंड कृषि पदाधिकारी नागेंद्र पूर्वे ने किसानों को कृषि संबंधी योजनाओं एवं आधुनिक खेती के बारे में जानकारी प्रदान की। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी पूनम राजीव ने शिक्षा विभाग से संबंधित योजनाओं एवं विद्यालयों में संचालित कार्यक्रमों की जानकारी दी। विद्युत कनीय अभियंता गौरी शंकर प्रसाद ने बिजली आपूर्ति एवं विद्युत संबंधी शिकायतों के समाधान को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।कार्यक्रम में भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ पिंटू, भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मउज अहमद खान सरपंच मो. जाहीद समेत पंचायत प्रतिनिधियों एवं अन्य अधिकारियों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। शिविर के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे और अपनी समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन दिए। अंत में पंचायत प्रतिनिधियों ने प्रशासनिक अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के जनहितकारी शिविर आयोजित करने की मांग की। ग्रामीणों ने भी पंचायत स्तर पर आयोजित इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनसमस्याओं के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

# आभूषण व्यवसायी हत्या मामले में डीआईजी ने संभाली कमान

## एसएसपी ने गठित की एसआईटी, विधि विज्ञान प्रयोगशाला की टीम और डॉग स्क्वॉड की मदद से मामले की जांच तेज

**मुजफ्फरपुर (दैनिक नवसंदेश)।** नगर के कच्ची-पक्की ओपी क्षेत्र में सोमवार की रात हुई आभूषण व्यवसायी दीपक कुमार गुप्ता की सनसनीखेज हत्या की घटना के बाद पुलिस प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में आ गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मंगलवार को तिरहुत रेंज के डीआईजी चंदन कुशवाहा ने स्वयं घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच की प्रगति की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने स्थानीय पुलिस अधिकारियों से घटना की विस्तृत जानकारी ली और वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अपराधियों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाए। वही इस मामले में त्वरित सकारात्मक कार्रवाई के लिए एसएसपी काँतेश कुमार मिश्रा ने एक विशेष जांच दल का गठन किया है। आभूषण व्यवसायी हत्याकांड को अंजाम देने वाले अपराधियों की पहचान कर त्वरित गिरफ्तारी के लिए पुलिस की विशेष जांच टीम लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है और विभिन्न बिंदुओं पर गहन जांच में जुटी हुई है। पुलिस ने जांच को तकनीकी रूप से मजबूत बनाने के लिए एफएसएल और डॉग स्क्वॉड की भी मदद ली है।

पुलिस के अनुसार घटनास्थल से जुटाए गए साक्ष्यों का वैज्ञानिक विश्लेषण किया जा रहा है, ताकि अपराधियों तक जल्द पहुंचा जा सके। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच तेजी से आगे बढ़ रही है और जल्द ही मामले का खुलासा किए जाने की उम्मीद है। घटना के बाद इलाके में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। ज्ञात हो कि सोमवार की देर शाम जब माधोपुर हाट स्थित अपनी दुकान बंद कर आभूषण



आभूषण व्यवसायी हत्या मामले की जांच प्रगति की जानकारी लेने व घटनास्थल के आसपास का निरीक्षण करते डीआईजी तिरहुत प्रक्षेत्र चंदन कुशवाहा।

कारोबारी दीपक कुमार गुप्ता घर लौट रहे थे। इसी क्रम में घर से महज 50 मीटर पहले ही बाइक पर सवार अपराधियों ने उन्हें घेर लिया और आभूषणों से भरा बैग लूटने का प्रयास किया। दीपक कुमार गुप्ता ने जब अपराधियों का पुरजोर विरोध किया, तो अपराधियों और उनके बीच काफी देर तक हाथापाई होती रही। शोर सुनकर कारोबारी की पत्नी चिल्लाने लगी और बेटा दुर्गेश कुमार पिता को बचाने के लिए दौड़ा। खुद को घिरता देख और लूट में नाकाम होने पर अपराधियों ने मां-बेटे के सामने ही दीपक कुमार गुप्ता पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं और फरार हो गए। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने कारोबारी को मृत घोषित कर दिया।

स्थानीय लोगों और परिजनों के कड़े विरोध के कारण अपराधी आभूषणों से भरा बैग लूटने में असफल रहे। घबराहट में अपनी जान बचाकर भागने के क्रम में अपराधियों की पिस्टल, चप्पल और टोपी घटनास्थल पर ही छूट गई, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। घटना के बाद इलाके में भारी आक्रोश को देखते हुए कच्ची पक्की ओपी सहित करीब आधा दर्जन थानों की पुलिस, अतिरिक्त पुलिस बल, सिटी एसपी मोहिबुल्लाह अंसारी और डीएसपी देर रात तक घटनास्थल पर जमे रहे औऱ पूरा इलाका पुलिस छावनी में तब्दील रहा। तिरहुत रेंज के डीआईजी चंदन कुशवाहा ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद बताया कि यह संवेदनशील और गंभीर मामला है। अपराधियों की पहचान और त्वरित गिरफ्तारी के लिए एक विशेष जांच टीम का गठन करने का निर्देश जारी कर दिया गया है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है और अपराधियों के भागने की दिशा में ताबड़तोड़ छापेमारी की जा रही है। डीआईजी ने दावा किया कि वारदात में शामिल अपराधी चाहे जो भी हों, वे जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे और सलाखों के पीछे भेजे जाएंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### आभूषण व्यवसायी की हत्या के विरोध व सुरक्षा की मांग को लेकर नगर में प्रदर्शन

#### एक दिन सर्राफा व्यवसाय ठप रखने का किया आह्वान

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** मुजफ्फरपुर में अपराधियों द्वारा सर्राफा व्यवसाईयों को निशाना बनाकर बार बार हत्या व लूट की घटनाओ को अंजाम दिए जाने को लेकर आक्रोशित जिले भर के सरार्फा व्यवसाईयों ने मंगलवार को नगर में जुलुस निकालकर जिले में लगातार हो रही अपराध की घटनाओ को लेकर विरोध प्रदर्शन किया तथा पुलिस प्रशासन से सरार्फा व्यवसाईयों को सुरक्षा देने की मांग की। जुलुस व प्रदर्शन में शामिल जिला सरार्फा व्यवसायी संघ के नेताओं ने तीन दिनों के भीतर दो सरार्फा व्यवसायी काँटी थाना क्षेत्र के दामोदरपुर में दिनदहाड़े जवेलरी दुकान में हुई लाखों रुपए के जवेलरी की लूट औऱ दुकानदार पर हमले तथा इस घटना के तीसरे दिन कच्ची पक्की ओपी क्षेत्र में देर शाम सरार्फा व्यवसायी दीपक कुमार गुप्ता की लूटपाट के दौरान हत्या कर दिए जाने की घटना को लेकर कहा कि हमें सरकार औऱ प्रशासन से सुरक्षा चाहिए। जबतक सरकार और प्रशासन व्यवसाईयों को सुरक्षा नहीं देगी, तबतक सरार्फा संघ के लोग अपना व्यवसाय करने में असमर्थ हैं। विरोध प्रदर्शन के दौरान ही संगठन के सदस्यों ने लगातार हो रही अपराध की घटना के विरोध में पुरे जिले के सरार्फा व्यवसाइयों से अपनी दुकानें एक दिन पूर्ण रूप से बंद रखकर आंदोलन की शुरूआत करने का आव्हान किया। वही सर्वसम्मती से यह निर्णय लिया गया कि जिला संगठन के आव्हान पर मुजफ्फरपुर जिले के शहरी औऱ ग्रामीण क्षेत्र के सभी आभूषण कारोबारी एक दिन अपना व्यवसाय पूरी तरह बंद रखकर सरकार और प्रशासन से अपने जान माल की सुरक्षा की मांग करेंगे। इसके बाद भी सरार्फा व्यवसाईयों को अपराधियों के आतंक से अगर मुक्ति और सुरक्षा नहीं मिलेगी तो फिर संगठन अपनी मांग को लेकर चरणबद्ध आंदोलन की स्थिति पर विचार करेगा। इस जुलुस प्रदर्शन में दर्जनों की संख्या में सरार्फा संघ के सदस्य व अन्य आभूषण कारोबारी शामिल थे।



लूट और हत्या के विरोध में प्रदर्शन करते सरार्फा व्यवसायी संघ के लोग।

### मानवाधिकार और अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद पर व्याख्यान के लिए लंदन से एसकेजे लॉ कॉलेज के निदेशक जयंत कुमार को मिला आमंत्रण

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)** । एस.के.जे. लॉ कॉलेज के निदेशक जयंत कुमार, जो अंतर्राष्ट्रीय न्यायविद् परिषद् शिक्षक प्रकोष्ठ के भारत के महासचिव भी हैं, उन्हें परिषद् के मुख्यालय 134, बकिंघम पैलेस रोड, लंदन से 28 जून को लंदन में आयोजित होने वाले दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया गया है। 28 एवं 29 जून 2026 को लंदन में आयोजित इस सम्मेलन में जयंत कुमार मानवाधिकार तथा अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे। सम्मेलन में विश्व के विभिन्न देशों के न्यायविद्, पूर्व न्यायाधीश, सांसद और विधि विशेषज्ञ भाग लेंगे तथा समकालीन वैश्विक एवं विधिक विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया जाएगा। जयंत कुमार ने कहा कि इस प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अपने विचार रखने का अवसर मिलना उनके लिए सम्मान और गर्व की बात है। उन्होंने इसे मुजफ्फरपुर, बिहार और भारत के लिए भी गौरवपूर्ण क्षण बताते हुए कहा कि विश्वभर के विधि विशेषज्ञों के बीच अपने विचार साझा करना उनके जीवन का अविस्मरणीय अनुभव होगा। इस अवसर पर एस.के.जे. लॉ कॉलेज के शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों में उत्साह है।



एसकेजे लॉ कॉलेज के निदेशक जयंत कुमार।

### कांटी क्षेत्र के बकटपुर में नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन का विधायक अजीत कुमार ने किया उद्घाटन

**काँटी(एनएसबी)।** कांटी विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास एवं क्षेत्र की जनता के कार्य का निष्पादन हमारी पहली प्राथमिकता है। उक्त बातें मंगलवार को कांटी क्षेत्र के बकटपुर पंचायत में नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन का उद्घाटन करते हुए स्थानीय विधायक सह पूर्व मंत्री ई अजीत कुमार ने कही। इस मौके पर श्री कुमार का स्थानीय मुखिया शाहिद रजा उर्फ लड्डन समेत स्थानीय लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। विधायक अजीत कुमार ने कहा कि पंचायत क्षेत्र के लोगों को अब स्थानीय स्तर पर पंचायत सरकार भवन में ही सभी सरकारी कार्य निष्पदित होंगे और उन्हें स्थानीय स्तर से ही सभी तरह की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि सबका सम्मान व सबको प्रतिष्ठा देना उनकी पहली प्राथमिकता रही है। अजीत कुमार ने कहा कि कांटी विधानसभा क्षेत्र के कई पंचायत में पंचायत सरकार भवन का निर्माण हो गया है। जहाँ पंचायत सरकार भवन नहीं बना है, वहां जल्दी पंचायत भवन बने। इसके लिए वे प्रयासरत है।इस अवसर पर बीडीओ आनंद कुमार विभूति, सीओ पिंटू कुमार, स्थानीय मुखिया शाहिद रजा उर्फ लड्डन, सरपंच जगत नारायण तिवारी, हाफिज औजेर, पप्पू तिवारी, मुन्ना ओझा, सुनील ओझा, चंदेश्वर महतो, अवध भगत, मोहन भगत, त्रिलोकी महतो, चुल्हाई महतो,मो. कासिम, कैलाश ठाकुर, रामेश्वर सहनी, राजनारायण साह समेत कई प्रमुख लोग उपस्थित थे।




# अब घर बैठे जन समस्याओं का हो रहा समाधान : डॉ. चंद्रशेखर

## जिला प्रभारी सचिव ने मुसहरी, बोचहा अंतर्गत पंचायत व प्रखंड स्तरीय शिविर का किया निरीक्षण

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** जिले में आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के निमित्त मंगलवार को 23 स्थलों पर आयोजित सहयोग शिविर लोगों के बीच भरोसे का माध्यम बना। इसी क्रम में जल संसाधन विभाग के सचिव -सह- जिला प्रभारी सचिव डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने जिले के मुशहरी, बोचहा प्रखंड अंतर्गत बडा जग्रनाथ, नरकटिया, तथा बोचहा प्रखंड परिसर में आयोजित प्रखंड सहयोग सह जन कल्याण शिविर का निरीक्षण किया तथा विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल पर प्राप्त आवेदन, निष्पादन की गुणवत्ता, पंजी संधारण, तथा लाभुकों को दी जा रही सेवाओं की जानकारी प्राप्त की।

**जिले के 23 स्थानो पर लगे सहयोग शिविरों से बढ़ा ग्रामीणों का भरोसा**

साथ ही मौके पर उपस्थित आम नागरिकों से भी फीडबैक प्राप्त किया। शिविर में मूलतः राजस्व विभाग, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छता, मनरेगा, जीविका, सामाजिक सुरक्षा,आपूर्ति विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग,कृषि विभाग, श्रम विभाग, सहकारिता विभाग, कल्याण विभाग, पंचायती राज, आईसीडीएस पीएचईडी, विद्युत एवं अन्य योजनाओं से संबंधित स्टाल लगाये गये। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकार केवल आवेदन प्राप्त करने तक सीमित नहीं रहना चाहती, बल्कि प्रत्येक शिकायत का वास्तविक और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सहयोग शिविर के द्वारा प्रशासन जनता के द्वार पर जाकर उनकी समस्याएं सुन रही हैं तथा उसका निवारण कर रही है। उन्होंने लोगों की समस्याओं के वास्तविक निवारण की आवश्यकता पर बल दिया।




डीएम के साथ सहयोग शिविर का निरीक्षण करते जल संसाधन विभाग के सचिव -सह- जिला के प्रभारी सचिव डॉ चंद्रशेखर सिंह।

जिला के प्रभारी सचिव ने शिकायतकर्ताओं एवं लाभार्थियों से भी सीधा संवाद किया और उनसे फीडबैक प्राप्त किया। ग्रामीणों ने सरकार की इस पहल की खुले मन से सराहना की। लोगों ने कहा कि पहली बार प्रशासन स्वयं गांव तक पहुंचकर उनकी समस्याएं सुन रही है और त्वरित समाधान भी कर रही है। शिविर में वरीय अधिकारियों की मौजूदगी से लोगों में विश्वास बढ़ा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिविर में प्राप्त आवेदनों का 30 दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से निष्पादन किया जाए। निर्धारित समयसीमा का उल्लंघन करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध नियमसंगत कार्रवाई की जाएगी। शिविर में विधायक बेबी कुमारी, मुखिया ललिता देवी, जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन, वरीय पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्र, उप विकास आयुक्त श्रेष्ठ अनुपम,नगर आयुक्त ऋतुराज प्रताप सिंह, एसडीओ पूर्वी तुषार कुमार प्रखंड विकास पदाधिकारी मुसहरी, बोचहा, आदि उपस्थित थे।

# मोदी सरकार के 12 साल का कार्यकाल देश के लिए 'विनाशकाल' साबित हुए : कमलदेव



जिला कांग्रेस कार्यालय में पत्रकारो से बात करते कांग्रेस के संगठन सृजन कार्यक्रम के प्रदेश प्रभारी कमलदेव नारायण शुक्ला।

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** कांग्रेस के संगठन सृजन कार्यक्रम के प्रदेश प्रभारी कमलदेव नारायण शुक्ला ने मंगलवार को मुजफ्फरपुर में आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्ष देश के लिए "विनाशकाल" साबित हुए हैं।

स्थानीय तिलक मैदान स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में पत्रकारो को संबोधित करते हुए कमलदेव नारायण शुक्ला ने आरोप लगाया कि यह सरकार चंद पूंजीपतियों के हित में काम कर रही है। जबकि आम जनता बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार और पेपर लीक जैसी समस्याओं से जूझ रही है। उन्होंने कहा कि सरकार मीडिया, मेकअप और इवेंट मैनेजमेंट के सहारे चल रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पिछले दिनों देश की जनता से की गई अपील पर व्यंग्य करते हुए श्री शुक्ला ने कहा कि अब प्रधानमंत्री लोगों से सोना नहीं खरीदने की अपील कर रहे हैं, अब देश मे बच्चो के भविष्य के लिये सोना से ज्यादा बहुमूल्य प्रश्नपत्र खरीदना जरूरी हो गया है। इससे पूर्व उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओ की बैठक को संबोधित करते हुए बताया कि संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत जिले के सभी प्रखंड अध्यक्षों एवं नगर अध्यक्षों का चयन कर लिया गया है। जल्द ही जिला उपाध्यक्ष, महासचिव, सचिव सहित अन्य पदाधिकारियों की नियुक्ति भी की जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि कांग्रेस 20 जून को जिला समाहरणालय पर महंगाई, भ्रष्टाचार और पेपर लीक जैसे मुद्दों को लेकर प्रदर्शन करेगी। इसके बाद 22 जून से 30 जून तक सभी प्रखंडों में भी विरोध-प्रदर्शन किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 11 जुलाई को पटना में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में एक विशाल प्रदर्शन आयोजित किया गया है। कार्यकर्ताओ की बैठक की अध्यक्षता पूर्वी जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार मुकुल ने की। इस अवसर पर उमेश कुमार राम, जिला प्रवक्ता समीर कुमार, महिला जिलाध्यक्ष जूही प्रितम, केदार सिंह पटेल, डॉ शंभू राम, विकास कुमार टुल्लू, मोजक्कीर रहमान, दिलीप चौधरी, ललित कुमार यादव, प्रभात चंद्र, लक्ष्मण ठाकुर, रामप्रवेश पाल, मनोज सिंह, रवि शंकर राय, मो आमिर, अलख निरंजन शर्मा, सीमा सरोज सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आपदा प्रबंधन समिति की हुई बैठक, जर्जर तटबंधों को दुरूस्त करने पर दिया गया जोर

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** संभावित बाढ़ और आपदा से निपटने की तैयारियों को लेकर गायघाट प्रखंड सभागार में प्रखंड स्तरीय आपदा प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख श्रवण कुमार सिंह ने की। बैठक में अंचलाधिकारी शिवांगी पाठक, बागमती परियोजना के एसडीओ समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में बाढ़ पूर्व तैयारियों की व्यापक समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि बागमती नदी एवं अन्य नदियों के किनारे कटाव और जलभराव से सर्वाधिक प्रभावित होने वाले स्थानों को चिह्नित कर समय रहते आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय सुनिश्चित किए जाएं।

साथ ही आपात स्थिति में लोगों और मवेशियों के सुरक्षित ठहराव के लिए ऊंचे स्थानों की पहचान करने को कहा गया। बैठक में छोटे-बड़े नदी की मुख्य एवं उपधाराओं पर क्षतिग्रस्त तटबंधों और बांधों की मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण पर विशेष जोर दिया गया। बागमती नदी के अधिक कटाव वाले क्षेत्रों में पहले से ही बालू और बालू से भरे बोरे का पर्याप्त भंडारण करने का निर्णय लिया गया, ताकि आवश्यकता पड़ने पर तत्काल कटावरोधी कार्य शुरू किया जा सके। स्वास्थ्य विभाग को क्षेत्र की सभी गर्भवती महिलाओं का सर्वेक्षण कर सूची शीघ्र तैयार का निर्देश दिया गया, ताकि बाढ़ के दौरान सुरक्षित प्रसव की व्यवस्था समय पर की जा सके। इसके अलावा सर्पदंश, एलर्जी सहित आपदा के समय उपयोग में आने वाली आवश्यक दवाओं का पर्याप्त भंडारण और उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।



गायघाट प्रखंड मुख्यालय सभागार में प्रखंड स्तरीय आपदा प्रबंधन समिति की बैठक।

बैठक के दौरान अधिकारियों ने कहा कि बाढ़ से पूर्व सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ तैयारी पूरी करें, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित राहत एवं बचाव कार्य प्रभावी ढंग से संचालित किया जा सके। सीओ शिवांगी पाठक ने जल्द से जल्द जीआर सूची तैयार कर अंचल कार्यालय को सुपुर्द करने को कहा।

## 'विकसित भारत संकल्प सम्मेलन' में पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री ने दिया पर्यावरण व आत्मनिर्भरता का संदेश

# अनुराधा सहनी के नेतृत्व में 25 महिलाओं ने ली भाजपा की सदस्यता

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में, "12 साल विश्वास के, विकास के और जनकल्याण के" कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को नगर के इमलीचट्टी स्थित शुभकामना सभागार में 'विकसित भारत संकल्प सम्मेलन' का आयोजन किया गया। भाजपा पूर्वी मुजफ्फरपुर के जिला अध्यक्ष विवेक कुमार ने की।

प्रदेश मंत्री व कार्यक्रम संयोजक मुकेश शर्मा के संचालन में आयोजित सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इन 12 वर्षों के कार्यकाल में भारत निराशा के दौर से निकलकर विश्वास और विकास की यात्रा पर तेजी से आगे बढ़ा है। आज मोदी सरकार की पहचान गरीब कल्याण, सुशासन और राष्ट्र प्रथम की नीतियों से है। जो योजनाएं पहले केवल कागजों पर सिमटी रहती थीं,



सम्मेलन को संबोधित करते पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री राधा मोहन सिंह।

आज वे शत-प्रतिशत सीधे लाभार्थियों तक पहुंच रही हैं। वक्ताओ ने कहा कि 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' आज देश के शासन की वास्तविकता बन चुकी है। सरकार ने राजनीति को तुष्टिकरण के दलदल से निकालकर विकास और प्रदर्शन आधारित बनाया है। सम्मेलन के मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री राधामोहन सिंह ने नरेंद्र मोदी के 12 साल के कार्यकाल की

ऐतिहासिक उपलब्धियों और विकास के आंकड़ों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आधारभुत संरचनाओ के विकास के साथ साथ भारत ने 2014 से लेकर आजतक के 12 वर्षो में भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुकी है और जल्द ही तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनने जा रही है। आंतरिक सुरक्षा में भारत की आत्मनिर्भरता का दुनिया लोहा मानने लगी है। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, डिजिटल और पारदर्शी शासन के क्षेत्र में प्रधानमंत्री की उपलब्धियाँ गिनाते हुए सम्मेलन के मुख्य अतिथि और पूर्व केंद्रीय मंत्री राधा मोहन सिंह ने अपने संबोधन में तेल, डीजल और पर्यावरण संरक्षण पर विशेष जोर दिया। सम्मेलन के मंच पर कार्यक्रम के समापन सत्र में अनुराधा सहनी के नेतृत्व में 25 महिलाओं ने भाजपा की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री राधा मोहन सिंह ने सभी नवागंतुक सदस्यों को भाजपा का पट्टा व माला पहनाकर सम्मानित किया और दल की सदस्यता दिलाई। भाजपा की सदस्यता और देश सेवा की शपथ लेने वालों में निर्मला देवी, अंजू देवी, विमल देवी, रेखा देवी, रीता देवी, सीमा देवी, ममता साहनी, उर्मिला देवी, संगीता देवी, प्रतिमा देवी, शारदा देवी, नीलम देवी, तितली देवी, कृष्णा देवी, अरविंद देवी, संगीता देवी, नीलू देवी, छोटे लाल प्रसाद सहनी, राजकुमार, राज किशोर साहनी, शुभम कुमार मुख्य रूप से शामिल रहे।

सम्मेलन के मंच से नगर विधायक रंजन कुमार, पूर्व मंत्री सुरेश कुमार शर्मा, पूर्व मंत्री बसावन भगत, मेयर निर्मला साहू, सम्मेलन के संयोजक व भाजपा के प्रदेश मंत्री मुकेश शर्मा, हरि मोहन चौधरी (पश्चिमी जिलाध्यक्ष) सच्चिदानंद सिन्हा (अधिवक्ता मंच) पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष रविंद्र प्र. सिंह, रामकुमार झा आदि ने भी संबोधित किया। मौके पर मनोज तिवारी, विधानसभा प्रभारी अरविंद सिंह, उपाध्यक्ष सुरेश कुमार के साथ जिला संगठन सहित सभी मंच मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### विद्युत विभाग की लापरवाही से गई भुईल कवारी की जान : हरिओम शरण

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** युवा राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला संगठन प्रभारी गोपालगंज हरिओम शरण नारायण ने डुमरा थाना क्षेत्र के बेली गांव में झूल रहे 11 हजार वोल्ट विद्युत तार के कारण हुई भुईल कवारी की मौत को विद्युत विभाग की संवेदनहीनता और घोर लापरवाही का परिणाम बताया है। उन्होंने कहा कि विशनपुर निवासी खुदरा आम व्यवसायी भुईल कवारी की हाल ही में उक्त तार की चपेट में आने से मौत हो गई। इससे पहले वर्ष 2025 में बेली गांव निवासी सीता देवी की भी इसी स्थान पर करंट लगने से जान चली गई थी। हरिओम शरण नारायण ने आरोप लगाया कि उन्होंने जनवरी 2025 में जिला पदाधिकारी को पत्र भेजकर बेली गांव के सुलिस गेट से दक्षिण स्थित कच्ची सड़क के किनारे लगे झुके हुए विद्युत पोल और नीचे लटक रहे 11 हजार वोल्ट के तार की जानकारी दी थी। इसके बावजूद विभाग द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने बताया कि मामले में सूचना के अधिकार के तहत भी जानकारी मांगी गई, लेकिन अब तक संतोषजनक जवाब नहीं मिला है। उन्होंने मृतक भुईल कवारी के परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की तथा दोनों मौतों की उच्चस्तरीय जांच, दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई और पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने की मांग की। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर युवा राजद का संघर्ष जारी रहेगा।


मृतक के परिजनों से मुलाकात करते युवा राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष व स्थानीय ग्रामीण।

**युवा राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष ने मृतक के परिजनों से मुलाकात कर व्यक्त की संवेदना**

### सीएमआर अधिप्राप्ति की समीक्षा, दिए गए कई निर्देश

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में मंगलवार को सीएमआर अधिप्राप्ति की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध 82.38 प्रतिशत सीएमआर का अधिप्राप्ति किया गया है। 4,67,640.02 क्विटंल में से 3,85,264.08 क्विटंल सीएमआर प्राप्त किया जा चुका है, जो लक्ष्य का 82.38 प्रतिशत है। समीक्षा के क्रम में अंबिका राइस मिल, बथनाहा एवं किसान राइस मिल, डुमरा का कार्य संतोषजनक नहीं पाये जाने पर स्पष्टीकरण करते हुए उस राईस मिल से कुछ पैक्स को असंबद्ध करते हुए दूसरे राइस मिल से टैग करने का निदेश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया है। साथ ही जिलाधिकारी, सीतामढ़ी द्वारा सभी पैक्स एवं मिलरों को निदेश दिया गया है कि सरकार द्वारा निर्धारित तिथि (30-06-2026) तक शत प्रतिशत सीएमआर राज्य खाद्य निगम के गोदाम में हस्तगत कराने का निदेश दिया गया है। बैठक में डीपीआरओ कमल सिंह, प्रबंधक एस एफ सी, सहकारिता विभाग के पदाधिकारी, सभी मिलर्स उपस्थित थे।

### 12 घंटे के भीतर हत्या कांड का उद्भेदन, दो गिरफ्तार

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** सहियारा थाना क्षेत्र में 50 वर्षीय महिला की गोली मारकर हत्या के मामले का पुलिस ने महज 12 घंटे के भीतर सफल उद्भेदन कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी गई। बताया गया कि 15 जून 2026 को सहियारा थाना क्षेत्र में एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस संबंध में सहियारा थाना कांड संख्या 97/26 दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि मृतका के पुत्र एवं एक आरोपी की पत्नी के बीच अश्लील फोटो और वीडियो प्रसारित किए जाने को लेकर विवाद चल रहा था। इसी विवाद के बाद आरोपियों ने हत्या की घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एसटीएफ के सहयोग से घटना में शामिल दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान भूतही थाना क्षेत्र निवासी सिकिंन्द्र मुखिया एवं प्रभास उर्फ प्रभात कुमार के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार सिकिंन्द्र मुखिया व प्रभास उर्फ प्रभात कुमार के विरुद्ध पूर्व से विभिन्न थानों में आपराधिक मामलों के कई कांड दर्ज हैं। पुलिस ने बताया कि मामले में अग्रिम विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।


गिरफ्तारी की जानकारी देते पुलिस अधिकारी व अन्य।

### माता की रसोई में 80 जरूरतमंदों को कराया गया भोजन

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** सिद्ध पीठ श्री माता वैष्णो देवी मंदिर, सीतामढ़ी धाम में जून माह के तीसरे मंगलवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत माता की रसोई का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत माता रानी की विशेष पूजा-अर्चना एवं संध्या आरती से हुई। इसके बाद माता को चावल, दाल, आलू-परवल की रसेदार सब्जी तथा भुना हुआ मिर्च का भोग अर्पित किया गया। भोग के उपरांत मंदिर अतिथि गृह में लगभग 80 जरूरतमंद लोगों को श्रद्धापूर्वक भरपेट भोजन कराया गया। लाभार्थियों में रिक्शा एवं ठेला चालक तथा मांगकर जीवनयापन करने वाले लोगों की संख्या अधिक रही। इस सेवा कार्य का आयोजन विश्वनाथपुर, डुमरा निवासी एवं वर्तमान में दिल्ली स्थित एमआरवी केमिकल इंडस्ट्रीज के प्रोपराइटर मुकेश कुमार द्वारा कराया गया। कार्यक्रम में मां वैष्णो देवी सेवा मंडल के अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा, महासचिव राजीव कुमार राजा, सदस्य संजय कुमार पप्पू तथा समाजसेवी रोहित कुमार ने सक्रिय भूमिका निभाई। मंदिर प्रबंधन ने कहा कि माता की रसोई का उद्देश्य जरूरतमंदों की सेवा कर समाज में मानवता और सेवा भाव को बढ़ावा देना है।



# सहयोग शिविरों के माध्यम से सीधे ग्राम पंचायतों तक पहुंच रही सरकार : श्रेयसी

**प्रभारी मंत्री ने रुन्नीसैदपुर प्रखंड के गंगवारा बुजुर्ग एवं धनुषी पंचायत में सहयोग शिविरों का किया निरीक्षण**

**लाभुकों से सीधा संवाद, पोर्टल आधारित मॉनिटरिंग और जवाबदेही सुनिश्चित करने का निर्देश**

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले में आमजनों की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं सरकारी योजनाओं की सेवाओं को पंचायत स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित सहयोग शिविरों का मंगलवार को जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री श्रेयसी सिंह ने रुन्नीसैदपुर प्रखंड के गंगवारा बुजुर्ग एवं धनुषी पंचायत में निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिविर में पहुंचे लाभुकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं, सुझावों एवं अनुभवों की जानकारी प्राप्त की।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री की परिकल्पना के अनुरूप सरकार की मंशा प्रशासनिक सेवाओं को लोगों के द्वार तक पहुंचाने की है। सहयोग शिविर इसी सोच का परिणाम है, जिसके माध्यम से विभिन्न विभागों की सेवाएं एवं योजनाएं पंचायत स्तर पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि ह्लसबका सम्मान, जीवन आसानह्व केवल एक नारा नहीं, बल्कि सरकार की कार्यसंस्कृति का आधार है।

शिविरों में शिक्षा, स्वास्थ्य, राजस्व, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, पंचायती राज, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण, किसान पहचान पत्र (फार्मर आईडी) सहित विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए काउंटरों का अवलोकन करते हुए प्रभारी मंत्री ने प्राप्त आवेदनों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि शिविर में प्राप्त प्रत्येक आवेदन को अनिवार्य रूप से सहयोग पोर्टल पर दर्ज किया जाए तथा उसकी नियमित निगरानी करते हुए समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि सहयोग शिविरों का वास्तविक उद्देश्य केवल आवेदन प्राप्त करना नहीं, बल्कि लोगों की समस्याओं का समाधान करना है। इस दिशा में सभी विभागीय पदाधिकारी एवं कर्मी संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्य करें। उन्होंने विशेष रूप से निर्देश दिया कि ऐसे मामलों का अधिकतम निष्पादन शिविर स्थल पर ही किया जाए जिनका तत्काल समाधान संभव है, ताकि आमजनों को बार-बार कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े।

प्रभारी मंत्री ने लाभुकों से प्राप्त फीडबैक के आधार पर अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनसेवा से जुड़े मामलों में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक आवेदन के निष्पादन हेतु स्पष्ट समय-सीमा निर्धारित करते हुए अधिकतम 30 दिनों के भीतर समाधान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही लंबित मामलों की नियमित समीक्षा कर उनकी प्रगति सहयोग पोर्टल पर अद्यतन रखने का निर्देश भी दिया।

उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को आगाह करते हुए कहा कि कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और जनोन्मुखी दृष्टिकोण अपनाना आवश्यक है। बिचौलियों की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जाए तथा शिकायत मिलने पर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि आमजन को बिना किसी बाधा के सरकारी सेवाओं का लाभ मिलना चाहिए। निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री ने शिविर स्थलों पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, पेयजल, बैठने की व्यवस्था, साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया तथा अधिकारियों को शिविर अवधि के दौरान सभी आवश्यक सुविधाएं बनाए रखने का निर्देश दिया।

जिला प्रशासन ने बताया कि जिले के सभी प्रखंडों में नियमित रूप से आयोजित किए जा रहे सहयोग शिविरों के माध्यम से पंचायत स्तर पर ही विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है। इससे शिकायतों के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निष्पादन की व्यवस्था सुदृढ़ हो रही है तथा प्रशासन और आमजन के बीच संवाद एवं विश्वास भी मजबूत हो रहा है। इस अवसर पर जिलाधिकारी रिची पांडेय, जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारी, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी सहित जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।



निरीक्षण के दौरान सहयोग शिविर को सम्बोधित करतीं प्रभारी मंत्री सुश्री श्रेयसी सिंह, उपस्थित विधायक, जिलाधिकारी व अन्य।

## जिला विकास एवं समन्वय समिति की बैठक में योजनाओं की समीक्षा

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी रिची पांडेय की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित परिचर्चा भवन में जिला विकास एवं समन्वय समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विकास योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने संभावित जल संकट को देखते हुए पीएचईडी एवं पंचायती राज विभाग को सभी खराब चापाकलों की मरम्मत शीघ्र कराने तथा नल-जल योजना से वंचित टोलों में लंबित कार्यों को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। सड़क निर्माण एवं मरम्मत योजनाओं की समीक्षा करते हुए आरसीडी को बरसात से पूर्व जर्जर सड़कों की मरम्मत प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने को कहा गया।

बैठक में आरसीडी, पुल निर्माण निगम, आरडब्ल्यूडी एवं मनरेगा के अधिकारियों को जिले के सभी पुल-पुलियों का सर्वे कर कमजोर एवं खतरनाक पुलों की रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। सभी अंचल अधिकारियों को विभिन्न योजनाओं के लिए भूमि उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा महत्वपूर्ण तटबंधों का निरीक्षण करने को कहा गया। स्टॉर्म ड्रेनेज योजना में विलंब पर नाराजगी जताते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने नल-जल योजना के सतत संचालन, उर्वरक दुकानों के नियमित निरीक्षण, अवैध नर्सिंग होम एवं अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर छापेमारी तथा अस्पतालों में चिकित्सकों की रोस्टर के अनुसार उपस्थिति की जांच कराने का निर्देश दिया। इंडो-नेपाल सीमा से सटे गांवों के विकास पर विशेष बल देते हुए उन्होंने सभी विभागों को योजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## डीएम ने बोधायन मंदिर का किया निरीक्षण साफ-सफाई व सौंदर्यीकरण के दिए निर्देश

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी रिची पांडे ने मंगलवार को बाजपट्टी प्रखंड अंतर्गत बनगांव पंचायत स्थित प्रसिद्ध बोधायन मंदिर पहुंचकर विधिवत दर्शन एवं पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधाओं तथा परिसर की व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया।

मंदिर दर्शन के उपरांत जिलाधिकारी ने मंदिर परिसर एवं परिसर स्थित पोखर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परिसर की स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्था, श्रद्धालुओं के आवागमन की सुविधाओं तथा समग्र रखरखाव की स्थिति का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि मंदिर परिसर में नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए तथा श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुदृढ़ की जाएं। उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी को विधि-व्यवस्था के प्रभावी संधारण के साथ-साथ मंदिर परिसर की गरिमा एवं पवित्रता बनाए रखने हेतु आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया। उन्होंने परिसर स्थित पोखर के संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण की दिशा में भी आवश्यक कार्रवाई करने को कहा, ताकि यह स्थल धार्मिक महत्व के साथ-साथ आकर्षक एवं स्वच्छ पर्यावरण का भी प्रतीक बन सके। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले के धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व के स्थलों का संरक्षण एवं विकास प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। ऐसे स्थलों पर मूलभूत सुविधाओं, स्वच्छता एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना आवश्यक है, जिससे श्रद्धालुओं एवं आगंतुकों को बेहतर वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।



मंदिर का निरीक्षण करते जिलाधिकारी रिची पांडे व अन्य।

## भारत-नेपाल सीमावर्ती इलाके से संबंधित बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा के बाद कई निर्देश जारी

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** भारत- नेपाल सीमावर्ती इलाके से संबंधित गृह मंत्री, भारत सरकार के द्वारा समीक्षात्मक बैठक के दिशा निर्देश के आलोक में विमर्श सभा कक्ष में जिलाधिकारी रिची पांडेय ने विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में भारत नेपाल सीमा पर घोषित नो मैंस लैंड में सभी प्रकार की अतिक्रमण तथा अंतरराष्ट्रीय सीमा से 15 किलोमीटर के अंदर सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण हटाने , जाली भारतीय मुद्रा एवं साइबर फ्रॉड तथा अवैध दूरसंचार से संबंधित मामले इत्यादि बिंदुओं पर महत्वपूर्ण निर्देश उपस्थित पदाधिकारी को दिए गए। मियूल खाते के खतरे और फर्जी कंपनियों के फलने-फूलने के मामलों की जांच कर उसका त्वरित समाधान करने का निर्देश दिया गया। बैठक में डीएम के द्वारा मादक पदार्थों के तस्करी एवं शामिल तत्वों को चिन्हित करते हुए उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्देश दिया गया कि एनडीपीएस एक्ट को सख्ती से लागू करें। इसमें लापरवाही पर कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में व्यापक अभियान चलाया जाए।

बैठक में निर्देश दिया गया कि बॉर्डर एरिया में 0-15 किलोमीटर के क्षेत्र में अभियान चलाकर अतिक्रमण को हटाया जाय। एसएसबी, पुलिस प्रशासन एवं सिविल प्रशासन समन्वय के साथ इस दिशा में कार्य करें।

उन्होंने निर्देश दिया के आर्म्स, ड्रग्स, मानव तस्करी पर प्रभावी रोक लगाई जाय। साइबर क्राइम पर रोक लगाने की दिशा में आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया गया। सभी प्रखंडों से संबंधित बॉर्डर एरिया में संचालित साइबर कैफे पर लगातार छापामारी करने का निर्देश दिया गया है विशेष तौर पर परिहार एवं बेला थाने क्षेत्र में इस संबंध में कड़ी कार्रवाई की जाय।

बॉर्डर एरिया में निर्गत आवासीय प्रमाण पत्र,आधार कार्ड का अभियान चलाकर कैंप मोड में जांच करने का निर्देश दिया गया। उर्वरक कालाबाजारी पर रोक लगाने तथा बॉर्डर एरिया में स्थित प्रखंड से लेकर पंचायत स्तर तक दवा की दुकानों का सघन जांच करने का निर्देश दिया गया। साथ ही सीमावर्ती क्षेत्रों में आगामी पर्व के नजर मद्देनजर शांति समिति का बैठक करने का निर्देश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता संजीव कुमार, एसएसबी के अधिकारी, सभी वरीय पुलिस अधिकारी के साथ सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं सभी विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

**वेस्ट टू वेल्थ की अनूठी पहल सराहनीय**

## जिलाधिकारी ने प्लास्टिक अपशिष्ट से निर्मित बेंचों का वितरण किया आरंभ

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत सीतामढ़ी जिले में सिंगल यूज प्लास्टिक के निष्पादन एवं पुनर्चक्रण की दिशा में एक उल्लेखनीय पहल की गई है। अपशिष्ट को संसाधन में बदलने की अवधारणा को साकार करते हुए जिले में एकत्रित प्लास्टिक कचरे से 85 आकर्षक एवं उपयोगी सीटिंग बेंच का निर्माण कराया गया है, जो अब पंचायत स्तर पर आमजन की सुविधा के लिए उपलब्ध होंगी।

इस संबंध में मंगलवार को बाजपट्टी प्रखंड मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में जिलाधिकारी रिची पाण्डेय ने प्लास्टिक अपशिष्ट से निर्मित बेंचों के वितरण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान निर्मित सभी 85 बेंचों का जिले की विभिन्न पंचायतों में समानुपातिक वितरण किया गया। इन बेंचों को पंचायत सरकार भवन, सार्वजनिक स्थलों एवं अन्य जनोपयोगी परिसरों में स्थापित किया जाएगा, जिससे आम नागरिकों को सुविधा मिलेगी।

डायरेक्टर एनईपी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, बाजपट्टी स्थित प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट में पूरे जिले से लगभग 11 हजार किलोग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक का संग्रह किया गया। संग्रहित प्लास्टिक में से लगभग 4 हजार किलोग्राम प्लास्टिक का पुनर्चक्रण कर 85 मजबूत एवं उपयोगी बेंच तैयार की गई हैं। यह पहल पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता संवर्धन तथा वैज्ञानिक अपशिष्ट प्रबंधन की दिशा में जिले की महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।

कार्यक्रम में उपस्थित निदेशक, एनईपी ने बताया कि यह पहल पर्यावरणीय दृष्टि से तो लाभकारी है ही, साथ ही आर्थिक रूप से भी उपयोगी सिद्ध हुई है। पुनर्चक्रण के माध्यम से निर्मित प्रत्येक बेंच पर सरकार को लगभग दो हजार रुपये की बचत हुई है। इस प्रकार यह मॉडल पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ संसाधनों के प्रभावी उपयोग का भी उत्कृष्ट उदाहरण है। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री पाण्डेय ने कहा कि "सिंगल यूज प्लास्टिक आज पर्यावरण के समक्ष एक गंभीर चुनौती है। ऐसे में प्लास्टिक अपशिष्ट को पुनर्चक्रित कर जनोपयोगी संसाधनों में बदलना सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह पहल स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को जनभागीदारी से जोड़ने का सफल प्रयास है।


प्लास्टिक अपशिष्ट से निर्मित बेंचों के वितरण कार्यक्रम में जिलाधिकारी व अन्य।

**सिंगल यूज प्लास्टिक के पुनर्चक्रण से तैयार 85 बेंच पंचायतों को मिलीं, पर्यावरण संरक्षण के साथ संसाधनों की भी बचत**

**प्लास्टिक कचरे से तैयार हुईं 85 उपयोगी बेंच, सीतामढ़ी ने प्रस्तुत किया अपशिष्ट प्रबंधन का अभिनव मॉडल**

# 2047 तक विकसित राष्ट्र बनेगा भारत : रामकृपाल यादव

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में विश्वास, विकास एवं जनकल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी, सीतामढ़ी द्वारा जिला भाजपा कार्यालय, सीमरा में मंगलवार को प्रबुद्धजन सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम भाजपा जिलाध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार सरकार के सहकारिता विभाग के मंत्री रामकृपाल यादव रहे।

अपने संबोधन में मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत निरंतर विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है और वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का संकल्प केवल आर्थिक उन्नति तक सीमित नहीं है, बल्कि आत्मनिर्भरता, तकनीकी नवाचार, सामाजिक समावेशन, सुशासन एवं जनकल्याण के माध्यम से एक सशक्त, समृद्ध और सक्षम राष्ट्र के निर्माण का संकल्प है।

उन्होंने युवाओं, किसानों, महिलाओं तथा समाज के सभी वर्गों से विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान करते हुए कहा कि जनभागीदारी और सामूहिक प्रयासों से ही विकसित भारत-2047 का सपना साकार होगा।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियाँ, आधारभूत संरचना का विस्तार, डिजिटल सशक्तिकरण, कृषि उन्नयन, महिला सशक्तिकरण, कौशल विकास तथा नवाचार को बढ़ावा देने वाले प्रयास भारत को विकास की नई ऊँचाइयों तक ले जा रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि समाज के प्रत्येक नागरिक की सहभागिता से विकसित भारत का लक्ष्य निश्चित रूप से प्राप्त किया जा सकेगा।

कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, सम्मानित नेताओं, प्रबुद्ध नागरिकों एवं पार्टी कार्यकताओं ने विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। साथ ही राष्ट्रहित, सेवा, सुशासन और ईमानदारी को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए देश के विकास में निरंतर योगदान देने का संकल्प दोहराया। सम्मेलन का समापन राष्ट्रभक्ति और विकास के संकल्प के साथ हुआ। उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में विकसित, आत्मनिर्भर एवं समृद्ध भारत के निर्माण हेतु सतत कार्य करने का संकल्प दोहराया तथा ह्लभारत माता की जयह्व, ह्लवंदे मातरम्ह्व और ह्लजय हिन्दह्व के उद्घोष के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का मंच संचालन जिला महामंत्री चुनचुन सिंह तथा धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री संदीप राय ने किया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक श्रीमती नगीना देवी, प्रो. उमेश चंद्र झा, आशुतोष शंकर सिंह, अरुण गोप, नवेंदु कुशवाहा, प्रो. अनीता सिंह, प्रिंस तिवारी, अवनीश कुमार, ज्ञानेंद्र साह, जिला कोषाध्यक्ष दीपक मस्करा, दर्शन कुमार, रुद्रेश कुमार सिंह, गोपाल कुमार, ध्रुव सर्राफ, संजीव चौधरी, राजेश कुमार, चंदेश्वर पूर्वे, चंदन ठाकुर सहित सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ता एवं प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।



कार्यक्रम को सम्बोधित करते मंत्री रामकृपाल यादव, मंचासीन भाजपा जिलाध्यक्ष मनीष गुप्ता व अन्य नेता।

**जिला भाजपा कार्यालय, सीमरा में प्रबुद्धजन सम्मेलन का आयोजन**

## सम्पादकीय

# देर से मिला मरहम : काश, छात्रों की पीड़ा का संज्ञान पहले लिया गया होता!

बिहार पुलिस भर्ती परीक्षा के आगामी चरणों के लिए रेलवे द्वारा 30 स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय निस्संदेह एक राहत भरी खबर है, लेकिन यह खबर अपने साथ एक बहुत बड़ा और चुभता हुआ सवाल भी लेकर आई है। यह फैसला पिछले दिनों पाटलिपुत्र स्टेशन और राज्य के अन्य रेलवे स्टेशनों पर हुए भारी बवाल, अफरातफरी और छात्रों के आक्रोश के बाद लिया गया है। ऐसे में यह पूछना लाजिमी है कि क्या डैमेज कंट्रोल के तहत उठाया गया यह कदम उन हजारों छात्रों के दर्द पर मरहम लगाने के लिए काफी है, जिन्होंने परीक्षा के शुरुआती चरणों में नारकीय परिस्थितियों का सामना किया जब रेलवे और राज्य प्रशासन के पास हालात को संभालने के लिए संसाधन मौजूद थे, तो फिर यह इंतजाम पहले क्यों नहीं किया गया काश, यह व्यवस्था पहले की गई होती यह सिर्फ एक वाक्य नहीं है, बल्कि सिस्टम की उस घोर संवेदनहीनता और अदूरदर्शिता पर एक गहरी चोट है, जिसका खामियाजा हमेशा इस देश के बेरोजगार युवाओं को भुगतना पड़ता है।

किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में भाग लेना आज के दौर में युवाओं के लिए सिर्फ एक मानसिक चुनौती नहीं रह गया है, बल्कि यह एक शारीरिक और आर्थिक युद्ध बन चुका है। बिहार जैसे राज्य में, जहां सरकारी नौकरी युवाओं के लिए महज एक करियर विकल्प नहीं बल्कि सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा की इकलौती जीवन रेखा मानी जाती है, वहां परीक्षाओं में शामिल होने वाले उम्मीदवारों की संख्या लाखों में होती है। यह कोई रहस्य नहीं है कि बिहार पुलिस भर्ती जैसी परीक्षाओं में भारी भीड़ उमड़ती है। परीक्षा आयोजित करने वाले चयन पर्षद और राज्य प्रशासन को भली-भांति मालूम होता है कि किस जिले से कितने छात्र किस दूसरे जिले में परीक्षा देने जाएंगे। एडमिट कार्ड जारी होने के साथ ही यह पूरा डेटा पारदर्शी तरीके से उपलब्ध हो जाता है। जब आंकड़ों का यह पूरा गणित हफ्तों पहले से साफ था, तो फिर परिवहन व्यवस्था को लेकर पूर्व-नियोजन क्यों नहीं किया गया यह प्रशासनिक विफलता नहीं तो और क्या है कि जब तक स्टेशन पर भगदड़ जैसी स्थिति न बन जाए, पुलिस को लाठीचार्ज का सहारा न लेना पड़े और छात्रों का गुस्सा सड़कों पर न छलक जाए, तब तक हमारी व्यवस्था कुंभकर्णी नींद से नहीं जागती।

पाटलिपुत्र जंक्शन सहित बिहार के तमाम स्टेशनों पर पिछले दिनों जो दृश्य देखने को मिले, वे किसी भी सभ्य समाज और कल्याणकारी राज्य के लिए शर्मनाक हैं। ट्रेनों के स्लीपर और एसी कोचों तक में तिल रखने की जगह नहीं थी। जनरल डिब्बों की तो बात ही छोड़ दीजिए, जहां छात्र एक पैर पर खड़े होकर, शौचालयों के पास बैठकर और यहां तक कि जान जोखिम में डालकर ट्रेनों के गेट पर लटक कर यात्रा करने को मजबूर हुए। एक युवा, जो महीनों से अपने कमरे में बंद होकर इस परीक्षा की तैयारी कर रहा था, उसे परीक्षा केंद्र तक पहुंचने के लिए अपनी जान दांव पर लगानी पड़ी। जरा सोचिए, जो छात्र रात भर स्टेशन के प्लेटफर्म पर सोकर या ट्रेन की बोगियों में धक्के खाकर परीक्षा हल में पहुंचेगा, उसकी मानसिक और शारीरिक स्थिति क्या होगी क्या वह अपने 100 प्रतिशत कौशल का प्रदर्शन कर पाएगा यह केवल यात्रा की असुविधा नहीं हैय यह हमारे युवाओं की उस गरिमा का हनन है, जिसके वे हकदार हैं। व्यवस्था ने अनजाने में ही सही, उनके लिए परीक्षा से पहले एक सर्वाइवल टेस्ट आयोजित कर दिया।

अब जब रेलवे ने 30 स्पेशल ट्रेनें चलाने की घोषणा की है, तो इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि कमी ट्रेनों या संसाधनों की नहीं थी, बल्कि कमी थी इच्छाशक्ति, समन्वय और दूरदर्शिता की। यह कदम साबित करता है कि अगर राज्य सरकार, परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था और रेलवे प्रशासन के बीच समय रहते उचित संवाद और समन्वय स्थापित किया गया होता, तो इस अराजकता को पूरी तरह से टाला जा सकता था। लेकिन हमारे देश में नौकरशाही का एक स्थापित, मगर दुर्भाग्यपूर्ण पैटर्न बन गया है १आग लगने पर कुआं खोदना१। जब स्थिति नियंत्रण से बाहर होने लगती है और मीडिया में तस्वीरें वायरल होने लगती हैं, तब जाकर बैठकों का दौर शुरू होता है और आनन-फानन में फैसले लिए जाते हैं।

# 2026 का मानसून, एल-नीनो और बदलते संकेत


बी कृष्णा
(ज्योतिष, योग एवं आध्यात्मिक चिंतक)

जून का महीना आते ही भारत में मानसून चर्चा का विषय बन जाता है। खेतों में किसान आकाश की ओर देखता है, मौसम वैज्ञानिक अपने मॉडल देखते हैं और समाचार माध्यम वर्षा की संभावनाओं का विश्लेषण करने लगते हैं।

वर्ष 2026 में भी यही हो रहा है। किंतु इस बार चर्चा का सबसे बड़ा केंद्र है- एल-नीनो।

कई मंचों पर यह कहा जा रहा है कि एल-नीनो के कारण मानसून प्रभावित हो सकता है। कुछ आकलनों में सूखे की आशंका व्यक्त की जा रही है। कुछ विश्लेषण तो अतीत के बड़े सूखों का उल्लेख करते हुए गंभीर परिस्थितियों की संभावना तक व्यक्त कर रहे हैं।

निस्संदेह, एल-नीनो एक महवपूर्ण महासागरीय घटना है। प्रशांत महासागर के तापमान, वायुमंडलीय दबाव और समुद्री धाराओं में परिवर्तन का प्रभाव विश्व के मौसमीय तंत्र पर पड़ता है। भारत का मानसून भी उससे प्रभावित हो सकता है।

किन्तु प्रश्न यह है कि क्या मानसून जैसी विशाल और जटिल प्राकृतिक व्यवस्था को केवल एक संकेत के आधार पर समझा जा सकता है।

भारतीय वर्षा-ज्योतिष की परंपरा इस प्रश्न का उत्तर नहीं में देती है।

भारतीय दृष्टि में वर्षा किसी एक कारण का परिणाम नहीं, बल्कि अनेक प्राकृतिक, खगोलीय और पर्यावरणीय कारकों की संयुक्त अभिव्यक्ति है। यदि इसी दृष्टि से वर्ष 2026 का अध्ययन किया जाए, तो कुछ ऐसे संकेत दिखाई देते हैं जो केवल एल-नीनो की चर्चा से कहीं अधिक व्यापक चित्र प्रस्तुत करते हैं।

**पहला संकेत : ग्रहण और समुद्री परिवर्तन :** वर्ष 2026 के मानसून को समझने के लिए 17 फरवरी तथा 23 मार्च को घटित ग्रहणों पर विशेष ध्यान देना होगा। भारतीय वर्षा-ज्योतिष के अनुसार इन ग्रहणों का प्रभाव समुद्री जल की भौतिक एवं रासायनिक संरचना पर पड़ता है, जिससे समुद्री जल के पीएच, ज्वारीय व्यवहार तथा समुद्री पारिस्थितिकी में परिवर्तन की स्थिति बनती है।

शास्त्रीय मत है कि समुद्र के पीएच में होने वाले परिवर्तन मानसून के चक्र और वर्षा के पैटर्न को प्रभावित करते हैं। इसके परिणामस्वरूप बादलों के निर्माण में कमी, वर्षा के वितरण में असंतुलन तथा समुद्री तापमान में असामान्य उतार-चढ़ाव की स्थिति बन सकती है।

इसका प्रभाव बंगाल की खाड़ी और अरब सागर पर भिन्न रूप से दिखाई दे सकता है। परिणामस्वरूप मानसून काल में चक्रवाती गतिविधियाँ अधिक सक्रिय हो सकती हैं तथा कुछ क्षेत्रों में अत्यधिक वर्षा और कुछ क्षेत्रों में अपेक्षात कम वर्षा देखने को मिल सकती है।

**दूसरा संकेत : बुध-शुक्र और बदलता वर्षा चक्र :** वर्ष 2026 के मानसून में बुध और शुक्र का संबंध वर्षा के असमान वितरण की ओर संकेत करता है। इसके प्रभाव से वर्षा का चक्र क्षेत्रवार भिन्न दिखाई दे सकता है, कुछ क्षेत्रों में सामान्य से अधिक वर्षा, कुछ में अल्प वर्षा, कहीं लंबे शुष्क अंतराल और कहीं अचानक तीव वर्षा की स्थिति बन सकती है।



**तीसरा संकेत : मेघगर्भ :** भारतीय वर्षा-विज्ञान की सबसे रोचक अवधारणाओं में से एक है मेघगर्भ।

प्राचीन आचार्यो का मानना था कि वर्षा अचानक नहीं होती। उसके संकेत महीनों पहले से बनने लगते हैं। मेघगर्भ का अध्ययन नक्षत्रों, ग्रहों, पवनों और ऋतु परिवर्तन के आधार पर किया जाता था।

वर्ष 2026 के संकेत बताते हैं कि मेघगर्भ पूर्णतः दुर्बल नहीं है। इसका अर्थ यह है कि वर्षा की संभावनाएँ समाप्त नहीं हो रही हैं, बल्कि उसका व्यवहार अधिक जटिल और क्षेत्रविशेष पर आधारित हो सकता है।

**चौथा संकेत : हथिया नक्षत्र की भूमिका :** भारतीय कृषक परंपरा में हथिया (हस्त) नक्षत्र को वर्षा का निर्णायक चरण माना गया है।

ग्रामीण भारत में आज भी यह विश्वास मिलता है कि यदि हथिया अनुकूल हो जाए तो मानसून की अनेक कमियाँ संतुलित हो सकती हैं।

वर्ष 2026 में हथिया नक्षत्र के समय बनने वाली ग्रह स्थितियाँ अपेक्षात सकारात्मक संकेत देती हैं।

यह संकेत बताता है कि मानसून के उत्तरार्द्ध में अनेक क्षेत्रों को राहत मिल सकती है और प्रारम्भिक असंतुलन कुछ हद तक संतुलित हो सकता है।

**पाँचवाँ संकेत : आषाढ़ माह के तिथिवार योग :** आषाढ़ माह की पंचमी और उस समय के वार से निर्मित योगों के आधार पर वर्षा-विचार करने पर प्राप्त संकेत विशेष रूप से उत्साहजनक नहीं हैं। पारंपरिक वर्षा-ज्योतिष के अनुसार ऐसे योग कम वर्षा, वर्षा में व्यवधान तथा शुष्क परिस्थितियों को बल देते हैं। इसलिए आषाढ़ माह के ये संकेत भी वर्ष 2026 में सूखे की स्थिति की संभावना को और अधिक सुदृढ़ करते दिखाई देते हैं। रोचक बात यह है कि यह संकेत वर्ष के अन्य ज्योतिषीय संकेतों से पूर्णतः भिन्न नहीं है। ग्रहणों के पश्चात समुद्री परिवर्तनों, बुध-शुक्र संबंधों तथा वर्षा-पैटर्न में संभावित असंतुलन की जो तस्वीर उभर रही है, आषाढ़ माह के योग भी उसी दिशा की पुष्टि करते दिखाई देते हैं।

**2026 का संकेत :** ग्रहों, नक्षत्रों, राशियों, तिथियों, वारों, मासों, मेघगर्भ तथा वर्षा-विचार के अन्य पारंपरिक संकेतों का समग्र अध्ययन यह बताता है कि वर्ष 2026 का मानसून सामान्य वर्षो की अपेक्षा अधिक परिवर्तनशील रह सकता है। अनेक क्षेत्रों में वर्षा का वितरण असमान रहने, बीच-बीच में शुष्क अंतराल आने तथा कुछ समयावधियों में अचानक तीव वर्षा की स्थितियाँ बनने की संभावना दिखाई देती है। अतः यह वर्ष वर्षा की कुल मात्रा से अधिक उसके स्वरूप और वितरण के कारण चर्चा में रह सकता है।

कृषि की दृष्टि से भी यह एक महवपूर्ण वर्ष प्रतीत होता है। किसानों को केवल वर्षा की प्रतीक्षा करने के बजाय वर्षा के बदलते पैटर्न को ध्यान में रखकर जल संरक्षण, फसल विविधीकरण और वैकल्पिक षि पद्धतियों पर गंभीरता से विचार करना होगा।

साथ ही, यह वर्ष एक और महवपूर्ण संदेश देता है। एल-नीनो निस्संदेह एक प्रभावशाली कारक है, किन्तु उसकी चर्चा के बीच भारतीय वर्षा-ज्योतिष की उन समृद्ध परंपराओं को विस्मृत नहीं किया जाना चाहिए, जिन्होंने सदियों तक ग्रहों, नक्षत्रों, ऋतुचक्र, तिथि, वार और मास के आधार पर वर्षा का सूक्ष्म अध्ययन किया।

## बिहार राज्य में महिलाओं के लिए चलेंगी 50 नई इलेक्ट्रिक पिंक बसें

### सभी बसें होगी एसी युक्त, पीएम ई-बस सेवा के तहत मिलेगी ये बसें

### महिलाओं की सुरक्षा और सुविधा का इन बसों में है पूरा इंतजाम

राज्य में यातायात के दौरान महिलाओं की सुरक्षा और सुविधा का ध्यान रखते हुए पिंक बसों की संख्या बढ़ाई जा रही है। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम (बीएसआरटीसी) अब 50 नई इलेक्ट्रिक पिंक बसों की शुरुआत करने जा रहा है। ये सभी बसें पूरी तरह एसी होंगी, जिससे सफर आरामदायक होगा। वर्तमान में राज्य में 100 पिंक बसें चल रही हैं। अब इनकी संख्या बढ़कर 150 हो जाएगी। साथ ही इन इलेक्ट्रिक बसों के परिचालन से वातावरण भी दूषित नहीं होगा। परिवहन मंत्री दामोदर रावत ने हाल में सूचना भवन में आयोजित एक प्रेस वार्ता में भी इसकी घोषणा की थी। निगम के अनुसार, ये 50 पिंक बसे पीएम ई-बस सेवा के पहले चरण में मिलने वाली 200 इलेक्ट्रिक बसों के काफिले में शामिल होंगी।

आगामी ई-पिंक बसों का परिचालन 6 प्रभाग पटना, मुजफ्फरपुर, गया, भागलपुर, पूर्णिया और दरभंगा में किया जाएगा। ई-बसों के सुचारू संचालन के लिए सभी प्रभागों में चार्जिंग स्टेशन बनाए जा रहे हैं। पटना में फुलवारीशरीफ और आईएसबीटी के पास चार्जिंग स्टेशन निर्माणाधीन हैं, जबकि पूर्णिया में काम पूरा हो चुका है। अन्य जिलों में भी तेजी से काम चल रहा है।

### 'महिलाओं के लिए सुविधाएं'

नई बसों में पूर्व की भांति ही महिलाओं की सुरक्षा और जरूरतों को विशेष रूप से ध्यान दिया गया है। इनमें सेनेटरी पैड, मेडिकल किट, सीसीटीवी कैमरे, साउंड सिस्टम, पैनिक बटन सहित कई सुविधाएं प्रमुखता से शामिल है।

# जब होता है पुराने जमाने की सोच से डिजिटल दुनिया का सामना : 3 जुलाई को होने वाले प्रीमियर से पहले आया प्रीतम एंड पेड्रो का ट्रेलर

**एक बेहद** दिलचस्प फर्स्ट लुक के बाद, जियोहॉटस्टार ने उस प्रीतम एंड पेड्रो का आधिकारिक ट्रेलर रिलीज कर दिया है, जिसने जवाब देने से ज़्यादा दर्शकों के मन में कई सवाल छोड़ दिए थे।

यह सीरीज कॉमेडी, सस्पेंस, ड्रामे और एक अनोखी पार्टनरशिप से भरपूर, मनोरंजन का एक जबरदस्त डोज होने वाली है। गोवा की चकाचौंध और रंगीन माहौल पर बनी प्रीतम एंड पेड्रो, दो बिल्कुल अलग दुनिया के लोगों की कहानी है, जो बेहद अजीब और असामान्य हालातों में एक-दूसरे से टकराते हैं। इस कहानी के केंद्र में पेड्रो और प्रीतम हैं। पेड्रो अपने अनुभवों और अंदरूनी ज्ञान से चलने वाला एक पुराने जमाने का पुलिसवाला है जबकि प्रीतम एक तेज-तर्रार युवा टेक एक्सपर्ट है। ये दोनों खुद को एक ऐसे रहस्य में घिरा पाते हैं जो उन दोनों की कल्पना से कहीं ज़्यादा बड़ा, अजीब और अप्रत्याशित है। जैसे-जैसे उनकी यात्रा आगे बढ़ती है, रहस्य ज्यादा गहरे होते जाते हैं, वफादारी को कसौटी पर परखा जाता है और हर मोड़ पर नई उथल-पुथल मचती है, नया हंगामा खड़ा होता है।

राजकुमार हिरानी द्वारा निर्मित और मशहूर फिल्म निर्माता अविनाश अरुण द्वारा निर्देशित, यह सीरीज एक या दो नहीं बल्कि शानदार कलाकारों की पूरी टोली को एक साथ लाती है, जिसमें अरशद वारसी, विक्रांत मैसी, वीर हिरानी, मोना सिंह और बोमन ईरानी जैसे मंझे हुए अदाकार शामिल हैं। राजकुमार हिरानी के सिगेनेचर स्टाइल, यानी दिल छू लेने वाले अपनेपन और इंसानियत को कॉमेडी, सस्पेंस और आज के जमाने के मुद्दों के साथ मिक्स करके बनाई गई प्रीतम एंड पेड्रो, दर्शकों के लिए कहानी बताने का एक बिल्कुल नया, रोमांचक और धमाकेदार अंदाज लेकर आई है।

आलोक जैन, हेड - हिंदी एंड इंग्लिश एंटरटेनमेंट बिजनेस (स्ट्रीमिंग, टीवी एंड स्टूडियोज) ने कहा - एक बेहतरीन कहानी पर सिर्फ कुछ गिने-चुने लोगों का हक नहीं होना चाहिए, वह हर आम और खास तक पहुँचनी चाहिए और हम बिल्कुल यही कर रहे हैं। हम पूरे देश के कंटेंट देखने के तरीके को बदल रहे हैं, यह लोगों के जीवन का हिस्सा बन रहा है, उनके रोजाना के सफर, शाम को सुकून के पलों और परिवार के साथ बिताए जाने वाले समय में शामिल हो रहा है।

सबसे शानदार किरदार वो होते हैं जो स्क्रीन बंद होने के बाद भी आपके दिलो-दिमाग पर छाए रहें, और प्रीतम एंड पेड्रो में दर्शकों को बिल्कुल ऐसा ही साथ मिलने वाला है। इस कहानी के केंद्र में दो ऐसे अनोखे और बेमेल किरदार हैं, जो आपको हँसाएंगे, हैरान करेंगे और आपका दिल जीत लेंगे।

राजकुमार हिरानी जैसा जादू लगातार बिखेरने वाले कहानीकार बहुत कम होते हैं, जिनकी कहानियों ने हर पीढ़ी के दिलों को छुआ है। हमें बेहद गर्व है कि हम उनके जैसे दिग्गज क्रिएटर को स्ट्रीमिंग की दुनिया में लेकर आ रहे हैं। आज के दर्शकों की लाइफस्टाइल और पसंद को ध्यान में रखकर बनाई गई प्रीतम एंड पेड्रो इस बात की जीती-जागती मिसाल है कि हम जियोहटस्टार पर किस तरह की चीजें बना रहे हैं।



जियोहॉटस्टार पर 3 जुलाई को होगा अविनाश अरुण द्वारा निर्देशित और अरशद वारसी, विक्रांत मैसी, वीर हिरानी, मोना सिंह और बोमन ईरानी अभिनीत इस सीरीज का विशेष प्रीमियर।

राजकुमार हिरानी ने कहा- इस कहानी में मुझे जिस चीज ने सबसे ज़्यादा उत्साहित किया, वह था इसके केंद्र में मौजूद रिश्ता। प्रीतम और पेड्रो पूरी तरह से अलग तरह की दुनिया से आते हैं और जिंदगी को देखने का उनका नजरिया भी पूरी तरह से अलग है, लेकिन इसके बावजूद वे एक ही सफर पर, एक साथ निकलने के लिए मजबूर होते हैं। मैं हमेशा से ऐसे लोगों की कहानियों की तरफ खिंचा चला जाता हूँ, जिनमें कमियाँ हों, विरोधाभास हों और जो सफर के दौरान अनजाने में करीब आते हैं। इस सीरीज ने हमें किरदारों और दुनिया के साथ खूब सारी मस्ती करते हुए सभी चीजों को एक्सप्लोर करने का मौका दिया। मैं बेहद एक्साइटेड हूँ कि अब दर्शक फाइनली जियोहटस्टार पर इसका अनुभव ले सकेंगे।

अविनाश अरुण ने कहा-प्रीतम एंड पेड्रो में मुझे जिस चीज ने आकर्षित किया, वह थी इसकी आपको लगातार हैरान करने की क्षमता। यह हँसी-मजाक और हंगामे से भरी एक कहानी है, लेकिन साथ ही मानवीय रिश्तों में गहराई से बुनी हुई है। हम एक ऐसी दुनिया बनाना चाहते थे जो दर्शकों को पूरी तरह अपने में समेट ले और एक ही समय पर भरपूर मनोरंजन करने के साथ ही उनके दिलों को भी छू जाए। जबरदस्त स्टारकास्ट के साथ इन किरदारों को पर्दे पर जिंदा करना मेरे लिए एक बेहद शानदार और सुकून देने वाला अनुभव था।

अरशद वारसी ने कहा - पेड्रो उन किरदारों में से एक है जो जिंदगी को लेकर ज़्यादा सोच-विचार नहीं करता, वो बस अपने दिल की सुनता है, अपने अनुभवों पर भरोसा करता है और इसी कारण अक्सर ऐसी स्थिति में पहुँच जाता है, जहाँ उसे बिल्कुल नहीं होना चाहिए। इस शो की जो बात मुझे सबसे बेस्ट लगी, वो थी इस सफर का पागलपन, कमेडी और हर मोड़ पर मिलने वाला सरप्राइज। मुझे लगता है कि जब दर्शक इस कहानी को स्क्रीन पर खुलते हुए देखेंगे, तो उन्हें भरपूर मजा आएगा।

विक्रांत मैसी ने कहा-जिस चीज ने मुझे इस सीरीज की तरफ अट्रैक्ट किया, वो ये था कि ये एक ही समय में कितनी परतों वाली (गहरी) और एंटरटेनिंग है। इसमें कॉमेडी है, सस्पेंस है, इमोशन है और बहुत सारे हैरान कर देने वाले ट्विस्ट्स (मोड़) हैं। हर किरदार का अपना एक एजेंडा है, अपनी कमियाँ हैं और अपना एक अलग सफर है, जो इस पूरी दुनिया को एकदम असली और वास्तविक बना देता है। मुझे इतने अनोखे प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने पर काफी खुशी हुई।

वीर हिरानी ने कहा-मेरे लिए इस पूरे सफर की सबसे खास बात यह रही कि मुझे इंडस्ट्री के सबसे बेहतरीन एक्टर्स और कहानीकारों में से कुछ के साथ सीखने का मौका मिला। सेट पर हर दिन एक मास्टरक्लास जैसा महसूस होता था, चाहे अरशद सर को किसी सीन में इतनी आसानी से कॉमेडी लाते हुए देखना हो, हर छोटी से छोटी बारीकी पर विक्रांत का वो कमाल का फोकस हो, मोना मैम का वो अपनापन और जिंदादिली हो, या फिर कैमरे के पीछे अविनाश सर से बारीकियां सीखना हो। एक एक्टर के तौर पर सीखने, आगे बढ़ने और अपने पैर जमाने के लिए मैं इससे बेहतर माहौल की उम्मीद कभी भी नहीं कर सकता था। मैं बेहद एक्साइटेड हूँ कि अब फाइनली दर्शक प्रीतम एंड पेड्रो की इस अजीब दुनिया को स्क्रीन पर देख पाएंगे।

कॉमेडी, सस्पेंस, इमोशन और एडवेंचर के अपने अनोखे कॉम्बिनेशन के साथ, प्रीतम एंड पेड्रो दर्शकों को बांधे रखने वाले एक जबरदस्त एंटरटेनमेंट और एक्सपीरियंस का वादा करती है, जो अपनी मिट्टी से जुड़ी होने के साथ-साथ हर तरह के दर्शकों को पसंद आएगी।

जियोहॉटस्टार पर 3 जुलाई से विशेष रूप से प्रीतम एंड पेड्रो जरूर देखें।

# सही अवसर मिले तो वैश्विक फलक पर पहुंचेंगी ग्रामीण प्रतिभाएं

**वायस** ऑफ बिहार ने रविवार को नई दिल्ली में बिहार प्रतिभा सम्मान समारोह 2026 का आयोजन किया। रफी मार्ग स्थित कन्स्टीट्यूशन क्लब में आयोजित इस कार्यक्रम में स्थानीय बासुदेवपुर चपुता के विवेक कुमार को राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा, केंद्रीय जलशक्ति राज्य मंत्री एवं मुजफ्फरपुर सांसद राजभूषण चौधरी ने सम्मानित किया।

कई बहुराष्ट्रीय कंपनियों में शीर्ष पद पर काबिज होने के बाद मैन पावर कंपनी विजन इंडिया के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्य अधिकारी विवेक ने पिछले एक दशक से करीब लाखों युवाओं को नौकरी देकर आत्मनिर्भर बनाया है।

उनका मानना है कि गांव-देहात में रहने वाले युवा प्रतिभाशाली होने के बावजूद अक्सर अवसर की कमी के कारण मात खा जाते हैं। गांव से ग्लोबल अभियान के जरिये उनका लक्ष्य ग्रामीण परिवेश में रहने वाले लड़के-लड़कियों को हुनरमंद बनाकर रोजगार से जोड़ना है।



रफी मार्ग स्थित कन्स्टीट्यूशन क्लब में आयोजित इस कार्यक्रम में स्थानीय बासुदेवपुर चपुता के विवेक कुमार को राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा, केंद्रीय जलशक्ति राज्य मंत्री एवं मुजफ्फरपुर सांसद राजभूषण चौधरी ने सम्मानित किया।

उल्लेखनीय है कि बिहार को पसंदीदा टैलंट डेस्टिनेशन के तौर पर उभारने के वास्ते विवेक ने बासुदेवपुर चपुता में रूरल : ग्लोबल कैपिबिलिटी सेंटर की स्थापना की है, जहां 300 से अधिक स्थानीय प्रतिभाओं को रोजगार मिला है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से उन्होंने आह्वान किया कि एक बार वे इसे देखने के लिए जरूर आएं ताकि यह पता चल सके कैसे एक ही केंद्र में एक तरफ साफ्टवेयर डेवलपमेंट टीम काम कर रही है और दूसरी ओर क्वालिटी एश्योरेंस टीम अंतरराष्ट्रीय संगठनों की मदद कर रही है। उन्होंने कहा कि यह रोजगार का मॉडल नहीं, बल्कि विश्वास का मॉडल है, जो दिखाता है कि अगर सही अवसर मिले तो ग्रामीण प्रतिभाएं भी वैश्विक फलक पर उत्कृष्ट कार्य कर सकती हैं।

## प्रवचन

# सुख प्राप्ति के लिए दुःख का वरण करें : जीयर स्वामी

### विद्यार्थी जीवन का सुख, जीवन भर देता है दुःख

### अतिथि सत्कार में दिखाएं आदित भाव

सुख प्राप्ति के लिए पहले दुःख प्राप्त करना पड़ता है। अपनी अनुकूलता को प्रतिकूलता में ढ़ालकर दुःख सहना पड़ता है। दुःख से मतलब केवल रोग और संताप नहीं। अच्छे कार्यो की शुरूआत में दुःख प्रतीत होता है, लेकिन बाद में संघर्ष और दुःख का परिणाम काफी सुखद होता है। अच्छे कार्यो के लिए संघर्ष के क्रम में आने वाले दुःखों से घबराना नहीं चाहिये। उपरोक्त बातें श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी ने चंदवा चातुर्मास्य ज्ञान-यज्ञ में प्रवचन करते हुए कहीं।

श्री स्वामी जी ने कहा कि अच्छे लोग समस्याओं के आने पर विचलित नहीं होते। हर परिस्थिति में अडिग हिमालय से संदेश लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि सुख की प्राप्ति के लिए दुःख और कठिन साधना आवश्यक है। विद्यार्थी अध्ययन के क्रम में दुःख सहता है। वह घर में बेहतर साधन-संसाधन की मौजूदगी के बावजूद अपने जीवन को प्रतिकूल स्थितियों में रखकर अध्ययन जारी रखता है। सारी सुविधाओं का त्याग कर शारीरिक दुःख प्राप्त करते हुए अपने भविष्य का निर्माण करता है। इसके विपरीत जो विद्यार्थी अध्ययन काल में संसाधनों की अनुकूलता में जीते हुए विद्यायन करने का स्वांग करते हैं वे अपने परिजनों को गुमराह करते हैं, बाद में वे स्वयं गुमराह होकर गृहस्थ जीवन के दायित्व निर्वहन में पिछड़ जाते हैं। उनका जीवन ही बोझ हो जाता है। नीति कहती है कि विद्यार्थी को सुख का त्याग कर देना चाहिए और सुखार्थी को विद्या का त्याग कर देना चाहिए क्योंकि विद्या और सुख सूर्य-चन्द्र की तरह एक समय एक स्थान पर नहीं रह सकते। सच तो यह है कि विद्यार्थी को सुख कहाँ और सुखार्थी को विद्या कहाँ-

'सुखार्थिनः त्यजेत् विद्या विद्यार्थिनः त्यजेत् सुखम्।
सुखार्थिनः कुतो विद्या विद्यार्थिनः कुतो सुखम्।।

स्वामी ने सनकादि ऋषियों के शेष जी के यहां जाने पर आतिथ्य सत्कार की चर्चा करते हुए कहा कि विशेष कार्य में रहने पर भी अतिथि आये तो समय निकाल कर उसका सत्कार करना चाहिये। ऐसा नहीं करने से अतिथि के जाने के बाद उसके पापों का भोग भोगना पड़ता है। जिसके आने का तिथि निश्चित न हो वहीं अतिथि हैं। जिसका कोई चाहना न हो वह भी अतिथि हैं। घर के छोटे बालक को भी अतिथि माना गया है, क्योंकि उसकी कोई चाह नहीं है। छोटा बालक नहीं कहता कि यह हमारा घर है। घर में अतिथि मानकर पहले छोटे बालक, वृद्ध और रोगी को भोजन करानी चाहिए। अतिथि को उदास नहीं करनी चाहिए।


श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी।

भगवान राम के राज-काज में अतिथि की बातें प्रमुखता से सुनी जाती थीं। राम के दरबार में एक दिन रामू नाम का कुता आकर रोने लगा। उसका सिर फटा था। उसने बताया कि एक भिक्षुक जा रहा था। मैं स्वभाववश रास्ते से हटा नहीं, उसने डंडे से प्रहार कर मेरा सिर फोड़ दिया। भिक्षुक अपना दोष स्वीकार किया। राम ने कुत्ता से भिक्षुक को दंड के लिए पूछा। कुता बोला, इन्हें कुलपति (संस्था का प्रधान) बना दिया जाये। दरबार में सभी चकित रह गये कि सिर फोड़ने वाले को कुलपति बनाने की बात। कुत्ता ने कहा कि मैं भी कभी कुलपति था। सार्वजनिक संपत्ति को हड़पा, जिसके कारण आज कुत्ता बना हूँ। बरगद का फल का एक बीज नाखून में डाला जा सकता है। याद रखना चाहिए कि बरगद की सत्ता उसी बीज में समाहित हैं सभी बीजों में उतने विशाल वृक्ष बनने का सामर्थ्य है।

प्रलय होते रहेगा । लेकिन महा प्रलय अभी नहीं होने वाला है। महाप्रलय ब्रह्मा जी का पुरा समय बीतने पर होगा। ब्रह्मा जी का अभी 50 वर्ष बीता है। चारों युग 71 बार बीतते हैं, तो मनु महाराज का शासन होता है। 14 मनु ऐसे शासन करते हैं। इन 14 मनुओं के शासन बीतने पर ब्रह्मा जी का एक दिन बीतता है। महाप्रलय में सौ वर्ष जल का घोर अभाव होता है। सूर्य के ताप से पहाड़ तक चूर हो जाते हैं। उसके बाद सौ वर्ष अनवरत भयंकर बारिश होती है। परिणाम स्वरूप सभी तत्व पानी में घुल जाते हैं। इसे ही महाप्रलय कहा जाता है।

*'सान्निध्य का संस्मरण' पुस्तक से साभार*

दैनिक नवसंदेश
वायस 4 बिहार डॉटकाम के यूनिट दैनिक नवसंदेश ( डिजिटल डेली न्यूज पेपर) स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक यू सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ , पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित । इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

## म्यांमार की एक युवती और सीतामढ़ी के सद्दाम मंसूरी फर्जी आधार कार्ड के साथ गिरफ्तार

**रक्सौल(एनएसबी)।** बर्डर पर सुरक्षा बलों ने म्यांमार की एक युवती और सीतामढ़ी के सद्दाम मंसूरी को फर्जी आधार कार्ड के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, सद्दाम ने सोशल मीडिया पर प्रेम जाल में फंसाकर युवती को भारत बुलाया था और फर्जी आधार बनवाकर उससे निकाह करने की तैयारी कर रहा था। एसएसबी और स्थानीय पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में दोनों को उस वक्त पकड़ा गया जब वे फर्जी दस्तावेज के सहारे सीमा पार करने की कोशिश कर रहे थे। जांच में पता चला कि युवती अवैध रूप से भारत में प्रवेश कर चुकी थी और सद्दाम ने उसे ठहराने के लिए फर्जी पहचान पत्र बनवाया था। पुलिस ने बताया कि सद्दाम ने सोशल मीडिया के जरिए युवती से संपर्क साधा और उसे भारत बुलाकर शादी का झांसा दिया। फर्जी आधार कार्ड के सहारे वह निकाह की औपचारिकताएं पूरी करने वाला था। दोनों के खिलाफ पासपोर्ट अधिनियम, फर्जीवाड़ा और अन्य संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि इस रैकेट में और कौन-कौन शामिल हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### साइबर ठगों ने तीन खातों से उड़ाए 121 लाख रुपये, प्राथमिकी दर्ज

**मोतिहारी।** पूर्वी चम्पारण जिले में साइबर ठगी का एक और मामला सामने आया है। नगर थाना क्षेत्र के नकच्छेद टोला हनुमानगढ़ी निवासी रामदास महतो के तीन अलग-अलग बैंक खातों से साइबर ठगों ने कुल 1 लाख 21 हजार रुपये की निकासी कर ली। पीड़ित रामदास महतो ने इस संबंध में साइबर थाना में अज्ञात ठगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज आवेदन में उन्होंने बताया है कि 10 जून 2026 को उनके विभिन्न बैंकों में संचालित खातों से धोखाधड़ी कर उक्त राशि निकाल ली गई। खाते से पैसे कटने की जानकारी मिलने के बाद उन्होंने मामले की शिकायत साइबर थाना में की।मामले की पुष्टि करते हुए साइबर थानाध्यक्ष ने बताया कि पीड़ित के आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है तथा मामले की जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि तकनीकी अनुसंधान के माध्यम से साइबर ठगों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है। लगातार बढ़ रही साइबर ठगी की घटनाओं को देखते हुए पुलिस ने लोगों से सतर्क रहने, किसी भी अज्ञात लिंक पर क्लिक नहीं करने तथा ओटीपी, बैंक खाता एवं एटीएम संबंधी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा नहीं करने की अपील की है।

### आज अतिक्रमणमुक्त होगा सिसवा खरार उप स्वास्थ्य केंद्र की भूमि

**कल्याणपुर।** वर्षो से अतिक्रमित सिसवा खड़ार उप स्वास्थ्य केंद्र की भूमि का अतिक्रमण आज खाली कराया जाएगा।जानकारी देते हुए सीओ रणधीर कुमार ने बताया कि यह भूमि वर्षो से अतिक्रमणकारियों के कब्जे में था जिसको खाली करने की सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। बतादे की इस भूमि का कुल रकबा 1 एकड़ 25 डिसमिल है जिसे 14 10 1966 को बिहार सरकार को रजिस्ट्री कर दी गई थी। उक्त भूमि पर उप स्वास्थ्य केंद्र का संचालन होता था जो फिलहाल बंद है।तब से अभी तक यह भूमि अतिक्रमणकारियों के कब्जे में था। जिसे 17 जून को खाली कराने की सारी तैयारी पूरी कर ली गई है।

### सड़क दुर्घटना में घायल कुंदन की इलाज के दौरान मौत

**कल्याणपुर।** सड़क हादसे में कुंदन कुमार 20 की मौत से पूरे परिवार में मातम छा गया। यह किसको पता था कि अपने चचेरी बहन को आम देकर लौटने के दौरान केसरिया में सड़क हादसे में मौत हो जायेगी। बहन के यहां से लौटने के दौरान केसरिया में सड़क हादसे में वह घायल हो गया। जिसको केसरिया स्वास्थ्य केन्द्र में इलाज के लिए लाया गया। जहां से उसे डाक्टर ने बेहतर इलाज के लिए मोतिहारी रेफर कर दिया। जहां युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। उसके मौत की सूचना पर परिवार के सदस्यों पर कहर टूट गया, वहीं इस पड़ोस के लोग भी इस घटना से मर्माहत थे। कुंदन दूसरे प्रदेश में रहकर काम करता था। वह घर बनवाने के लिए आया था। उसके तीन भाई हैं। मां, भाई, पड़ोसी, सगे संबंधी रो रोकर बेहाल हो रहे थे। वहीं की लोग ढांढस बंधा रहे थे।

# टीबी उन्मूलन को मिलेगी रफ्तार, कफ अगेंस्ट टीबी ऐप को लेकर सीएचओ को मिला दो दिवसीय प्रशिक्षण

**मोतिहारी(एनएसबी)।** पूर्वी चंपारण जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और सुढ़ करने तथा टीबी (यक्ष्मा) उन्मूलन के संकल्प को गति देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। जिले के सभी कम्युनिटी हेल्थ अफिसर्स के लिए श्कफ अगेंस्ट टीबी श ऐप के उपयोग को लेकर दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जिला स्वास्थ्य समिति स्थित सभागार में किया गया।इस सम्बन्ध में सीएस ड दिलीप कुमार ने बताया की अब पूर्वी चंपारण जिले में टीबी उन्मूलन को रफ्तार मिलेगी,क्यूंकि श्कफ अगेंस्ट टीबी श ऐप को लेकर सीएचओ को दो दिवसीय प्रशिक्षण कराया गया है। उन्होंने बताया की बिहार को टीबी मुक्त बनाने और ग्रामीण स्तर पर संभावित मरीजों की जल्द पहचान करने के उद्देश्य से पूर्वी चंपारण जिले में एक विशेष पहल की गई है। जिले के सभी कम्युनिटी हेल्थ अफिसर्स को श्कफ अगेंस्ट टीबी श डिजिटल ऐप के संचालन और इसके तकनीकी पहलुओं से रूबरू कराने के लिए दो दिवसीय गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण मुख्य प्रशिक्षक पूर्ण भट्टाचार्य द्वारा दिया गया।


प्रशिक्षण में भाग लेते लोग।

**डिजिटल तकनीक से आसान होगी टीबी मरीजों की स्क्रीनिंग :** दो दिवसीय कार्यशाला के दौरान प्रशिक्षक पूर्ण भट्टाचार्य ने स्वास्थ्य कर्मियों को ऐप के कार्यबल, डेटा एंट्री और संभावित मरीजों की पहचान करने के वैज्ञानिक तरीकों को विस्तार से समझाया।अब स्वास्थ्य कर्मी संभावित यक्ष्मा (टीबी) रोगियों की स्क्रीनिंग बेहद आसानी और सटीकता से कर सकेंगे।

यह ऐप संभावित मरीजों की खांसी की आवाज और अन्य लक्षणों के डिजिटल विश्लेषण के आधार पर टीबी के शुरुआती संकेतों को पकड़ने में मदद करता है।जिला यक्ष्मा पदाधिकारी ड संजीव ने कहा की यह तकनीक बेहद कम समय में प्राथमिक स्क्रीनिंग रिपोर्ट दे देती है, जिससे संदिग्ध मरीजों को आगे की जांच (जैसे बलगम जांच या सीबीनेट टेस्ट) के लिए तुरंत रेफर किया जा सकेगा।ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ेगा स्क्रीनिंग का दायरा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार, जिले के दूर-दराज के गांवों में तैनात इस ऐप के जरिए सीधे आम लोगों तक पहुंचेंगे। कई बार लोग सामान्य खांसी समझकर टीबी के लक्षणों को नजरअंदाज कर देते हैं, जिससे संक्रमण बढ़ने का खतरा रहता है। अब इस सीएचओ डिजिटल टूल की मदद से घर-घर जाकर या हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर आने वाले मरीजों की मौके पर ही स्क्रीनिंग कर सकेंगे।उन्होंने कहा की सही समय पर स्क्रीनिंग होने से मरीजों का इलाज जल्द शुरू हो सकेगा, जिससे न सिर्फ मरीज की जान बचेगी बल्कि समाज में टीबी के फैलाव को भी रोका जा सकेगा।मौके पर डीपीएम ठाकुर विश्वमोहन, डीपीसी भारत भूषण, अमरेंद्र कुमार, सभी सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# पूरन छपरा में पुलिस चौकी का उद्घाटन, अपराध पर लगेगी लगाम

**चकिया।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पूरन छपरा में नए पुलिस चौकी का उद्घाटन मंगलवार को कल्याणपुर विधायक सचिंद्र प्रसाद सिंह,एसपी स्वर्ण प्रभात, एसडीओ शिवानी शुभम,डीएसपी संतोष कुमार ने सामूहिक रूप से फीता काट कर किया। इस दौरान स्थानीय विधायक ने कहा कि अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस को चकिया से रेलवे गुमटी को पार कर आने में काफी दिक्कत होती थी। पुलिस चौकी खुलने से यहां पर होने वाले अपराध में कमी आएगी। वहीं एसपी स्वर्ण प्रभात ने कहा कि असमाजिक तत्वों के आवागमन, तस्करी तथा अपराध पर नियंत्रण होगा। स्थानीय प्रतिनिधियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि पुलिस चौकी खोलने के लिए बहुत जल्द ही भवन उपलब्ध कराया गया। यहां 24 घंटे पुलिस पदाधिकारी और पुलिस बल रहेंगे। पूरन छपरा से साहेबगंज मुजफ्फरपुर, कल्याणपुर तथा चकिया के तरफ रास्ता जाती है। चौक पर भी कैमरा लगाया गया है जिसका कंट्रोल पुलिस चौकी में है। यहां से सीसी टीवी कैमरा के माध्यम से सड़क के आसपास होने वाले गतिविधियों पर निगरानी रखी जाएगी व चौक पर वाहन जांच की जाएगी। दूसरी ओर चकिया शहर के केसरिया रोड स्थित पुलिस चेक पोस्ट का एसपी स्वर्ण प्रभात द्वारा पुनः शुभारंभ किया गया। इस दौरान एसपी स्वर्ण प्रभात ने कहा कि यहां अब 24 घंटे पुलिस अधिकारी व पुलिस बल तैनात रहेंगे। आवश्यकता अनुसार वाहन जांच की जाएगी। वहीं इस रास्ते से गुजरने वाली बड़ी वाहनों से बाजार में जो जाम की समस्या उत्पन्न होती थी उस पर रोक लगेगी। बड़ी वाहनों का बाजार में प्रवेश निषेध अवधि में प्रवेश करने पर जुर्माना लगाया जाएगा। साथ हीं बाजार में होने वाले अपराध में कमी आएगी। मौके पर डीसीएलआर प्रकाश रजक कल्याणपुर बीडीओ चंद्रगुप्त कुमार बैठा, थानाध्यक्ष धर्म प्रकाश व बिनीत कुमार ,संजय दुबे ,रामेश्वर चौधरी ,दिलीप पटेल,मो निजाम, दिनेश पटेल सहित अन्य लोग मौजूद थे।


फीता काटते विधायक,एसपी व अन्य।

# हर संस्थान में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखना अनिवार्य : अंबिका

**मोतिहारी (एनएनएस)।** अनुमंडल अगिशमन पदाधिकारी अंबिका कुमारी के नेतृत्व में मंगलवार को मोतिहारी शहर के विभिन्न अस्पतालों एवं होटलों में अगि सुरक्षा व्यवस्था की जांच को लेकर सघन निरीक्षण अभियान चलाया गया।

निरीक्षण के दौरान होटल प्रशांत, शिवाय, गोदावरी एवं बीएम-7 सहित अन्य प्रतिष्ठानों में फायर एक्सटिंग्विशर, फायर अलार्म, स्प्रिंकलर सिस्टम, पानी की टंकी, हाइड्रेंट व्यवस्था तथा आपातकालीन निकास द्वारों की बारीकी से जांच की गई।जांच के दौरान कुछ संस्थानों में अगि सुरक्षा उपकरणों की कमी तथा तकनीकी खामियां पाई गईं। इस पर संबंधित संचालकों को निर्धारित समय सीमा के भीतर आवश्यक सुधार करने का निर्देश दिया गया। साथ ही सभी संस्थानों को फायर एनओसी अद्यतन रखने एवं कर्मचारियों को नियमित रूप से अगि सुरक्षा प्रशिक्षण देने की हिदायत दी गई।अनुमंडल अगिशमन पदाधिकारी अंबिका कुमारी ने कहा कि जन सुरक्षा सर्वोपरि है और अगि सुरक्षा मानकों के पालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि निर्धारित समय के भीतर कमियों को दूर नहीं करने वाले संस्थानों के विरुद्ध बिहार अगि सुरक्षा अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।निरीक्षण टीम में अगिशमन विभाग के कर्मी सूरज कुमार एवं रौशन कुमार भी शामिल थे। अधिकारियों ने बताया कि अस्पतालों, होटलों एवं अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में अगि सुरक्षा व्यवस्था को सुढ़ बनाने के उद्देश्य से ऐसे निरीक्षण अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेंगे, ताकि किसी भी आपदा की स्थिति में जनहानि को रोका जा सके।



निरीक्षण करती अनुमंडल अगिशमन पदाधिकारी।

# सहयोग शिविर के माध्यम से प्रशासन पहुंच रहा लोगों के द्वार : विधायक

## पंचायतों में लगा सहयोग शिविर, विभागों ने सुनीं शिकायतें

**पीपराकोठी (डीएनएस)।** आम लोगों को सरकारी सेवाओं और योजनाओं का लाभ पंचायत स्तर पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के सलेमपुर और सूर्यपुर पंचायतों में विशेष सहयोग शिविर आयोजित किए गए। सलेमपुर पंचायत के जीवधारा स्थित श्री पशुराम गिरी हाईस्कूल और सूर्यपुर पंचायत के मध्य विद्यालय सूर्यपुर परिसर में इन शिविरों का उद्घाटन हुआ। विधायक प्रमोद कुमार, नोडल पदाधिकारी अक्षय कुमार, उपप्रमुख योगी मांझी और बीडीओ मोहिनी कश्यप ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शिविरों की शुरुआत की। सलेमपुर में मुखिया उपेंद्र पासवान और सूर्यपुर में मुखिया संतोष शर्मा उपस्थित रहे।


उद्घाटन करते अतिथि।

शिविरों में राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, षि, शिक्षा, स्वास्थ्य, पंचायती राज, आपूर्ति, मनरेगा, जीविका और बिजली सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपने स्टल लगाए। ग्रामीणों ने पेंशन, राशन कार्ड, भूमि संबंधी मामले, आवास योजना, आय, जाति और आवासीय प्रमाण पत्र जैसी विभिन्न समस्याओं और शिकायतों से संबंधित आवेदन जमा किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक प्रमोद कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार प्रशासनिक सेवाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि इन सहयोग शिविरों का उद्देश्य लोगों को प्रखंड और जिला मुख्यालय के चक्कर लगाने से राहत दिलाना तथा उनकी समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने ग्रामीणों से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने और अपनी समस्याओं को शिविर के माध्यम से दर्ज कराने की अपील की। नोडल पदाधिकारी अक्षय कुमार ने जानकारी दी कि शिविर में प्राप्त आवेदनों का विभागवार निष्पादन किया जा रहा है। जिन मामलों का तत्काल समाधान संभव है, उनका मौके पर ही निपटारा किया जा रहा है, जबकि शेष मामलों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पादित किया जाएगा। इस अवसर पर पुलिस निरीक्षक सुरेश यादव, बीपीआरओ श्वेता सुमन, थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिंह, कुणाल पटेल, उपेंद्र चौधरी, जितेंद्र साह, पंचायत सचिव आलोक कुमार बैठा एवं संदीप कुमार सहित कई अन्य अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। ग्रामीणों ने शिविर में उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न योजनाओं तथा सेवाओं की जानकारी प्राप्त की।

## संक्षिप्त खबरें

### जन सहयोग एवं जन कल्याण शिविर में लोगों ने रखीं समस्याएं योजनाओं की दी गई जानकारी

**मेहसी(एन एस बी)।** आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान तथा सरकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से मंगलवार को मेहसी प्रखंड में जन सहयोग एवं जन कल्याण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन स्थानीय विधायक श्याम बाबू यादव ने फीता काटकर किया।कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे। शिविर में लोगों की समस्याएं सुनी गईं तथा संबंधित विभागों को उनके समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। साथ ही विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी भी आम नागरिकों को उपलब्ध कराई गई।इस अवसर पर विधायक श्याम बाबू यादव ने कहा कि बिहार सरकार का उद्देश्य जन सहयोग एवं जन कल्याण को बढ़ावा देना है। इसी सोच के तहत पंचायत एवं प्रखंड स्तर पर ऐसे शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए बार-बार सरकारी कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े और एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि इस पहल का सकारात्मक प्रभाव अब ग्रामीण क्षेत्रों में दिखाई देने लगा है तथा लोगों को योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है।हालांकि शिविर में पहुंचे कुछ ग्रामीणों ने शिकायत की कि जमीन की रसीद कटवाने के लिए जब वे राजस्व काउंटर पर पहुंचे तो उन्हें अनलाइन प्रक्रिया का हवाला देते हुए साइबर कैफे के माध्यम से रसीद कटवाने की सलाह दी गई। ग्रामीणों ने मांग की कि ऐसे शिविरों में संबंधित सेवाएं मौके पर ही उपलब्ध कराई जाएं, ताकि लोगों को अतिरिक्तपरेशानी का सामना न करना पड़े। इधर, बखरी नाजिर पंचायत और कोठिया पंचायत में भी जन सहयोग एवं जन कल्याण शिविर का आयोजन किया गया, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं दर्ज कराईं तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। वहीं उत्क्रमित मध्य विद्यालय, मिर्जापुर कर्बला में आयोजित शिविर में लोगों की उपस्थिति अपेक्षात कम रही।शिविर में नगर पंचायत के कनीय अभियंता नरोत्तम कुमार, कार्यपालक सहायक विनोद कुमार, सतीश कुमार , रमेश कुमार, बाबूलाल शाह, सफाई जमादार, विद्यालय के प्रधानाध्यापक लतीफ उर रहमान, शिक्षा सेवक संजीदा परवीन, खुशबू प्रवीण,स्वास्थ्य विभाग के राम अवतार धाकड़, एएनएम मृदुला कुमारी, शिक्षा विभाग से शमशाद अली एवं मोहम्मद मुख्तार आलम, आयुष्मान विभाग से मोहम्मद सदाकत हुसैन, मनीष कुमार बिजली विभाग के कर्मी उपस्थित रहे।

### महिला एवं बाल विकास निगम द्वारा जीविका दीदियों के साथ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

#### कल्याणकारी योजनाओं एवं महिला हेल्पलाइन 181 की दी गई विस्तृत जानकारी

**मोतिहारी(एनएसबी)**स महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार सरकार के निर्देशानुसार आज पताही प्रखंड में जीविका समूह की महिलाओं के साथ एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, महिला अधिकारों तथा सरकारी सहायता तंत्र की जानकारी प्रदान करना एवं उन्हें सामाजिक, आर्थिक और कानूनी रूप से सशक्त बनाना था। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास निगम के जिला परियोजना प्रबंधक वीरेंद्र राम ने महिलाओं के उत्थान एवं सशक्तिकरण के लिए राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि महिलाओं तक योजनाओं की सही जानकारी पहुंचाना और उन्हें इनका लाभ दिलाना विभाग की प्राथमिकता है।इस अवसर पर जिला मिशन समन्वयक (क्ष्र्ज्ञ) निधि कुमारी ने महिलाओं के लिए जिला स्तर पर उपलब्ध सुविधाओं एवं सहायता सेवाओं की जानकारी दी। वहीं जेंडर विशेषज्ञ निर्भय कुमार ने लैंगिक समानता, महिला सुरक्षा तथा महिलाओं के कानूनी अधिकारों पर विस्तार से प्रकाश डाला। वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ रितेश कुमार ने जीविका दीदियों को वित्तीय प्रबंधन, बचत, बैंकिंग सेवाओं के उपयोग, स्वरोजगार तथा सरकारी अनुदान योजनाओं का लाभ उठाकर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। 'सखी वार्ता' एवं महिला हेल्पलाइन 181 पर विशेष जोर कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को महिला हेल्पलाइन-181 के महत्व और उपयोगिता के बारे में विस्तार से बताया गया। अधिकारियों ने कहा कि घरेलू हिंसा, मानसिक या शारीरिक प्रताड़ना, उत्पीड़न अथवा किसी भी प्रकार की संकटपूर्ण स्थिति में महिलाएं टोल-फ्री नंबर 181 पर कल कर तत्काल सहायता प्राप्त कर सकती हैं। साथ ही पंचायत स्तर पर आयोजित किए जाने वाले 'सखी वार्ता' कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया गया कि इसका उद्देश्य गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचकर महिलाओं को उनके अधिकारों, सरकारी योजनाओं तथा उपलब्ध सहायता सेवाओं के प्रति जागरूक करना है, ताकि समाज की अंतिम पंक्ति में खड़ी महिला भी इन सुविधाओं का लाभ उठा सके।

### आवेदनों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन का अधिकारियों को दिया निर्देश

**मोतिहारी(एनएसबी)।** अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिंहा ने सुगौली प्रखंड की दक्षिणी मानसिंघा पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर में भाग लेकर आम ग्रामीणों से संवाद किया तथा उनकी समस्याओं और सुझावों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने शिविर में प्राप्त आवेदनों के निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया।अपर समाहर्ता ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टलों का निरीक्षण कर आवेदनों की प्राप्ति एवं निष्पादन की स्थिति का जायजा लिया। शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों एवं लाभुकों ने भाग लेकर विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन दिए तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।इस अवसर पर मुकेश कुमार सिंहा ने कहा कि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए सरकारी कार्यालयों का अनावश्यक चक्कर न लगाना पड़े, इसके लिए पंचायत एवं स्थानीय स्तर पर सहयोग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन शिविरों का उद्देश्य विभिन्न विभागों की सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना तथा लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है।उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन हर हाल में सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम जनता को योजनाओं एवं सरकारी सेवाओं का लाभ आसानी से मिल सके।


संवाद करते एडीएम।

### सहयोग शिविर में आने वाले लोगों की समस्याओं का हो त्वरित समाधान : डा. प्रदीप कुमार

**मोतिहारी(एन एस बी )।** उप विकास आयुक्त ड़ प्रदीप कुमार ने आदापुर प्रखंड की भवानीपुर पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिविर में की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित पदाधिकारियों को आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान ड. कुमार ने अधिकारियों से कहा कि सहयोग शिविर में आने वाले किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी आवेदकों और फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना जाए तथा यथासंभव उसी दिन उनका निराकरण सुनिश्चित किया जाए।उप विकास आयुक्त ने शिविर की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि सहयोग शिविर का उद्देश्य आम लोगों को स्थानीय स्तर पर ही विभिन्न सरकारी सेवाओं और योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करें, ताकि लोगों को सरकारी कार्यालयों का अनावश्यक चक्कर न लगाना पड़े। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी भी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### चंडी स्थान प्रांगण में क्षेत्रीय विकास मंच की महत्वपूर्ण बैठक आज, रेलवे लाइन निर्माण को लेकर बनेगी रणनीति

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के मां भगवती चंडी स्थान प्रांगण में बुधवार को क्षेत्रीय विकास मंच, सोनवर्षा विधानसभा की ओर से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक का मुख्य उद्देश्य बहुप्रतीक्षित सिमरी बख्तियारपुरद्दसोनवर्षा राजद्दबिहारीगंज रेलवे लाइन निर्माण की मांग को लेकर चलाए जा रहे जनआंदोलन के द्वितीय चरण की रूपरेखा तय करना है। जानकारी के अनुसार, रेलवे लाइन निर्माण के समर्थन में चलाया गया प्रथम चरण का जनजागरण अभियान सफलतापूर्वक संपन्न होने के बाद अब मंच द्वारा द्वितीय चरण की मुहिम को और तेज करने की तैयारी की जा रही है। बैठक में आगामी कार्यक्रमों एवं आंदोलन की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। क्षेत्रीय विकास मंच के संयोजक मुकेश मानस की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में मंच के सभी सदस्य, क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी तथा रेलवे लाइन निर्माण के समर्थक बड़ी संख्या में शामिल होंगे।मंच के पदाधिकारियों का कहना है कि यह रेलवे परियोजना क्षेत्र के आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे सोनवर्षा राज समेत आसपास के क्षेत्रों की रेल संपर्क व्यवस्था सुदृढ़ होगी तथा लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। बैठक को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और रेलवे लाइन निर्माण की मांग को लेकर जनसमर्थन लगातार बढ़ता जा रहा है।

### बिहार सरकार के आपदा प्रबंधन मंत्री पहुंचे इन्द्रानंद सिंह के घर, किया मातमपुर्सी, सोनवर्षा निवासी श्री सिंह के निधन से मैं मर्माहत हूं: मंत्री र●श सादा



**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** नगर पंचायत अन्तर्गत मुख्य बाजार निवासी इलाके के सुप्रसिद्ध व्यवसायी एवं समाजसेवी इन्द्रानंद सिंह के घर मातमपुर्सी को पहुंचे बिहार सरकार के आपदा प्रबंधन मंत्री रत्नेश सादा। मालूम हो कि श्री सिंह पिछले कुछ दिनों से गंभीर बीमारी से पीड़ित थे। मंत्री रत्नेश सादा ने कहा इनके निधन की खबर से मर्माहत हूं इनसे मुझे परिवारिक लगाव था । श्री सिंह अपने सरल स्वभाव, मिलनसार व्यक्तित्व एवं सामाजिक कार्यों के लिए क्षेत्र में विशेष पहचान रखते थे हमलोग एक सम्मानित एवं लोकप्रिय समाजसेवी को खो दिया है। मौके पर प्रखंड जदयू अध्यक्ष जयकुमार सिंह, अजय कुमार सिंह,जदयू नेता सुनील कुमार सिंह, सहरसा नगर अध्यक्ष ज्ञानू सिंह, जदयू महासचिव नंदकिशोर झा उर्फ पप्पू झा, गजेन्द्र सिंह, संजय विश्वास, विजय कुमार सिंह,राजीव कुमार सिंह मुन्ना अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मो समशाद, पप्पू सिंह, धिरेन्द्र सिंह, रणजीत झा, चन्द्रदेव मंडल सहित समाजसेवियों एवं गणमान्य लोगों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए अपूर्णीय बताया।

### पीएम के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा कार्यकत्राओं ने चलाया स्वच्छता अभियान

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल नेतृत्व में 12 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सहरसा के मत्स्यगंधा मंदिर परिसर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह कार्यक्रम जिला अध्यक्ष साजन शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकत्राओं ने भाग लिया। सभी कार्यकताओं ने मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकत्राओं ने स्वच्छ एवं सुंदर भारत के निर्माण हेतु निरंतर योगदान देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन साह, रिंकी देवी, जिला मीडिया प्रभारी सुमित कुमार सिन्हा, युवा मोर्चा अध्यक्ष सुरजीत कुशवाहा, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुगमनी देवी, नगर पूर्वी अध्यक्ष अभिनव सिंह, नगर पश्चिम अध्यक्ष आशीष गुप्ता, प्रदीप झा, अखिलेश पांडे, शशि कुमार सोनी, सरिता देवी, पप्पू झा आदि कार्यकत्रा उपस्थित रहे।



### सहसौल एवं अतलखा पंचायत में लगा सहयोग शिविर मौजूद रहे पदाधिकारी

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय सहसौल व मध्य विद्यालय नोनैती के प्रागंण में मंगलवार को बिहार सरकार की जनहित के लिए महत्वाकांक्षी सोंच के तहत सहयोग शिविर का भव्य आयोजन किया गया इस दौरान आयोजित शिविर में आमजनों के विभिन्न समस्याओं से आवेदन प्राप्त करते हुए आमजनों कि समस्या का निदान शिविर में निष्पादन किया गया।जिसमें जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, विभिन्न प्रमाण पत्र के साथ साथ आधार से जुडी समस्या, पेंशन, जाँब कार्ड का भी वितरण सदर एसडीओ श्रैयांश तिवारी, मुखिया संघ अध्यक्ष सह सहसौल पंचायत के मुखिया शिवेन्द्र नारायण सिंह, मुखिया रूपम मिश्रा, एसडीपीओ आलोक कुमार, इंस्पेक्टर राजीव कुमार झा, सीओ जितेंद्र सिंहा, आर ओ सैयद बादशाह के द्वारा दिया गया। शिविर के दौरान सभी विभागों के अलग अलग काउंटर लगे थे।जहां जरुरतमंदों की लिखित समस्याओं की सुनवाई व उसके निरकाकरण का प्रयास किया जा रहा था। एसडीओ श्री तिवारी ने सभी काउंटर का निरिक्षण करते हुए लोगों के लिखित समस्याओं को पढकर उसके समाधान हेतू सोनवर्षा के आरओ सैयद बादशाह को आवश्यक निर्देश दिया। शिविर में सबसे अधिक भीड़ आधार, मेडिकल व अंचल के काउंटर पर देखी गई। वैसे शिविर में मूल रूप से जाति आवास, आधार, जन्म मृत्यु, आयुष्मान कार्ड, एलपीसी, परिमार्जन जैसे कार्यों का मौके पर निष्पादन किया जा सका। शिविर में मुख्य रूप से बिजली विभाग के एसडीओ, एम ओ दानिश राजा, मुखिया प्रतिनिधि दीपक मिश्रा ,भूषण यादव सहित प्रखंड व अंचल कर्मी मौजूद थे।



### महारस पंचायत में सहयोग शिविर आयोजित, विभिन्न विभागों ने सुनी लोगों की समस्याएं



**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड अंतर्गत महारस पंचायत में मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा अलग-अलग काउंटर लगाए गए, जहां बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को अधिकारियों के समक्ष रखा। कार्यक्रम का नेतृत्व सहरसा नगर आयुक्त प्रभात रंजन एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी नीरज ठाकुर ने किया। अधिकारियों ने शिविर में लगाए गए विभिन्न विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा उपस्थित कर्मियों को लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने का निर्देश दिया। शिविर में राशन कार्ड, पेंशन, भूमि विवाद, राजस्व संबंधित मामले, सामाजिक सुरक्षा योजना, मनरेगा, आवास योजना, जाति, आय एवं निवास प्रमाण पत्र सहित अन्य सरकारी योजनाओं से जुड़ी समस्याओं को लेकर लोग पहुंचे। अधिकारियों ने लोगों की समस्याएं सुनकर संबंधित विभागीय कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान अधिकारियों ने कहा कि सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। सहयोग शिविर का मुख्य उद्देश्य पंचायत स्तर पर ही लोगों की समस्याओं का समाधान करना एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना है, ताकि ग्रामीणों को छोटी-छोटी समस्याओं के लिए प्रखंड एवं जिला मुख्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़े। मौके पर बीडीओ गुलशन कुमार झा, सीओ आशीष कुमार, राजस्व पदाधिकारी शशिभूषण कुमार, कार्यक्रम पदाधिकारी पप्पू कुमार, बीसीओ विशाल आनंद, इंस्पेक्टर मो. सुजाउद्दीन, मुखिया प्रतिनिधि प्रेम कुमार, पीआरएस सुभाष कुमार, कर्मचारी संतोष कुमार समेत पंचायत प्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, जीविका कर्मी एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# प्राकृतिक खेती से समृद्ध किसान, सशक्त बिहार और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बड़ा कदम

**कृषि महाविद्यालय अगवानपुर में प्राकृतिक खेती कार्यशाला आयोजित, किसानों को दी गई आधुनिक एवं वैज्ञानिक जानकारी**




किसानों को जागरूक करते कृषि वैज्ञानिक

**सहरसा कार्यालय (एनएसबी)।** किसानों को प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक करने एवं रसायन मुक्त कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आत्मा एवं कृषि विभाग, सहरसा के संयुक्त तत्वावधान में कृषि महाविद्यालय, अगवानपुर में प्राकृतिक खेती कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में भाजपा जिलाध्यक्ष साजन शर्मा के साथ भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन साह सहित कृषि विभाग के पदाधिकारी, वैज्ञानिक एवं कार्यकत्रा शामिल हुए। इस दौरान कृषि वैज्ञानिकों ने प्राकृतिक खेती की तकनीक, इसके लाभ, मिट्टी की उर्वरा शक्ति संरक्षण एवं किसानों की आय बढ़ाने के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। भाजपा जिलाध्यक्ष साजन शर्मा ने कहा कि ह्लप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार किसानों के कल्याण और कृषि क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्राकृतिक खेती किसानों को कम लागत में बेहतर उत्पादन और आत्मनिर्भरता की ओर ले जाने वाला महत्वपूर्ण कदम है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन साह ने कहा कि 'प्राकृतिक खेती हमारी परंपरागत कृषि पद्धति को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से मजबूत करने का माध्यम है। इससे किसान आर्थिक रूप से सशक्त होंगे और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। वरीय कृषि वैज्ञानिक डॉ.अरविंद कुमार सिन्हा जी ने कहा कि 'प्राकृतिक खेती से भूमि की गुणवत्ता बनी रहती है, उत्पादन की गुणवत्ता बेहतर होती है और किसानों को दीर्घकालिक लाभ मिलता है। किसानों को इसके वैज्ञानिक तरीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कार्यशाला में केवीके वैज्ञानिक नदीम अख्तर, उप परियोजना निदेशक आत्मा सुशांत सौरभ, लेखापाल आत्मा पंकज पराशर, जिला परामर्शी डॉ मनोज सिंह, भाजपा प्रवक्ता अभिषेक पांडेय, मीडिया प्रभारी सुमित सिन्हा, नीरज शर्मा सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## सहारा इंडिया पूरे देश के जमाकर्ताओं का लगभग 5 लाख करोड़ रूपया किया गबनः अशोक कुमार राम



सहारा पीड़ित जमाकताओं का आंदोलन

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** विश्व भारती जनसेवा संस्थान के द्वारा मंगलवार को शंकर चैक स्थित मंदिर विवाह भवन में संस्थान के बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष केशव कुमार चैधरी के नेतृत्व में सहारा पीड़ितों को भारी भीड़ इकट्ठा करते हुए एक बड़ी बैठक किया गया। इस बैठक में विशिष्ट अतिथि के तौर पर संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार राम और राष्ट्रीय सचिव नागेन्द्र कुमार कुशवाहा राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल सिंह उपस्थित रहें। बैठक को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय सचिव नागेन्द्र कुमार कुशवाहा ने कहा कि सहारा इंडिया बिहार समेत पुरे देश के जमाकताओं का लगभग 5 लाख करोड़ रूपया गबन कर गया है। देश ही नहीं पुरा दुनिया का सबसे बड़ा ठगी करने के काम देश के सहारा इंडिया ने किया है। सहारा इंडिया को संरक्षण केन्द्र सरकार पुरी तरह से दे रहा है और सहारा रिफंड पोर्टल पर सहकारिता मंत्री अमित शाह लोगों का उलझा दिया है। देश की अदालतें भी निवेशकों को न्याय दिलवाने में अक्षम साबित हो रहता है। जिसके कारण निवेशकों में भारी रोष व्याप्त है। अभी तक 10000 से ज्यादा लोग आत्महत्या कर चुके है। सहारा के अधिकारियों को देशभर से हजारों वारंट निर्गत है किन्तु पुलिस प्रशासन उन्हें गिरफ्तार नहीं कर पा रहा है। कुछ अधिकारी विदेश में आयाशी कर रहे जिन्हें सरकार भारत लाने में अक्षम साबित हो रही है इसलिए संस्थान ने यह निर्णय लिया है कि झारखंड प्रशासन ने सहारा इंडिया के अधिकारियों की गिरफ्तारी के लिए जो वारंट लिया है। उन सभी वारंटियों को जल्द गिरफ्तार नहीं किया जाता है तो बाध्य होकर 9 अगस्त 2026 से रांची में सत्याग्रह कार्यक्रम शुरू करेगा ।इस कार्यक्रम में झारखंड सहित पुरे देश से हजारों लोग भाग लेगें। कार्यक्रम तब तक समाप्त नहीं होगा जबतक अपराधी पकड़े नहीं जायेगें। इसके लिए संस्थान देशभर में मुहिम चला रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार राम ने कहा कि सहारा इंडिया आज 13 सालों से न्यायालय और सरकारों को गुमराह कर रखा है, जिससे निवेशकों का पैसा नहीं मिल रहा है। न्यायालय अपने दिए गए आदेशों को पालन करवाने में विफल साबित हो रहा है ।

## प्रिंस यादव की मौत मामले में भाजपा नेता रितेश रंजन ने की निष्पक्ष जांच की मांग, न्याय दिलाने का दिलाया भरोसा

**सिमरी बख्तियारपुर (सहरसा) (एनएसबी)।** पटना स्थित ज्ञान बिंदु एकेडमी के निदेशक रोशन आनंद के छोटे भाई प्रिंस यादव की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले को लेकर राजनीतिक एवं सामाजिक हस्तियों का उनके पैतृक गांव धमसैना पहुंचने का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में मंगलवार को भाजपा नेता रितेश रंजन ने धमसैना पहुंचकर मृतक के परिजनों से मुलाकात की और गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने रोशन आनंद के पिता सहित परिवार के अन्य सदस्यों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया तथा इस कठिन समय में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया। परिजनों से बातचीत के दौरान रितेश रंजन ने घटना को अत्यंत दुखद और चिंताजनक बताते हुए कहा कि प्रिंस यादव की असमय मौत ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया है। उन्होंने कहा कि इस घटना को लेकर लोगों के मन में कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। ऐसे में मामले की निष्पक्ष, पारदर्शी और उच्चस्तरीय जांच आवश्यक है, ताकि सच्चाई सामने आ सके। उन्होंने राज्य सरकार और प्रशासन से मांग की कि घटना की गहन जांच कर दोषियों की पहचान की जाए तथा उनके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। भाजपा नेता ने कहा कि न्याय मिलने से ही पीड़ित परिवार को संतोष मिलेगा और लोगों का विश्वास भी कायम रहेगा।

## लंबित भुगतान को लेकर बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ द्वारा एकदिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित

**नियोजित शिक्षकों को नियमावली तहत प्रोन्नति व स्थानांतरण लागू करवाने तक संघ का संघर्ष जारी रहेगाः निरंजन कुमार**




धरना-प्रदर्शन करते नियोजित शिक्षकों

**सहरसा शहर (एनएसबी)।**बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ सहरसा ने राज्यव्यापी आह्वान पर नियोजित शिक्षकों के प्रोन्नति, ऐच्छिक स्थानांतरण एवं चार माह से लंबित वेतन भुगतान करने को लेकर जिला अध्यक्ष निरंजन कुमार की अध्यक्षता में जिला पदाधिकारी कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया। तेज गर्मी में भी भारी संख्या में शिक्षकों एकजुट होकर सरकार व विभाग के गलत नीतियों के विरुद्ध जोरदार नारेबाजी कर विरोध प्रकट किया।धरना को संबोधित करते हुए संघ के जिला अध्यक्ष सह राज्य सचिव ने कहा कि विद्यालयों में बच्चों को शिक्षा देने वाले शिक्षक सरकार व विभाग के लापरवाही, मनमानी एवं दोहरी नीति से त्रस्त है। जिसके कारण शिक्षक तेज धूप में आन्दोलन पर बैठने को विवश है। जो सिस्टम पर करारा तमाचा है। निरंजन कुमार ने कहा कि बिहार पंचायत व नगर निकाय प्रारंभिक शिक्षक नियोजन नियमावली 2006 के यथा संशोधित नियमावली 2012 एवं 2020 के कंडिका क्रमशः15 तथा 16 में निहित प्रावधान होने के बावजूद वर्षों से काम करने वाले नियोजित शिक्षकों को प्रोन्नति स्नातक ग्रेड शिक्षक एवं मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक पद तथा कालबद्ध वेतन उन्नयन नहीं किया गया। जो शिक्षकों के वेतन मामले में शिक्षा विभाग द्वारा घोर वित्तीय अनियमितता का द्योतक है। साथ ही उक्त नियमावली के कंडिका 15 में ही जरूरतमंद शिक्षकों को नियोजन इकाई से बाहर ऐच्छिक एवं पारस्परिक स्थानांतरण नीति होने के बाबजूद उससे वंचित रखें हुए हैं। जिससे शिक्षक हर स्तर पर आर्थिक, मानसिक व शारीरिक परेशानी झेलने को विवश हैं।अध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि बिहार पंचायत प्रारंभिक नगर निकाय शिक्षक नियोजन नियमावली 2006 यथा संशोधित नियमावली 2012 एवं 2020 में निहित प्रावधान के आलोक में नियोजित शिक्षकों को 12 वर्षों की सेवा पर कालबद्ध प्रोन्नति स्नातक ग्रेड का वेतन, स्नातक योग्यताधारी बेसिक ग्रेड शिक्षक को 8 वर्ष की सेवा पर स्नातक ग्रेड में प्रोन्नति एवं स्नातक ग्रेड शिक्षक में 5 वर्षों की सेवा पर मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक पद पर प्रोन्नति का लाभ दिलाने तथा नियमावली के कंडिका 15 के तहत नियोजित दिव्यांग शिक्षक एवं महिला शिक्षिका को अंतर नियोजन इकाई तथा अंतर जिला ऐच्छिक स्थानांतरण तथा पुरुष शिक्षकों को नियोजन इकाई के बाहर अतंर जिला सहित पारस्परिक स्थानांतरण की प्रक्रिया प्रारंभ करवाने तक संघ का संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं का समय समाधान नहीं होने पर संघ आगामी मॉनसून सत्र दरम्यान बिहार विधानसभा का घेराव करेंगे।जिला अध्यक्ष सह राज्य निरंजन कुमार एवं प्रधान सचिव संजय कुमार ने संबोधन में कहा कि नियोजित शिक्षकों को चार माह से वेतन नहीं देना आर्थिक, मानसिक प्रताड़ना हैं। साथ ही कहा कि आवंटन के अभाव में सभी कोटि के शिक्षकों का विभिन्न प्रकार के एरियर राशि का भुगतान लंबित है। शिक्षा विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार से शिक्षक ऊब चुके हैं। शिक्षकों से अपील किया कि जिले में सभी कोटि के यथा नियमित शिक्षक, नियोजित शिक्षक, विशिष्ट शिक्षक, विद्यालय अध्यापक,प्रधान शिक्षक मजबुती से एकजुट रहें। संघ सभी शिक्षकों की समस्याओं का समाधान कराने के लिए संकल्पित हैं। इसलिए संघ का संघर्ष सतत जारी रहेगा।धरना प्रदर्शन को मुख्यरुप से निरंजन कुमार, जिला सचिव अमीन अकबर, सूर्यनारायण कुमार, बिनोद कुमार, अजय प्रेम, बौना रजक, संजय सुमन, प्रवीण कुमार, राजीव रंजन कुमार, अरविन्द कुमार, उमर फारुक ,अब्दुल क्यूम परवाना,बंधन पासवान, सुमन कुमार सिंह, अजीज उद्दीन, संजय कुमार अमरेन्द्र कुमार, पांडव नारायण पंडित, अरविंद आरोही, सुधीर कुमार, कैलाश प्रसाद मंडल, गुलाम रब्बानी, कलीमुद्दीन, सरफराज आलम, विनोद कुमार, रामचन्द्र पासवान, दिलीप कुमार, सुरेन्द्र कुमार राय, चन्दन पासवान, सकल देव चैपाल, सुभाष कुमार, महमूद आलम, लता माधव, राजेश कुमार, अर्जुन कुमार अंजन, उदित कुमार यादव, गीता कुमारी, कुमारी अंजू, सुशीला देवी, नसीम अख्तर, मनोज कुमार राय, शकील, अजहर हुसैन आराधना कुमारी रतन साह इत्यादि ने सम्बोधित किया।

## नरेश कुमार जायसवाल के राष्ट्रीय वैश्य महासभा जिला अध्यक्ष बनने पर जताया हर्ष



**सहरसा शहर (एनएसबी)।**राष्ट्रीय वैश्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, विधायक एवं पूर्व मंत्री समीर महासेठ के द्वारा कोशी के कर्मठ नेता एवं व्यापार संघ के जिला अध्यक्ष अर्जुन चैधरी को राष्ट्रीय वैश्य महासभा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया है एवं प्रदेश अध्यक्ष डॉ पी के चैधरी के द्वारा पूर्व वैश्य जिला अध्यक्ष मोहन साह को प्रदेश उपाध्यक्ष एवं वैश्य नेता एवं पूर्व उपमेयर प्रत्याशी रंजीत दास को प्रदेश सचिव एवं सेवानिवृत्त आपूर्ति पदाधिकारी व कोशी मे वैश्य समाज के स्तंभ रहे स्व डॉ महेश प्रसाद जायसवाल के छोटे भाई नरेश कुमार जायसवाल को राष्ट्रीय वैश्य महासभा का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है।कि चारों वैश्य नेताओं से संगठन को मजबूती मिलेगी एवं वैश्य समाज मे एकजुटता कायम रहेगा।इनके कुशल राजनीतिज्ञ योग्यता, कुशल कूटनीतिक और चाणक्य नीति से वैश्य समाज मजबूत होगा और अगामी विधानसभा चुनाव में वैश्य की भागीदारी हो यही आशा और विश्वास के साथ पुनः हार्दिक बधाई। बधाई देने वाले में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर साह, वैश्य नेता हरिहर प्रसाद गुप्ता,राष्ट्रीय वैश्य महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष चंदन बागची, पूर्व व्यापार संघ के अध्यक्ष विकास गुप्ता, रितेश रंजन,प्रधानमहासचिव मनोज चैधरी, वैश्य नेता बजरंग गुप्ता, राम सुंदर साहा, घनश्याम चैधरी, संतोष गुप्ता, श्यामल पोद्दार, विजय गुप्ता, जयप्रकाश दास,सुरेश गुप्ता, सुनील सूर्या, कैलाश साह, मनोज मिलन, दीपक फोटो, गजेंद्र कुमार मुन्ना आदि ने बधाई दी।

# जिलांतर्गत प्रखंडवार चिन्हित स्थलों पर आयोजित सहयोग शिविर के माध्यम से आम जनता से जुड़ी समस्याओं का किया गया निवारण

**आम जनता से जुड़ी समस्याओं के सम्यक निवारण हेतु जिला प्रशासन निरंतर प्रयत्नशीलः जिलाधिकारी**



सहयोग शिविर में डीएम, एसपी व अन्य

**सहरसा (एनएसबी)।** मंगलवार को जिले के विभिन्न प्रखंडों में चिन्हित कुल 15 स्थलों पर सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविरों के माध्यम से आम जनता से प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं का निवारण किया गया तथा लाभुकों को संबंधित प्रमाण-पत्र एवं योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। शिविर के दौरान केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आगंतुकों को दी गई तथा पात्र लाभुकों को नियमानुसार लाभ प्रदान किया गया। इस क्रम में जिलाधिकारी दीपेश कुमार ने कहरा प्रखंड अंतर्गत पंचायत सरकार भवन, परारी तथा सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड अंतर्गत खजुरी पंचायत स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय में आयोजित सहयोग शिविर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजना संबंधी काउंटरों का अवलोकन किया तथा लाभुकों के बीच आवेदन निष्पादन से संबंधित प्रमाण-पत्रों का वितरण किया। अधिकारियों द्वारा बताया गया कि परारी एवं खजुरी में आयोजित शिविरों में क्रमशः 28 एवं 74 आवेदनों का निष्पादन किया गया, जो प्राप्त आवेदनों के लगभग शत-प्रतिशत के बराबर है। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री दीपेश कुमार ने उपस्थित नागरिकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि जिला प्रशासन आम जनता की समस्याओं के यथोचित समाधान तथा प्रत्येक पात्र लाभुक तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुँचाने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि सहयोग शिविरों के अतिरिक्त आम नागरिक प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को आयोजित ष्आम जनता से संवादष कार्यक्रम के माध्यम से भी अपनी समस्याओं से जिला प्रशासन को अवगत करा सकते हैं, जिनके समाधान हेतु समुचित एवं प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। जिले के विभिन्न स्थलों पर वरीय पदाधिकारियों के नेतृत्व में आयोजित सहयोग एवं जनकल्याण शिविरों के माध्यम से प्राप्त आवेदनों का निस्तारण किया गया तथा पात्र लाभुकों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया गया। उल्लेखनीय है कि 17 एवं 18 को प्रखंड मुख्यालयों में जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जिसके माध्यम से विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों को प्रदान किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी के साथ पुलिस अधीक्षक हिमांशु, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### लखपति दीदियों को विधायक ने किया सम्मानित

**चौथम (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड मुख्यालय में आयोजित जन सहयोग शिविर में प्रखंड की लखपति दीदियों को विधायक पन्नालाल पटेल ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मानित दीदियों में कुसुम देवी, मीना देवी, कविता कुमारी एवं पूनम देवी शामिल हैं। ये सभी दीदियां जीविका समूह से जुड़कर सालाना एक लाख रुपये से अधिक की आय अर्जित कर आत्मनिर्भरता की मिसाल बनी हैं। इस अवसर पर विधायक पटेल ने कहा कि चौथम की महिलाएं जीविका के माध्यम से समृद्धि की नई कहानी लिख रही हैं।

### प्रभारी प्रधानाध्यापक बने वरीय शिक्षक उधव कुमार

**गोगरी (दैनिक नवसंदेश)।** उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय उत्तरी जमालपुर का प्रभार विद्यालय के वरीय शिक्षक उधव कुमार को मिला। मौके पर कार्यवाहक प्रधानाध्यापक निरंजन कुमार, नीतीश कुमार भारद्वाज, विद्यालय अध्यापक रोशन कुमार, राम ललित कुमार, लिपिक धीरेंद्र कुमार आदि मौजूद थे। जिला शिक्षा पदाधिकारी खगड़िया के निर्देशानुसार मंगलवार को उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय उत्तरी जमालपुर के प्रभारी प्रधानाध्यापक का प्रभार विद्यालय के वरीय शिक्षक उधव कुमार को हस्तगत किया गया। प्रभारी प्रधानाध्यापक कुमार ने बताया कि शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार विद्यालय का संचालन करने का हर संभव प्रयास करूंगा। अपने कर्तव्य का निर्वहन ईमानदारी पूर्वक करूंगा। प्रभारी प्रधानाध्यापक बनने पर उधव कुमार को प्रभारी प्रधानाध्यापक शहजादा आलम, शिक्षक विजय कुमार, आलोक कुमार, मोहित मधुसूदन, यामिनी कुमारी, नेहा कुमारी, प्रीति कुमारी, अखिलेश कुमार, मनीष कुमार, शंकरानंद, विकास कुमार आदि ने बधाई दी है।

### गोगरी उपस्वास्थ्य केंद्र के बंद रहने से मरीज परेशान

**गोगरी (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड क्षेत्र का अनुमंडलीय अस्पताल हो या विभिन्न पंचायत स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र सभी का हाल खस्ता है। अनुमंडलीय अस्पताल मे जहां चिकित्सक लेट लतीफी हैं वहीं उपस्वास्थ्य केंद्र में एएनएम हो या सीएचओ लेट लतीफी हैं। हालांकि स्वास्थ्य विभाग की ओर से अधिकारियों द्वारा नियमित निरीक्षण नहीं करना इसका मुख्य कारण बताया जाता है। बताते चलें कि गोगरी पंचायत भवन दस बजकर पंद्रह मिनट मे पहुंची जहां मुखिया का रूम बंद तो पड़ा ही था वहीं इसी भवन में स्थित उपस्वास्थ्य केंद्र भी बंद पड़ा था। बोर्ड पर सीएचओ मिली कुमारी की ड्यूटी थी। एएनएम में संजू कुमारी एवं माला चौधरी का नाम अंकित था। थोड़ी देर बाद सीएचओ पहुंचीं। हालांकि उस समय तक कोई भी एएनएम नहीं पहुंची थी। पंचायत भवन में कार्यपालक सहायक आशीष कुमार अपना कार्य कर रहे थे। उपस्वास्थ्य केंद्र का अपने समय पर बंद रहना सवाल पैदा करता है। कई मरीज उपस्वास्थ्य केंद्र के खुलने का इंतजार कर रहे थे। वहीं इस मामले में अस्पताल प्रभारी डॉ. चंद्रप्रकाश ने कहा कि उचित कार्यवाही की जाएगी एवं समय से नहीं आने वाले कर्मी से पूछताछ की जाएगी।

# सीएम से मांगा कटाव का स्थायी समाधान

दैनिक नवसंदेश

**विधायक बबलू मंडल के नेतृत्व में मुख्यमंत्री से मिला शिष्टमंडल**


विधायक बबलू कुमार मंडल व अन्य।

**खगड़िया जिला के रहीमपुर मध्य, रहीमपुर उत्तरी एवं रहीमपुर दक्षिणी पंचायत, बेगूसराय जिला के रघुनाथपुर करारी पंचायत तथा मुंगेर जिला के टीकारामपुर पंचायत में गंगा नदी द्वारा किए जा रहे लगातार कटाव से स्थिति गंभीर**

**प्रतिनिधिमंडल की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए मुख्यमंत्री ने तत्काल संबंधित अधिकारियों को बंडाल निर्माण के लिए डीपीआर तैयार करने को कहा**

**खगड़िया।** खगड़िया, बेगूसराय एवं मुंगेर जिले के गंगा तटवर्ती क्षेत्रों में लगातार हो रहे भीषण कटाव के स्थायी समाधान की मांग को लेकर खगड़िया का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से उनके आवास पर मिला। शिष्टमंडल ने मुख्यमंत्री को विस्तृत ज्ञापन सौंपते हुए खगड़िया जिला के रहीमपुर मध्य, रहीमपुर उत्तरी एवं रहीमपुर दक्षिणी पंचायत, बेगूसराय जिला के रघुनाथपुर करारी पंचायत तथा मुंगेर जिला के टीकारामपुर पंचायत में गंगा नदी द्वारा किए जा रहे लगातार कटाव से उत्पन्न गंभीर स्थिति से अवगत कराया।

प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को बताया कि गंगा नदी के कटाव के कारण हजारों परिवारों की कृषि योग्य भूमि, आवासीय क्षेत्र, सड़कें एवं सार्वजनिक संपत्तियां लगातार नदी में विलीन होती जा रही हैं। कटाव की समस्या वर्षों से बनी हुई है, जिसके कारण स्थानीय लोगों के समक्ष विस्थापन, आजीविका संकट तथा सामाजिक-आर्थिक असुरक्षा की स्थिति उत्पन्न हो गई है। प्रत्येक वर्ष बरसात एवं बाढ़ के मौसम में कटाव की तीव्रता और बढ़ जाती है, जिससे क्षेत्र के लोगों में भय एवं असुरक्षा का माहौल बना रहता है। शिष्टमंडल ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि इस समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित करने हेतु वैज्ञानिक एवं तकनीकी दृष्टिकोण से बंडाल निर्माण सहित अन्य आवश्यक तट संरक्षण कार्य शीघ्र प्रारंभ किए जाएं।

प्रतिनिधिमंडल की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने तत्काल संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करते हुए बंडाल निर्माण के लिए विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री की इस सकारात्मक पहल से कटाव प्रभावित क्षेत्रों के लोगों में आशा की नई किरण जगी है। मुख्यमंत्री से मिलने वाले शिष्टमंडल में खगड़िया सदर के विधायक बबलू कुमार मंडल, युवा शक्ति के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नागेंद्र सिंह त्यागी, भाजपा नेता ई. धर्मेंद्र कुमार, पूर्व जिला परिषद सदस्य कृष्ण कुमार मुन्ना, पूर्व मुखिया मक्खन साह, मुखिया कृष्णा यादव, समाजसेवी एवं आरटीआई कार्यकर्ता अभय कुमार गुड्डू तथा रामाकांत दास और उपमुखिया ललन ठाकुर शामिल थे।

इस अवसर पर खगड़िया सदर के विधायक बबलू कुमार मंडल ने कहा कि गंगा कटाव केवल भूमि क्षरण का मामला नहीं है, बल्कि हजारों परिवारों के अस्तित्व और भविष्य से जुड़ा विषय है। उन्होंने कहा कि रहीमपुर एवं आसपास के क्षेत्रों के लोग वर्षों से कटाव की त्रासदी झेल रहे हैं। कई परिवार अपनी पुश्तैनी जमीन गंवा चुके हैं और अनेक लोगों के सामने विस्थापन का संकट उत्पन्न हो गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने समस्या को गंभीरता से लिया है और तत्काल डीपीआर तैयार करने का निर्देश दिया है, जो क्षेत्र के लोगों के लिए सकारात्मक पहल है। उन्होंने उम्मीद जताई कि शीघ्र ही स्थायी समाधान की दिशा में ठोस कार्य प्रारंभ होगा।

युवा शक्ति के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नागेंद्र सिंह त्यागी ने कहा कि गंगा कटाव की समस्या को लेकर संगठन लंबे समय से संघर्षरत है। उन्होंने बताया कि खगड़िया, बेगूसराय एवं मुंगेर जिले के कटाव पीड़ित परिवारों की पीड़ा को सरकार तक पहुंचाने के लिए लगातार जनसंपर्क, धरना, प्रदर्शन एवं जनजागरण अभियान चलाया गया है। यह केवल किसी एक पंचायत या जिले की समस्या नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा से जुड़ा प्रश्न है। उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष कटाव प्रभावित लोगों की वास्तविक स्थिति को विस्तार से रखा और मांग की कि बंडाल निर्माण के साथ-साथ तटबंध सुदृढ़ीकरण एवं अन्य तकनीकी उपायों को भी प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि जब तक स्थायी समाधान नहीं हो जाता, तब तक संघर्ष जारी रहेगा।

भाजपा नेता ई. धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि गंगा नदी का कटाव क्षेत्र के विकास के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन चुका है। हर वर्ष सैकड़ों एकड़ उपजाऊ भूमि नदी में समाहित हो जाती है, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति लगातार कमजोर हो रही है। कटाव के कारण कई गांवों के अस्तित्व पर संकट मंडरा रहा है। मुख्यमंत्री से हुई मुलाकात में तकनीकी एवं वैज्ञानिक आधार पर स्थायी समाधान की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निर्देश का स्वागत करते हुए कहा कि यदि समयबद्ध तरीके से बंडाल निर्माण एवं तट संरक्षण कार्य किए जाते हैं, तो आने वाले वर्षों में कटाव की समस्या पर प्रभावी नियंत्रण संभव होगा। पूर्व जिला परिषद सदस्य कृष्ण कुमार मुन्ना ने कहा कि कटाव प्रभावित क्षेत्रों के लोग लंबे समय से सरकारी हस्तक्षेप की प्रतीक्षा कर रहे हैं। कई बार स्थानीय स्तर पर मांग उठाई गई, लेकिन स्थायी समाधान की दिशा में अपेक्षित प्रगति नहीं हो सकी। उन्होंने मुख्यमंत्री के सकारात्मक निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि यह क्षेत्र के लाखों लोगों की भावनाओं और अपेक्षाओं का सम्मान है। जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों के संयुक्त प्रयास से इस महत्वपूर्ण मुद्दे को सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से रखा गया, जिसका सकारात्मक परिणाम सामने आया है।

प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को यह भी अवगत कराया कि रहीमपुर मध्य, रहीमपुर उत्तरी, रहीमपुर दक्षिणी, रघुनाथपुर करारी एवं टीकारामपुर पंचायतों में रहने वाले हजारों परिवार प्रत्यक्ष रूप से कटाव से प्रभावित हैं। कृषि भूमि के नुकसान के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। यदि समय रहते स्थायी उपाय नहीं किए गए तो आने वाले वर्षों में स्थिति और भी गंभीर हो सकती है। शिष्टमंडल के सदस्यों ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुना और तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया।

## मिट्टी का अवैध खनन रोकने में जिला प्रशासन विफल रहा

बेलदौर **(दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड क्षेत्र में मिट्टी का अवैध खनन को रोकने में खनन विभाग एवं स्थानीय पुलिस विफल साबित हो रही है। इधर बेलदौर थाना क्षेत्र के बेलदौर, फरेबा गांव के समीप बहियार से दिन मे एवं रात के अंधेरे में अवैध रुप से खनन कार्य किया जा रहा है। बताया जाता है कि अवैध खनन रात के अंधेरे में एक दर्जन से ऊपर ट्रैक्टर लगे हैं। बेला नौवाद ,खैरा वासा गाँव सटे दिन में जेसीबी से अवैध खनन कर ट्रैक्टर से ढुलाई कार्य किया जा रहा है। खनन विभाग और पुलिस को जानकारी देने के बाद भी खनन का खेल नहीं रुक रहा है। इधर ग्रामीणों ने कहा है कि शाम पड़ते ही मां काली स्थान चौक को होकर दर्जनों गाड़ियां मिट्टी लदे एरोप्लेन की रफ्तार में बाजार से निकलती है। ऐसे में कभी भी अप्रिय घटना घट सकती है।



## प्रखंड स्तरीय शारदीय खरीफ कार्यशाला आयोजित

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड कृषि कार्यालय में प्रखंड स्तरीय शारदीय खरीफ कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी सतीश कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी प्रभात रंजन, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी सह प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मनोहर कुमार, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी रूपेश कुमार, प्रखंड पशु चिकित्सा पदाधिकारी इब्राहिम, सहायक गोदाम प्रबंधक अमृता नीरज, प्रखंड उद्यान पदाधिकारी भावना भूषण, आत्मा के अध्यक्ष छबिलाल शर्मा एवं जीविका के बेलदौर परियोजना पदाधिकारी मुकेश कुमार ने संयुक्त रूप से किया।

कार्यशाला का उद्देश्य किसानों को सरकार की कृषि योजनाओं, आधुनिक खेती की तकनीक और उत्पादन बढ़ाने के उपायों पर विस्तृत जानकारी देना था। अधिकारियों ने बताया कि खरीफ महा अभियान को राज्य, जिला, प्रखंड और पंचायत स्तर पर संचालित किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य कृषि विभाग की योजनाओं की जानकारी किसानों तक पहुंचाना एवं उन्हें इन योजनाओं का अधिकतम लाभ पहुंचाना है। फसल प्रबंधन से संबंधित नई तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराना भी इस कार्यक्रम का उद्देश्य है। कार्यक्रम में किसानों को बताया गया कि फार्मर रजिस्ट्रेशन के महत्व, ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया एवं विभिन्न कृषि अनुदान योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया को उपलब्ध कराने के लिए समय पर अपना पंजीकरण एवं आवश्यक दस्तावेजों का संकलन संबंधित कृषि सलाहकार को करवाना आवश्यक है। प्रखंड कृषि पदाधिकारी प्रभात रंजन ने धान की सीधी बुआई एवं प्रबंधन जैविक खेती व रासायनिक खाद का कम उपयोग, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, बिहार कृषि मोबाइल एप्लीकेशन एवं मोटे अनाज की खेती एवं उससे मिलने वाले लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी कार्यशाला में किसानों को दी गई। बुधवार से प्रखंड क्षेत्र की तेलीहार और कंजरी, गुरुवार को माली और महिनाथनगर, शुक्रवार को बोबिल और सकरोहर, शनिवार को कुर्बन और दिघोन, चोढली और इतमादि एवं गुरुवार को पचौत पंचायत में कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।

## शिविर में 122 मरीजों की हुई निःशुल्क स्वास्थ्य जांच

**महेशखूंट (दैनिक नवसंदेश)।** गोगरी प्रखंड के पकरैल पंचायत में मंगलवार को आयोजित जन सहयोग शिविर में 122 मरीजों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गयी। डॉ. दिवाकर ने बताया कि बीपी, सुगर सहित अन्य बीमारी की जांच की गयी। शिविर में ग्रामीण विकास विभाग के 18, राशनकार्ड के नौ और विद्युत विभाग के छह आवेदन सहित अन्य विभागों के भी आवेदन प्राप्त हुए। सभी विभागों के लिए 22 काउंटर लगाए गए थे। कार्यक्रम की शुरुआत जिला उद्यान पदाधिकारी अभय कुमार मंडल, मुखिया अरुण कुमार साह, सीडीपीओ तनुजा साहा और बीसीओ रविन्दर कुमार ने संयुक्त रूप से किया। सभी पदाधिकारियों ने लोगों को अपने अपने विभागों की ओर से संचालित जन कल्याणकारी योजनाएं की जानकारी दी। अध्यक्षता करते हुए मुखिया अरुण कुमार साह ने लोगों को पंचायत में संचालित सभी विभागों की योजनाओं की जानकारी दी। मंच संचालन मनोज कुमार शर्मा ने किया। मौके पर पंचायत सचिव अभिषेक कुमार, लेखापाल दिवाकर कुमार, रोजगार सेवक ब्रजेश कुमार, कार्यपालक सहायक जितेन्द्र कुमार आदि मौजूद थे।

## जन समस्याओं के त्वरित समाधान का सशक्त मंच बना शिविर : कृष्णा



**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं सुगम समाधान के उद्देश्य से सदर प्रखंड कार्यालय परिसर में आयोजित त्रिदिवसीय सहयोग सह जन कल्याण शिविर का मंगलवार को भव्य शुभारंभ हुआ। शिविर का उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्ष एवं जिला परिषद अध्यक्ष संघ की प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा कुमारी यादव तथा प्रखंड प्रमुख काजल कुमारी ने संयुक्त रूप से कया। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख द्वारा अंगवस्त्र तथा प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार द्वारा पौधा भेंट कर उनका स्वागत एवं सम्मान किया गया।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए जिप अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा पंचायत एवं प्रखंड स्तर पर आयोजित सहयोग सह जन कल्याण शिविर जनसरोकार से जुड़ी समस्याओं के समाधान का सशक्त मंच बनकर उभर रहा है। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था के तहत लोगों की समस्याओं को केवल सुना ही नहीं जाता, बल्कि उनका समयबद्ध समाधान भी सुनिश्चित किया जाता है। उन्होंने कहा कि अब आम लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए सरकारी कार्यालयों का चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। सरकार एवं प्रशासन स्वयं जनता के द्वार पहुंचकर उनकी समस्याओं के निवारण के लिए तत्पर है। उन्होंने लोगों से अधिकाधिक संख्या में शिविर का लाभ उठाने की अपील करते हुए कहा कि निर्धारित समय सीमा में कार्य नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई का भी प्रावधान है। साथ ही उन्होंने बताया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही होने पर लोग हेल्पलाइन नंबर 1100 पर सूचना दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज जो समस्याओं के समाधान के लिए वर्तमान सरकार ने सहयोग शिविर लगाकर जन कल्याण कर रही हैं,वो पूर्ववर्ती सरकार में ऐसी सुविधा नहीं होंने के कारण हमारे परिवार के बतौर सांसद व विधायक के कार्यकाल में निजी तौर पर जन कल्याण हेतु जनता दरबार लगाकर विभिन्न समस्याओं का निपटारा करवाते थे।अब वैसी स्थिति नहीं है,चुकि बिहार सरकार ने जन समस्याओं के समाधान हेतु सहयोग सह जन कल्याण शिविर आयोजित कर ऐतिहासिक पहल की है।

## जनकल्याण शिविर का डीएम ने किया निरीक्षण

**गोगरी (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड कार्यालय परिसर मे सहयोग सह जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। आम जनों के शिकायत के समाधान के लिए यह शिविर लगाया गया था। शिविर में राशन कार्ड, जीविका,विभिन्न पेंशन, विद्युत, राजस्व विभाग आदि द्वारा स्टल लगाया गया था। इस मौके पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी थी और खुलकर लोगों ने अपनी समस्या एवं सुझाव को व्यक्त किया। शिविर का उदघाटन विधायक बाबूलाल षौर्य, जिलाधिकारी नवीन कुमार, डी डी सी, गोगरी प्रमुख अशोक पंत, एसडीओ संजय कुमार सहित प्रखंड विकास पदाधिकारी रघुनन्दन आनंद ने किया। राष्ट्रगान के साथ ही इस शिविर का उदघाटन हुआ और लोग अपनी समस्या को लेकर विभिन्न विभाग के लगे स्टल मे पहुंचने लगे। मौके पर जिलाधिकारी नवीन कुमार ने कहा की बिहार सरकार के द्वारा चलाया जा रहा यह शिविर





पूरी तरह कारगर है और इस शिविर मे सभी लोग खुलकर अपनी पंचायत और व्यक्तिगत संबंधित शिकायतों को लिखित रूप से दें,ताकि संबंधित पदाधिकारी द्वारा इसका निवारण किया जा सके। उन्होंने कहा की तीस दिन के अंदर आपकी समस्या का निदान किया जाएगा। कुछ समस्या का हल तुरंत भी किया गया, जबकि कुछ के लिए तीस दिन का समय लिया गया। शिविर 17 एवं 18 जून को भी लगेगा।

### चौथम में तीन दिवसीय शिविर का शुभारंभ

**चौथम (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित आईटी भवन परिसर में तीन दिवसीय प्रखंड जन सहयोग शिविर का आयोजन मंगलवार से ही आरंभ कर दी गई है, हालांकि इसकी पूर्व तिथि 16 एवं 17 जून को रखी गई थी,लेकिन इसे तीन दिवसीय 15 जून से ही आरंभ कर दी गई। शिविर का उद्घाटन विधायक पन्नालाल सिंह पटेल, प्रमुख शोभा देवी एवं जिला स्तरीय अधिकारियों की मौजूदगी में संयुक्त रूप से किया गया। अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख ने की। मौके पर विधायक पन्नालाल सिंह पटेल के द्वारा लोगों को संबोधित करते हुए कहा गया कि सरकार चाहती है कि सरकारी तमाम योजना का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे तथा नागरिकों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी ना हो जिसको लेकर यह षिविर लगाई जाती है,तथा इस शिविर के माध्यम से आम जनता के समस्याओं का त्वरित निष्पादन भी किया जाता है। विधायक ने बासगीत पर्चा में राशि लिए जाने का मुद्दा भी अधिकारियों के बीच रखा और इसमें सुधार की हिदायत दी एवं अधिकारियों को निष्पक्ष होकर कार्य करने की सलाह दी।

### सहयोग शिविर में समस्याओं का समाधान

**चौथम (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड के सरसावा एवं चौथम पंचायत के शिवाधीन महावीर उच्च विद्यालय परिसर में मंगलवार को जन समाधान सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। अध्यक्षता चौथम पंचायत की मुखिया पुनीता देवी ने की। एडीएम आपदा विजयंत कुमार, डीपीओ योजना पवन कुमार, एमवीआई अभिषेक कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी धनंजय कुमार एवं प्रखंड स्तरीय अधिकारियों ने संयुक्त रूप से शिविर का शुभारंभ किया। चौथम बीडीओ रंजीत कुमार ने सरकार आपके द्वारा सहयोग शिविर की महत्ता के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि शिविर के माध्यम से जनता अपनी समस्या का तुरंत समाधान पाती है। शिविर में राजस्व, बिजली, मनरेगा, स्वास्थ्य एवं पेंशन योजना से संबंधित तमाम विभागों के शिविर लगाए गए थे। मौके पर अंचल अधिकारी रविराज, बीडीओ रंजीत कुमार, आरओ प्रमोद कुमार सिंह, जीविका बीपीएम राजेश कुमार मौके पर उपस्थित दिखे। वही बुच्चा पंचायत में पंचायत के मुखिया आजम उद्दीन के अध्यक्षता में जन समाधान शिविर का आयोजन किया गया, प्रखंड से पंचायती राज पदाधिकारी, प्रमथ मयंक, कल्याण अभिषेक कुमार, कृषि महेश कुमार मनोज श्रीवास्तव आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## सहयोग शिविर में डीएम और परबत्ता विधायक ने सुनीं लोगों की समस्याएं



**परबत्ता (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड कार्यालय परिसर में विशेष सहयोग शिविर एवं सौढ दक्षिणी एवं कबेला पंचायत में मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। सभी जगह कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। शिविर में खगड़िया के जिलाधिकारी नवीन कुमार, परबत्ता विधायक बाबूलाल शौर्य, गोगरी एसडीओ संजय कुमार, बीडीओ संतोष कुमार पंडित तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। शिविर के दौरान विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की गई तथा आमजनों की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित समाधान का प्रयास किया गया। अधिकारियों ने योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की जानकारी लेते हुए संबंधित कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही स्वच्छता अभियान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्रामीणों को शौचालय निर्माण के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर जीविका दीदियों को एक लाख रुपये का डमी चेक प्रदान किया गया। वहीं विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत निर्माण कार्य पूर्ण कर चुके लाभार्थियों को चेक के माध्यम से प्रोत्साहन राशि भी वितरित की गई। अधिकारियों ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। सहयोग शिविर के माध्यम से लोगों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ उनकी समस्याओं का समाधान भी सुनिश्चित किया जा रहा है।जिलाधिकारी नवीन कुमार ने कहा कि सहयोग शिविर सरकार और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है। इससे लोगों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर त्वरित निष्पादन संभव हो रहा है।वहीं विधायक बाबूलाल शौर्य ने कहा कि राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए प्रशासन और जनप्रतिनिधि मिलकर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने लोगों से योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की।डीसीसी श्वेता भारती ने कहा कि जीविका समूहों के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। सहयोग शिविर से ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी और लाभ दोनों उपलब्ध हो रहे हैं। सौढ दक्षिणी पंचायत में अंचलाधिकारी हरिनाथ राम, मुखिया विनिता देवी तथा कबेला पंचायत में मुखिया बालकृष्ण शर्मा मौजूद रहे।

## विकसित भारत संकल्प सम्मेलन में मोदी सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों पर हुई चर्चा

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** जिले मुख्यालय के मंडप विवाह भवन में भाजपा जिला इकाई के तत्वावधान में विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का आयोजन किया गया। अध्यक्षता पार्टी के जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न भगत ने की। कार्यक्रम के संयोजक सीए अनुज कुमार थे। संचालन कार्यक्रम प्रभारी भाजपा के जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम् के सामूहिक गायन, दीप प्रज्ज्वलन एवं अतिथियों को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित करने के साथ हुआ।

मुख्य अतिथि केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री राज भूषण चौधरी निषाद ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन, राष्ट्रीय सुरक्षा, गरीब कल्याण एवं आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत वैश्विक स्तर पर मजबूत, आत्मविश्वासी और निर्णायक नेतृत्व वाले राष्ट्र के रूप में स्थापित हुआ है। केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचा है। जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि, डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया, महिला सशक्तीकरण तथा युवाओं के रोजगार और स्वरोजगार के क्षेत्र में हुए कार्यों ने देश के



विकास को नई दिशा दी है। विकसित भारत का संकल्प प्रत्येक भारतीय का संकल्प है और इसे साकार करने के लिए केंद्र सरकार निरंतर कार्यरत है।

भाजपा के प्रदेश मंत्री सह क्षेत्रीय प्रभारी कुमार राघवेंद्र ने कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्ष सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहे हैं। भाजपा सरकार ने अंत्योदय के मूल मंत्र को आत्मसात करते हुए समाज के हर वर्ग तक विकास की रोशनी पहुंचायी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न भगत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास के नए प्रतिमान स्थापित किए हैं। भाजपा सरकार की नीतियों और योजनाओं ने गरीब, किसान, युवा, महिला एवं वंचित वर्ग के जीवन में सकारात्मक बदलाव लायी है। विकसित भारत के निर्माण में भाजपा कार्यकर्ताओं की भूमिका महत्वपूर्ण है और प्रत्येक कार्यकर्ता इस संकल्प को जन-आंदोलन बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

पूर्व जिला अध्यक्ष अर्जुन कुमार शर्मा, सुनील कुमार सिंह एवं कंचन पटेल ने भी केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकसित भारत के विजन तथा राष्ट्र निर्माण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्ष विकास, विश्वास, सुशासन एवं जनसेवा के स्वर्णिम कालखंड के रूप में इतिहास में दर्ज होंगे।

कार्यक्रम के अंत में विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाने तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का सामूहिक संकल्प लिया गया।

मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष अर्जुन कुमार शर्मा, सुनील कुमार सिंह, कंचन पटेल, जिला महामंत्री डॉ. इंदुभूषण कुशवाहा, जिला महामंत्री नंदू साह, प्रदेश परिषद सदस्य सुनीता देवी राय, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अश्विनी चौधरी, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी सूरज पांडेय, खगड़िया नगर उत्तरी मंडल अध्यक्ष शुभंकर शुभम उर्फ अनुपम सिंह, प्रदेश महिला मोर्चा कार्यसमिति सदस्य वंदना सिंह पटेल, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद शाह, डॉ. प्रभात, जिला मीडिया प्रभारी सह मुख्य प्रवक्ता मनीष कुमार राय, लक्ष्मी देवी, प्रीति प्रिया, ममता देवी, जिला प्रवक्ता मनीष चौधरी, रंजन राज, इंजीनियर धर्मेंद्र यादव आदि मौजूद थे।

# ट्रेनों के ठहराव बहाली को लेकर ग्रामीणों का तीन घंटे धरना-प्रदर्शन

## रेलवे प्रशासन के आश्वासन के बाद बंद किया गया धरना-प्रदर्शन

**जमालपुर (मुंगेर) (डीएनएस)।** जमालपुर-किऊल रेलखंड के महत्वपूर्ण कजरा रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव की बहाली, यात्री सुविधाओं के विस्तार तथा सुरक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर मंगलवार को सैकड़ों ग्रामीणों ने जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने रेलवे प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताते हुए चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आने वाले दिनों में रेल चक्का जाम कर उग्र आंदोलन किया जाएगा।

सुबह करीब 10 बजे कजरा क्षेत्र के ग्रामीण स्टेशन परिसर के बाहर एकत्र हुए और शांतिपूर्ण तरीके से धरने पर बैठ गए। प्रदर्शन का नेतृत्व स्थानीय निवासी राजीव कुमार, रोहित कुमार एवं अन्य ग्रामीणों ने किया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि कजरा स्टेशन पर पहले जिन महत्वपूर्ण ट्रेनों का ठहराव होता था, उन्हें बंद कर दिए जाने से हजारों यात्रियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। छात्रों, नौकरीपेशा लोगों, व्यापारियों तथा मरीजों को दूसरे स्टेशनों पर जाकर ट्रेन पकड़ने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।धरना-प्रदर्शन की सूचना मिलते ही रेलवे सुरक्षा बल, जीआरपी एवं स्थानीय प्रशासन सक्रिय हो गया। आरपीएफ यार्ड पोस्ट जमालपुर के सब इंस्पेक्टर जेआर मीणा, रेल थानाध्यक्ष स्वराज कुमार,रेलवे ट्रैफिक इंस्पेक्टर दिलीप कुमार सहित स्थानीय पुलिस बल तथा रेलवे अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और प्रदर्शनकारियों से वार्ता की। पूरे प्रदर्शन के दौरान कानून-व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रण में रही तथा रेल परिचालन सामान्य रूप से संचालित होता रहा। करीब तीन घंटे तक चले धरना-प्रदर्शन के बाद दोपहर एक बजे रेलवे प्रशासन एवं ग्रामीणों के बीच विस्तृत बातचीत हुई। इस दौरान स्टेशन अधीक्षक कजरा एवं ट्रैफिक इंस्पेक्टर जमालपुर ने आश्वासन दिया कि ग्रामीणों की मांगों और शिकायतों को उच्च रेलवे अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा तथा आवश्यक स्तर पर विचार कराया जाएगा।आश्वासन मिलने के बाद ग्रामीणों ने फिलहाल अपना आंदोलन समाप्त कर दिया।


यात्रियों की समस्या सुनते टीआई दिलीप कुमार।

# बिजली, पानी, सड़क व नाला जैसे समस्या से शिविर में विधायक हुए रूबरू

**जमालपुर (मुंगेर)।** आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए नगर परिषद क्षेत्र के मध्य विद्यालय बड़ी आशिकपुर जमालपुर में सहयोग शिविर का आयोजन मुख्य पार्षद पार्वती देवी के अध्यक्षता में किया गया। सहयोग शिविर के मुख्य अतिथि जमालपुर विधायक नचिकेता मंडल के उपस्थिति में जनता ने बिजली पानी सड़क नाला जैसे समस्या से रूबरू कराया।

जनता के समस्या के प्रति गंभीर दिखे विधायक ने कहां की सरकार की एक ही उद्देश्य एवं मनसा है कि समस्या समाधान को लेकर जनता परेशान ना हो एक ही छत के नीचे आयोजित होने वाले शिविर के माध्यम से सभी समस्या का समाधान 30 दिनों के अंदर होना है। सहयोग शिविर के प्रति जनता का विश्वास सरकार की ओर देखने को मिल रहा है। इसलिए अधिकारी गंभीर होकर शिविर में आने वाले समस्या निदान को लेकर जागरूक हो जाए। इसके पहले शिविर में पहुंचे विधायक का स्वागत कार्यपालक पदाधिकार विजय शील गौतम,स्वच्छता पदाधिकारी सोनम राज ने किया। मौके पर जदयू प्रखंडध्यक्ष मुनीलाल मंडल,वार्ड पार्षद कैलाश सिंह,सोनू मंडल,अमित कुमार,अमित कुमार चंद्रवंशी, सफाई निरीक्षक सतनारायण मंडल,शशिकांत,प्रेम शंकर,नजीर, रितेश कुमार,राजा कुमार,सुरेंद्र कुमार,गोपाल ष्ण,वशिष्ठ, प्रमोद मंडल, रक्कू शर्मा, मनोज मंडल,अनिल कुमार मंडल,आलोक कुमार,पंकज कुमार सहित कई मौजूद थे।


- शिविर में समस्या सुनते विधायक नचिकेता मंडल,जागरण।

# दुर्घटनाओं की संभावनाओं को न्यूनतम करने को लेकर शंटिंग मेला आयोजित

**जमालपुर (मुंगेर)।** रेलवे द्वारा सुरक्षा जागरूकता और तकनीकी नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए जमालपुर में शंटिंग मेला का आयोजन सहायक परिचालन सुरक्षा प्रबंधन नंदकिशोर शर्मा के नेतृत्व में किया गया।शंटिंग मेला उपस्थित कर्मचारियों को मालगाड़ियों और यात्री डिब्बों की शंटिंग के दौरान किसी भी दुर्घटना से बचने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। परिचालन प्रबंधक ने शंटिंग मेला और सेफ्टी से जुड़ी मुख्य बातों को बताते हुए रेल परिचालन को सुचारू और दुर्घटना-मुक्त बनाने पर जोड़ दिया।रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शंटिंग कार्यो से जुड़ी सुरक्षा व्यवस्थाओं,परिचालन संबंधी चुनौतियों और उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान यार्ड में सुरक्षित कार्य संस्ति विकसित करने तथा दुर्घटनाओं की संभावनाओं को न्यूनतम करने पर विशेष भी जोर दिया गया। रेलवे परिचालन की सफलता में शंटिंग कार्य की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। यार्ड में ट्रेनों और कोचों की सुरक्षित आवाजाही, समयबद्ध संचालन तथा बेहतर समन्वय से ही रेल सेवाओं को सुचारु रखा जा सकता है।उन्होंने कर्मचारियों को सुरक्षा नियमों का पालन करने तथा किसी भी परिस्थिति में लापरवाही नहीं बरतने की सलाह दी। यार्ड में कार्य करते समय अपनाई जाने वाली सावधानियों, संकेतों की सही जानकारी, संचार व्यवस्था की मजबूती तथा तकनीकी पहलुओं के बारे में भी बताया गया। मौके पर स्टेशन प्रबंधक दीपक कुमार, सुजीत गुप्ता, शांतनु कुमार सहित शंटिंग मास्टर, लोको पायलट और अन्य परिचालन कर्मचारी मुख्य रूप से मौजूद थे।


शंटिंग मेला का आयोजन करते रेल अधिकारी।

# स्वर्ण,रजत व कांस्य पदक जीत कर खिलाड़ियों ने जमालपुर का बढ़ाया मान

## चार खिलाड़ियों का राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन

**जमालपुर (मुंगेर) (डीएनएस)।** लखीसराय जिले में पिछले दिनों संपन्न हुए 6वीं बिहार राज्य स्तरीय थांग-टा (मार्शल आर्ट) चौंपियनशिप में जमालपुर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर अपने जिले एवं शहर का मान सम्मान बढ़ाया है।

बिहार थांग-टा संघ के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में मुंगेर जिला की ओर से जमालपुर के 10 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और उत्ष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया। सब जूनियर बालक वर्ग के अंडर-45 किलोग्राम वर्ग में अदयंत गौतम ने कांस्य पदक हासिल किया। वहीं अंडर-49 किलोग्राम वर्ग में ष्ण भार्गव ने भी कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। सब जूनियर बालिका वर्ग के अंडर-33 किलोग्राम वर्ग में इशिका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इसी तरह कुसुम भारती ने भी स्वर्ण पदक जीतकर जमालपुर और मुंगेर जिले का गौरव बढ़ाया। जूनियर बालक वर्ग के अंडर-44 किलोग्राम वर्ग में मनुप राज और जयंत राज ने कांस्य पदक प्राप्त कर अपने माता-पिता और जिले का नाम रोशन किया। सीनियर वर्ग में अंडर-54 किलोग्राम वर्ग के खिलाड़ी श्रेय मयंक ने स्वर्ण पदक जीतकर अपनी श्रेष्ठता साबित की। वहीं अंडर-58 किलोग्राम वर्ग में शुभम दे ने भी स्वर्ण पदक हासिल किया। इसी वर्ग में सिनू सिद्धार्थ ने कांस्य पदक प्राप्त किया, जबकि 80 किलोग्राम से अधिक वर्ग में मानस कुमार ने रजत पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। इस बावत टीम कोच मनोज कुमार ने बताया कि सभी खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अनुशासित और उत्ष्ट प्रदर्शन किया है। उन्होंने बताया कि श्रेय मयंक, शुभम दे, इशिका और कुसुम भारती का चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए किया गया है।



ग्रुप में शामिल कांस्य स्वर्ण एवं रजत पदक विजेता खिलाड़ी।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा महिला मोर्चा ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**फतुहा (दैनिक नवसंदेश)।** भाजपा महिला मोर्चा की ओर से फतुहा के सोनारू में नरेन्द्र मोदी सरकार के 12 वर्ष होने पर जन जागरूकता अभियान चलाया गया।इस दौरान भाजपा महिला मोर्चा के नेताओं ने महिलाओं से जनसंपर्क कर इंधन बचाओं, मोटाअनाज खाओं, गैस का उपयोग कम करने का आह्वान किया गया। वही सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को बताया गया। वही सोनारू शिव मंदिर में महिलाओं ने पूजा -अर्चना किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कार्यक्रम प्रभारी अनामिका अग्रवाल, जिला मंत्री प्रतिमा पाण्डेय,महिला मोर्चा के पूर्व जिला मंत्री पूनम केसरी, रूवी देवी समेत दर्जनों महिला मौजूद थी।

### प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन निर्मान की भूमि पूजन : विधायक

**सोनपुर।** सुबह 11बजे माननीय विधायक विनय कुमार सिंह द्वारा प्रखंड सह अंचल कार्यालय का भूमि पूजन किया गया। यह कार्यालय तीन मंजिला होगा एवं 2028 तक तैयार कर लिया जायेगा। इसके बाद विधायक जी ने सोनपुर प्रखंड सह अंचल अंतर्गत चतुरपुर एवं हसनपुर पंचायत में आयोजित ष्सहयोग शिविरष में शामिल होकर स्थानीय लोगों की समस्याओं को सुना।शिविर में उपस्थित संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए।उन्होंने कहा की जनसेवा ही जनप्रतिनिधि का सर्वोच्च दायित्व है और आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण हमारी प्राथमिकता है।क्षेत्र के विकास एवं जनता के हित में निरंतर कार्य करते हुए हर नागरिक तक शासन की योजनाओं और सुविधाओं का लाभ पहुँचाने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं।मौके पर भाजपा नगर अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह बब्लु, सदर अध्यक्ष दीपक शर्मा,आदित्य कुमार छोटु, एवं संजीत चौरसिया जिला मंत्री राजीव सिंह,नगर परिषद अध्यक्ष अजय शाह, प्रखंड विकास पदाधिकारी आरोमा मोदी, राजस्व पदाधिकारी संजीव कुमार, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी केशव रय, नरेश सिंह, सहित सैकड़ो व्यक्ति सहयोग शिविर मे शामिल हुए।

### महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह द्वारा बिक्रमशिला-कटरिया नई लाईन के निर्माण स्थल किया गया निरीक्षण

**सोनपुर।** पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह ने आज पाटलिपुत्र-शाहपुर पटोरी-बरौनी-नौगछिया रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने रेलखंड के विभिन्न स्टेशनों, पुल-पुलियों, ओएचई प्रणाली, पथ-रचना तथा ट्रैक की संरक्षा एवं मजबूती का अवलोकन किया । इसके साथ ही महाप्रबंधक द्वारा बिक्रमशिला-कटरिया नई लाईन परियोजना के निर्माण स्थल का भी निरीक्षण किया गया । निरीक्षण क्रम में महाप्रबंधक महोदय नौगछिया स्टेशन पहुंचे । इसके उपरांत महाप्रबंधक महोदय द्वारा नौगछिया के तरफ कटरिया के उपरी भाग के निर्माण साईट का निरीक्षण किया गया । इसके पश्चात महाप्रबंधक ने भागलपुर के तरफ स्थित निर्माण स्थल एवं नये स्टेशन साईट का भी निरीक्षण किया गया। इस परियोजना के तहत गंगा नदी पर 2.44 किमी लंबी डबल लाइन वाली पुल का भी निर्माण किया जाना है जिससे संबंधित निविदा प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है तथा मिट्टी जांच का कार्य पूरा किया जा चुका है । मुख्य पुल के डिजाइन एवं ड्राईंग का कार्य अगले 03 माह में पूरा कर लिया जाएगा । इसके उपरांत मुख्य पुल का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा । इसके साथ ही मुख्य पुल से जुड़े दोनों तरफ बनने वाले रेल लाईन हेतु 180 हेक्टर जमीन का अधिग्रहण किया जाना है । अधिगृहित किये जाने वाले इस 180 हेक्टर जमीन में से आधे से ज्यादा प्राइवेट जमीन है जिसे अधिगृहित करने हेतु 20ए एवं 20ई जारी किया जा चुका है। विदित हो कि रुपए 2549 करोड़ की लागत से बिहार में भागलपुर के पास गंगा नदी पर 26 किमी लंबे बिक्रमशिला-कटरिया नई लाईन के निर्माण किया जाना है। इस परियोजना के तहत गंगा नदी पर 2.44 किमी लंबी डबल लाइन वाली पुल का भी निर्माण किया जायेगा । बिक्रमशिला-कटरिया नई लाईन परियोजना में बिक्रमशिला स्टेशन भागलपुर-साहिबगंज रेलखंड तथा कटरिया स्टेशन कटिहार-बरौनी रेलखंड पर स्थित है। इस परियोजना के तहत गंगा नदी नदी पर बनने वाला रेल पुल वाई आकार का होगा जो उत्तर दिशा में कटरिया और नवगछिया तथा दक्षिण दिशा में बिक्रमशिला और शिवनारायणपुर स्टेशनों को जोड़ेगी । इस पुल के निर्माण होने से बिहार के कोसी और सीमांचल क्षेत्र का अंग क्षेत्र से सीधा जुड़वा होगा। इस अवसर पर मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, निर्माणध्दक्षिण श्री राजीव गुप्ता, प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक श्रीमती इंदु रानी दूबे, सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री अमित सरन तथा मुख्यालय एवं मंडल के अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### सीमा पर जब्त हुई चायनीज सेब की खेप

**जोगबनी (दैनिक नवसंदेश)।** दिनांक 16.06.2026 को 56वीं वाहिनी स.सी.ब.बथनाहा के कार्यक्षेत्र ष्आईष समवाय जोगबनी में स्थित दक्षिण महेश्वरी सीमांचल अस्पताल जोगबनी सीमा स्तंभ संख्या 179ध्02 के नजदीक भारत की तरफ लगभग 1.2 किलोमीटर पर चाइनीज सेब 450 किलोग्राम एवं नाशपाती 70 किलोग्राम जिसे नेपाल से भारत की ओर लाया जा रहा था। जिसे सशस्त्र सीमा बल के विशेष गश्ती टीम द्वारा जब्त किया गया एवं साथ ही दो व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया गया, जिसका नाम शंभु यादव, उम्र 45 वर्ष, पिता श्री महेश्वरी यादव, ग्राम पिपराही थाना घईलर जिला मधेपुरा 2. रवि सिंह उम्र 35 वर्ष पिता स्व. हरि सिंह ग्राम हंसा थाना रानीगंज जिला अररिया का निवासी है स जिसे आवश्यक कार्यवाही के बाद कस्टम विभाग फारबिसगंज को सुपूर्द किया गया।

### वैष्णोधाम गोलीकांड में नया मोड़

### बीएसएफ के सेवानिवृत्त जवान ने लगाया पिस्टल छीनने का आरोप

### मारपीट मामले में दो प्राथमिकी दर्ज

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बाढ़ नगर के सदर बाजार स्थित वैष्णोधाम मंदिर के समीप हुई गोलीबारी और मारपीट की घटना ने अब नया और गंभीर मोड़ ले लिया है। मामले में बीएसएफ के एक सेवानिवृत्त जवान ने आरोप लगाया है कि विवाद के दौरान कुछ लोगों ने उनके साथ मारपीट की तथा उनका लाइसेंसी पिस्टल भी छीन लिया। घटना को लेकर बाढ़ थाना में दो अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की गई हैं, जिसके बाद पुलिस पूरे मामले की गहन जांच में जुट गई है।जानकारी के अनुसार वैष्णोधाम क्षेत्र में हुए विवाद के दौरान अचानक गोली चलने की सूचना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई थी। घटना की जानकारी मिलते ही बाढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल से एक खोखा बरामद किया। गोली चलने की घटना के बाद स्थानीय लोगों के बीच दहशत का माहौल बन गया था।इस बीच मामले में नया दावा सामने आया है। बीएसएफ के सेवानिवृत्त जवान ने पुलिस को दिए गए आवेदन में आरोप लगाया है कि विवाद के दौरान कई लोगों ने मिलकर उनकी पिटाई की और उनका लाइसेंसी पिस्टल छीन लिया। उन्होंने आरोपितों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से भी शिकायत दर्ज कराई गई है, जिसके आधार पर पुलिस ने दोनों पक्षों की प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं जारी हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो भी लोगों के बीच चर्चा का विषय बने हुए हैं। पुलिस इन वीडियो की सत्यता की जांच कर रही है और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि पूरे घटनाक्रम की वास्तविक तस्वीर सामने आ सके।पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि गोली किन परिस्थितियों में चली, हथियार का इस्तेमाल किसने किया तथा लाइसेंसी पिस्टल छीनने के आरोप में कितनी सच्चाई है। तकनीकी और भौतिक साक्ष्यों के साथ-साथ प्रत्यक्षदर्शियों के बयान भी दर्ज किए जा रहे हैं।बाढ़ थाना पुलिस का कहना है कि मामले की निष्पक्ष और वैज्ञानिक तरीके से जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद ही घटना की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस सतर्क है और मामले से जुड़े सभी पहलुओं पर गंभीरता से कार्रवाई कर रही है।घटना ने नगर में सनसनी फैला दी है और लोगों की निगाहें अब पुलिस जांच के निष्कर्ष पर टिकी हुई हैं। दो प्राथमिकी दर्ज होने तथा हथियार छिनने के आरोप सामने आने के बाद यह मामला और भी संवेदनशील बन गया है। पुलिस का दावा है कि साक्ष्यों के आधार पर दोषियों की पहचान कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### मोकामा के लाल ने बढ़ाया बिहार का मान

### 'स्वार्ड ऑफ ऑनर' और प्रेसिडेंट्स गोल्ड मेडल से सम्मानित हुए लेफ्टिनेंट विशाल

#### हाथीदह महेंद्रपुर के विशाल बने वर्ष के सर्वश्रेष्ठ कैडेट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने किया सम्मानित

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** मोकामा प्रखंड के हाथीदह महेंद्रपुर गांव के युवा विशाल कुमार ने अपनी प्रतिभा, अनुशासन और कड़ी मेहनत के बल पर ऐसा मुकाम हासिल किया है, जिस पर पूरे बिहार को गर्व है। अब वे ष्लेफ्टिनेंट विशालष के नाम से जाने जाएंगे। भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए), देहरादून से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले विशाल को वर्ष के सर्वश्रेष्ठ कैडेट के रूप में चुना गया है। देहरादून में आयोजित भव्य पासिंग आउट परेड के दौरान देश की महामहिम राष्ट्रपति एवं भारतीय सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने लेफ्टिनेंट विशाल को प्रतिष्ठित 'स्वर्ड अफ अनर' तथा 'प्रेसिडेंट्स गोल्ड मेडल' प्रदान कर सम्मानित किया। यह सम्मान आईएमए के उस कैडेट को दिया जाता है, जो प्रशिक्षण के दौरान उत्ष्ट नेतृत्व क्षमता, सैन्य कौशल, अनुशासन और सर्वांगीण प्रदर्शन का परिचय देता है।लेफ्टिनेंट विशाल, हाथीदह महेंद्रपुर निवासी पूर्व सैनिक विनोद कुमार सिंह और माता अंजना कुमारी के पुत्र हैं। एक साधारण परिवार से निकलकर देश की सर्वोच्च सैन्य उपलब्धियों में से एक हासिल करना उनकी लगन और समर्पण का प्रमाण है।विशाल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों तथा आईएमए देहरादून के प्रशिक्षकों को दिया। उन्होंने कहा कि बचपन से ही उनका सपना भारतीय सेना में अधिकारी बनकर देश की सेवा करना था। आज सेना में लेफ्टिनेंट के रूप में नियुक्त होकर उन्हें अपने सपने को साकार करने का अवसर मिला है, जिससे वे बेहद गौरवान्वित और उत्साहित हैं।विशाल की इस ऐतिहासिक उपलब्धि से पूरे मोकामा, बाढ़ और पटना जिले में खुशी की लहर है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, शिक्षकों एवं ग्रामीणों ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि उनकी सफलता युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। लेफ्टिनेंट विशाल ने यह साबित कर दिया है कि ढ़ संकल्प, अनुशासन और कठिन परिश्रम के बल पर कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता।उनकी इस उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे बिहार का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है।


युवा विशाल कुमार।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**फतुहा (दैनिक नवसंदेश)।** थाना क्षेत्र के मोहिउद्दीनपुर गांव के पटना सरमेरा फोर लेन पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक युवक की मौत घटना स्थल पर ही हो गया। जानकारी के अनुसार जफराबाद गांव निवासी अरविन्द पासवान का पुत्र साहिल कुमार अपने बाइक से ससुराल जा रहा था।इसी बीच मोहिउद्दीन गांव के पास अज्ञात वाहन की चपेट आ गया।जिससे उसकी मौत घटना स्थल पर ही होगा।ग्रामीणों की सूचना पर घटना स्थल पर पहुंची फतुहा पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए एनएमसीएच भेज दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### कुर्था थानाध्यक्ष ने किया विभिन्न बैंकों का निरीक्षण

**कुर्था(एनएसबी)।** बैंकों में आने जाने वाले लोगों के तमाम गतिविधियों पर रखे नजर बैंक के सभी कैमरे को रखें एक्टिव! उक्त बातें उक्त बातें मंगलवार को कुर्था थाना क्षेत्र के विभिन्न बैंकों के निरीक्षण के दौरान कुर्था थानाध्यक्ष चंदन कुमार झा ने शाखा प्रबंधक व बैंक सुरक्षा में तैनात सुरक्षा प्रहरियों को कही! उन्होंने कहा कि बैंक में आने जाने वाले लोगों की तमाम गतिविधियों पर नजर रखें अकारण बैंक में बैठने वाले लोगों को चिन्हित करें साथ ही सुरक्षा को लेकर बैंकों में तैनात सुरक्षा प्रहरियों को कई आवश्यक निर्देश भी दिए। उन्होंने थाना क्षेत्र के विभिन्न बैंकों में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया साथ ही सभी शाखा प्रबंधकों को बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे को हमेशा एक्टिव रखने की बात कही! उन्होंने कहा कि कैमरे को हमेशा एक्टिव रखें ताकि तमाम लोगों की गतिविधियां कमरे में कैद हो सके। इस मौके पर कुर्था थानाध्यक्ष के अलावा कई पुलिसकर्मी शामिल थे।


निरीक्षण करते थाना अध्यक्ष।

### अधिकारियों के मिली भगत से मनरेगा योजना में मची है लूट

**कुर्था(एनएसबी)** कुर्था प्रखण्ड में पदस्थापित कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा द्वारा योजनाओं के कार्यान्वयन में बड़े पैमाने पर धांधली किया जा रहा है। क्योंकि 15 जुन के बाद बरसात का मौसम शुरू हो जाता है। जिसके चलते मिट्टी से संबंधित योजनाओं का कार्यान्वयन बंद कर दिया जाता है। ताकि सरकारी खजाने को बिचौलियों के द्वारा लुट नहीं किया जा सके। लेकिन कुर्था प्रखण्ड के कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा द्वारा 10 जुन के बाद भी मिट्टी से संबंधित योजनाओं का प्रशासनिक स्वीकृती देना इनके भ्रष्टाचार की प्रकाष्ठा को दशार्ता है। क्योंकि मनरेगा योजनाओं में अभी सैकड़ो योजनाऐं अपूर्ण है। अपूर्ण योजनाओं को पूर्ण करने के बजाए मनरेगा के बिचौलियों एवं दलालों से मोटी रकम लेकर इनके द्वारा मिट्टी से संबंधित नई योजनाओं को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करना इनके द्वारा भ्रष्टाचार कि प्रकाष्टा को दशार्ता है। इनके द्वारा फर्जी मांग पत्र के आधार पर मास्टर रौल निर्गत कर कार्य आवंटित करना भी भ्रष्टाचार का प्रकाष्टा है। क्योंकि सभी मांग पत्र में कार्य मांगने वाले मजदुरों का हस्ताक्षर एवं अंगुठा का निशान फर्जी है। कुर्था प्रखण्ड में पदस्थापित कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा कुर्था के असंवैधानिक कार्यो को विस्तृत जांच कर संवैधानिक कारवाई करने की कृपा करें।

### बिहार सरकार के पंचायती राज मंत्री को मुखिया ने किया सम्मानित



**कुर्था (एनएसबी)** राज्य सरकार के निर्देश पर स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के नदौरा पंचायत के महमदपुर गांव स्थित पंचायत सरकार भवन में लगने वाले सहयोग शिविर में पहुंचे। बिहार सरकार के पंचायती राज मंत्री सह अरवल जिले के प्रभारी मंत्री दीपक प्रकाश को नदौरा पंचायत के मुखिया बृजेंद्र शर्मा उर्फ मंटू शर्मा ने अंग वस्त्र व बुके देकर सम्मानित किया। इस संबंध में नदौरा पंचायत के मुखिया बृजेंद्र शर्मा उर्फ मंटू शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार का यह योजना धरातल पर लागू करने के उद्देश्य से सभी पंचायत में सहयोग शिविर लगाए जा रहे हैं। ऐसे में नदौरा पंचायत में भी सहयोग शिविर लगाए गए हैं। जहां पंचायत के लोगों को तमाम कार्यों को आसानी पूर्वक करने में बेहतर सहूलियत मिल रही है लोग आसानी से सहयोग शिविर में पहुंचकर अपने-अपने कार्यों को निष्पादित कराते देखे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का यह बहुत ही बेहतर पहल है। जिससे आम अवाम को कई प्रकार के लाभ मिल रही है। सबसे खुशी की बात तो यह है कि राज्य सरकार के यह कार्यक्रम में बिहार सरकार के पंचायती राज्य मंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया।

### एसपी के जनता दरबार में लोगों ने रखी अपनी समस्याएं


लोगों की समस्याएं सुनते एसपी।

**अरवल (एसएनबी)।** पुलिस अधीक्षक द्वारा आयोजित जनता दरबार में आमजनों की शिकायतों एवं समस्याओं को सुना गया। जनता दरबार में बड़ी संख्या में लोग अपनी विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों के निराकरण हेतु उपस्थित हुए। पुलिस अधीक्षक महोदया द्वारा सभी फरियादियों की बातों को गंभीरतापूर्वक एवं ध्यानपूर्वक सुना गया तथा प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों के त्वरित, निष्पक्ष एवं प्रभावी निष्पादन हेतु संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही, सभी मामलों में समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जनता दरबार का उद्देश्य आमजन एवं पुलिस प्रशासन के बीच संवाद को सुदृढ़ करना तथा उनकी समस्याओं का शीघ्र एवं न्यायोचित समाधान सुनिश्चित करना है। पुलिस प्रशासन जनसुनवाई के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं के निराकरण हेतु निरंतर प्रतिबद्ध है।

### उद्योगों की दस्तक से बदलेगी जहानाबाद की तस्वीर, निवेश और रोजगार के नए द्वार खोलने की तैयारी

**जहानाबाद (एनएसबी)।** जिले को औद्योगिक मानचित्र पर नई पहचान दिलाने और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करने की दिशा में जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण पहल शुरू कर दी है। मंगलवार को जिला पदाधिकारी श्रीमती अलंकृता पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में औद्योगिक क्षेत्र के विकास, निवेश आकर्षित करने तथा आवश्यक आधारभूत संरचनाओं के निर्माण को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि औद्योगिक विकास केवल भूमि अधिग्रहण का विषय नहीं, बल्कि जिले की आर्थिक प्रगति, रोजगार सृजन और भविष्य की समृद्धि से जुड़ा हुआ प्रश्न है। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों के निकट स्थित उपयुक्त सरकारी भूमि का शीघ्र चिन्हांकन कर उसे औद्योगिक उपयोग के लिए उपलब्ध कराने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाए। अंचल अधिकारी, जहानाबाद सदर एवं मोदनगंज को भूमि चिन्हांकन का कार्य तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया गया, जबकि भूमि सुधार उप समाहर्ता को पूरे कार्य की निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई। जिला पदाधिकारी ने मोदनगंज क्षेत्र में पूर्व से चिन्हित भूमि के संबंध में स्थानीय रैयतों, भू-स्वामियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर बैठक आयोजित करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि औद्योगिक विकास की योजनाएं तभी सफल होंगी, जब स्थानीय लोगों की सहभागिता और विश्वास सुनिश्चित होगा। इसलिए प्रशासन विकास और जनभावनाओं के बीच संतुलन बनाकर आगे बढ़ेगा। बैठक में यह भी रेखांकित किया गया कि औद्योगिक क्षेत्र विकसित होने से जिले में निवेश बढ़ेगा, व्यापारिक गतिविधियों को गति मिलेगी तथा युवाओं को रोजगार के लिए दूसरे शहरों की ओर पलायन नहीं करना पड़ेगा।



# जनता की चौखट पर पहुंचा प्रशासन : 15 पंचायतों और 4 नगर क्षेत्रों में लगे सहयोग शिविर, 518 आवेदन प्राप्त

## सबका सम्मान जीवन आसान अभियान के तहत समस्याओं के समाधान को लेकर जिला प्रशासन सक्रिय





**जहानाबाद (एनएसबी)।** आमजन की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा मंगलवार को जिले के 15 पंचायतों एवं 4 नगर क्षेत्रों में सहयोग शिविरों का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार संचालित ह्यसबका सम्मानझ्जीवन आसानह्व निश्चय कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित इन शिविरों में लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को प्रशासन के समक्ष रखा।

जिला पदाधिकारी श्रीमती अलंकृता पाण्डेय के नेतृत्व में आयोजित इन शिविरों में कुल 518 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 85 मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। शेष 433 आवेदनों को संबंधित विभागों को भेजते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर निष्पादन का निर्देश दिया गया है।

मोदनगंज, जहानाबाद, रतनी-फरीदपुर, मखदुमपुर, काको, घोसी एवं हुलासगंज प्रखंडों की विभिन्न पंचायतों में आयोजित शिविरों में जिला एवं प्रखंड स्तर के अधिकारियों ने स्वयं उपस्थित होकर लोगों की समस्याएं सुनीं। कई मामलों का त्वरित निष्पादन किया गया, जबकि जटिल मामलों को विभागीय स्तर पर कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया।

सबसे अधिक आवेदन जैयतीपुर कुरुआ पंचायत में प्राप्त हुए, जहां जिला पदाधिकारी स्वयं शिविर की अध्यक्षता कर रही थीं। वहीं धरणई पंचायत में प्राप्त 30 आवेदनों में से 26 का निष्पादन कर प्रशासनिक तत्परता का परिचय दिया गया। जिला पदाधिकारी ने सभी शिविर प्रभारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त प्रत्येक आवेदन को सहयोग पोर्टल पर अपलोड कर निर्धारित 30 दिनों के भीतर निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही निष्पादित मामलों की अनुपालन रिपोर्ट भी नियमित रूप से पोर्टल पर दर्ज करने को कहा गया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि सहयोग शिविर आम लोगों की समस्याओं के समाधान का प्रभावी मंच है और सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करना चाहिए। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे इन शिविरों का लाभ उठाकर अपनी समस्याओं का समयबद्ध समाधान प्राप्त करें तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़ें।

## त्वरित निष्पादन एवं योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को


शिविर का निरीक्षण करते प्रभारी मंत्री।

**अरवल (एनएसबी)** जिला अंतर्गत सभी 05 प्रखंडों में 'सहयोग -सह- जन कल्याण शिविर', नगर परिषद अरवल, नगर पंचायत कुर्था एवं जिले के कुल 13 पंचायतों में सहयोग शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह सहयोग शिविर प्रत्येक माह के प्रथम मगलवार एवं तृतीय मंगलवार को पंचायत स्तर पर आयोजित किया जाएगा, जिसका उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित निष्पादन एवं योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। सहयोग शिविर के सफल संचालन एवं सतत अनुश्रवण के क्रम में प्रभारी मंत्री-सह-अध्यक्ष, जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति, दीपक प्रकाश एवं विधायक कुर्था पप्पु कुमार वर्मा द्वारा जिले के करपी प्रखंड एवं करपी पंचायत के उच्च विद्यालय करपी में आयोजित सहयोग - सह-जन कल्याण शिविर एवं सहयोग शिविर का निरीक्षण किया गया। इसी क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा अरवल प्रखंड, नगर परिषद के रसीदपुर वार्ड नं0 02, करपी प्रखण्ड एवं करणी पंचायत के उच्च विद्यालय करपी में आयोजित सहयोग शिविरों का सतत अनुश्रवण किया गया। साथ ही, शिविर में उपलब्ध भौतिक सुविधाओं, विभिन्न विभागों की उपस्थिति एवं प्राप्त आवेदनों के निष्पादन की समीक्षा भी की गई। आयोजित सहयोग शिविरों में प्राप्त आवेदनों एवं उनके निष्पादन की स्थिति निम्नवत रही- अरवल प्रखंड के अबगीला पंचायत में कुल 78 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 58 आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही किया गया। वहीं सोनवर्षा पंचायत में कुल 133 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 50 आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही किया गया। कुर्था प्रखंड के सचई पंचायत में कुल 56 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 22 आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही किया गया। वहीं नदौरा पंचायत में कुल 43 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 29 आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही किया गया। सोनभद्र वंशी सूर्यपुर प्रखंड के सोनभद्र पंचायत में कुल 120 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 76 आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही किया गया। वहीं माली पंचायत में कुल 77 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 23 आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही किया गया। कलेर प्रखंड के इंजोर पंचायत में कुल 73 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 08 आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही किया गया। वलिदाद पंचायत में कुल 82 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 25 आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही किया गया। वहीं उसरी पंचायत में कुल 75 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 13 आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही किया गया। करपी प्रखंड के करपी पंचायत में कुल 62 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 39 आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही किया गया। कोचहासा पंचायत में कुल 36 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 30 आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही किया गया। बम्भई पंचायत में कुल 51 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 13 आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही किया गया। नगवां पंचायत में कुल 79 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 20 आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही किया गया। वहीं नगर परिषद अरवल में कुल 94 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 01 आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही किया गया। साथ ही नगर पंचायत कुथा में कुल 20 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें लंबित आबेदनों की संख्या 20 है। वहीं अरवल प्रखण्ड में कुल 36 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 27 आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही किया गया। कलेर प्रखण्ड में कुल 41 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 33 आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही किया गया। करपी प्रखण्ड में कुल 38 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 19 आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही किया गया। सोनमद्र वशी सूर्यपुर प्रखण्ड में कुल 36 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 28 आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही किया गया। कुर्था प्रखण्ड में कुल 32 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 21 आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देशित किया गया है कि प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ सुलभ रूप से प्राप्त हो सके।

## नगरों की चौपाल बना सहयोग शिविर : 81 शिकायतें पहुंचीं प्रशासन के दरवाजे, 7 मामलों का हुआ त्वरित समाधान




**जहानाबाद (एनएसबी)।** आम नागरिकों की समस्याओं को उनके दरवाजे के निकट सुनने और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंगलवार को जिले के चार नगर क्षेत्रों में सहयोग शिविर आयोजित किए गए। मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार संचालित ह्यसबका सम्मानझ्जीवन आसानह्व निश्चय कार्यक्रम के तहत आयोजित इन शिविरों में नागरिकों ने विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं।

**सबका सम्मानजीवन आसान अभियान के तहत नगर क्षेत्रों में जनसमस्याओं के समाधान को लेकर प्रशासन सक्रिय**

नगर क्षेत्रों में आयोजित शिविरों में कुल 81 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 7 मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। शेष मामलों को संबंधित विभागों को भेजते हुए त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। नगर परिषद जहानाबाद में सबसे अधिक 65 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण, नगर विकास, सामाजिक सुरक्षा, राजस्व एवं भूमि सुधार, स्वास्थ्य, ऊर्जा तथा श्रम विभाग से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रहीं। इससे स्पष्ट है कि शहरी क्षेत्र में नागरिक सुविधाओं और बुनियादी सेवाओं से जुड़े मुद्दे आज भी लोगों की प्राथमिक चिंता बने हुए हैं। नगर पंचायत घोसी में 13 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 6 मामलों का तत्काल निष्पादन किया गया। नगर पंचायत काको में प्राप्त एकमात्र आवेदन का भी मौके पर समाधान कर दिया गया। वहीं नगर परिषद मखदुमपुर में प्राप्त दो आवेदनों को आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को भेजा गया है। जिला पदाधिकारी श्रीमती अलंकृता पाण्डेय ने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि प्राप्त प्रत्येक आवेदन को सहयोग पोर्टल पर अपलोड कर निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही निष्पादित मामलों की अनुपालन रिपोर्ट नियमित रूप से पोर्टल पर दर्ज करने का भी निर्देश दिया गया है। जिला प्रशासन ने नगर क्षेत्रों के नागरिकों से अपील की है कि वे सहयोग शिविरों में अधिकाधिक संख्या में भाग लेकर अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त करें तथा केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। प्रशासन का मानना है कि जनभागीदारी और त्वरित सुनवाई से ही सुशासन की अवधारणा मजबूत होगी।

## जन सहयोग शिविर से आम अवाम को हो रही लगातार फायदा : मंत्री


लोगों की समस्याओं को सुनते प्रभारी मंत्री।

**कुर्था (एनएसबी)।** राज्य सरकार के निर्देश पर सुबे के विभिन्न पंचायत में लगाए जाने वाले जन सहयोग सिविर से बिहार के आम अवाम को काफी फायदे हो रहे है। उनके तमाम प्रकार के मामले ऑन सपोर्ट निष्पादित हो रही है। उक्त बातें मंगलवार को कुर्था प्रखंड के सचई व नदौरा पंचायत में राज्य सरकार के निर्देश पर लगाए गए जन सहयोग शिविर के निरीक्षण के उपरांत बिहार सरकार के पंचायती राज मंत्री सह अरवल जिला प्रभारी मंत्री दीपक प्रकाश ने कही! हालांकि पंचायती राज मंत्री ने कुर्था प्रखंड के नदौरा पंचायत में लगने वाले जन सहयोग शिविर के दौरान महम्मदपुर गांव स्थित नदौरा पंचायत सरकार भवन में पहुंचे जहां शिविर में लगाए गए सभी काउंटरों पर बारी-बारी से निरीक्षण किया तथा आम जनों की समस्याओं को बारीकी से सुनकर उसे त्वरित निष्पादन करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। हालांकि इस दौरान जन सहयोग शिविर में पहुंचे एक फरियादी ने बिहार सरकार के मंत्री से बिजली से संबंधित शिकायत की जिसके बाद प्रभारी मंत्री ने खुद टेलीफोन लगाकर कुर्था विद्युत विभाग के कनिय विद्युत अभियंता सूरज कुमार से बात कर ग्रामीणों की समस्याओं को शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश भी दिया वही नदौरा पंचायत के गोकुलपुर गांव के लोगों ने नाला निर्माण की शिकायत की तो किसी ने सड़क निर्माण की बातें कहीं उन्होंने सभी की समस्याओं को बारी-बारी से सुनकर विभागीय अधिकारियों को इस मामले में त्वरित निष्पादित करने का निर्देश भी दिया। हालांकि पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में बिहार सरकार के पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने कहा कि पंचायत चुनाव नंबर दिसंबर में होने की संभावना है हालांकि परिसीमन को लेकर भी उन्होंने बताया की आबादी के अनुसार परिसीमन तैयार की जा रही है और बहुत जल्द इसको प्रकाशित की जाएगी।

## अस्पतालों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : ओकरी स्वास्थ्य केंद्र में निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित मिले चिकित्सक, कार्रवाई के निर्देश



**जहानाबाद (एनएसबी)।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ और जवाबदेह बनाने की दिशा में जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। मंगलवार को जिला पदाधिकारी श्रीमती अलंकृता पाण्डेय ने मोदनगंज प्रखंड अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, ओकरी का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान ओपीडी व्यवस्था, चिकित्सकीय सेवाएं, दवा उपलब्धता, मानव संसाधन, स्वच्छता एवं आधारभूत सुविधाओं की गहन समीक्षा की गई। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी ने मरीजों से भी संवाद कर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति की जानकारी ली। अस्पताल में उपलब्ध दवाओं, चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की उपस्थिति तथा विभिन्न व्यवस्थाओं की विस्तार से जांच की गई। रोस्टर की जांच के दौरान डॉ. प्रिय रंजन निर्धारित ड्यूटी के अनुसार अनुपस्थित पाए गए। इसे गंभीर प्रशासनिक लापरवाही मानते हुए जिला पदाधिकारी ने सिविल सर्जन को संबंधित चिकित्सक के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगी। सभी चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी निर्धारित रोस्टर के अनुसार उपस्थित रहकर आम जनता को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिया कि चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल कर्मियों का रोस्टर नियमित रूप से अद्यतन कर सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किया जाए, ताकि मरीजों और उनके परिजनों को आवश्यक जानकारी आसानी से प्राप्त हो सके। अस्पताल परिसर की स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा करते हुए जिला पदाधिकारी ने नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही परिसर में स्थित निमार्णाधीन संरचना को तत्काल सुरक्षित ढंग से ढकने एवं व्यवस्थित करने को कहा, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना की संभावना न रहे।

**जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय ने स्वास्थ्य सेवाओं की परखी हकीकत, मरीजों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने पर दिया जोर**